संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक

# न्यूज स्केल

आपकी बात, खबर आपकी

**सुविचार**

**कठिनाइयाँ जीवन का हिस्सा हैं, लेकिन हार मान लेना विकल्प नहीं होना चाहिए।**



**10 अप्रैल : जब 'टाइटैनिक' ने भरी थी पहली और आखिरी उड़ान, इतिहास बना त्रासदी की पहचान**

पूर्णिया , शुक्रवार 10 अप्रैल 2026 email : newsscalepurnea@gmail.com डिजिटल संस्करण RNI NO. JHAHIN/2015/74242 वर्ष 02, अंक 362

## प्रधानमंत्री ने कहा कि बंगाल में उद्योगों का पतन हुआ है और युवाओं को रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ रहा है।

# बंगाल में सत्ता परिवर्तन अब तय हो चुका है : नरेन्द्र मोदी



**01 :** कानून-व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए उन्होंने आरजी कर मेडिकल कॉलेज और संदेशखाली घटनाओं का उल्लेख किया।

**02 :** उन्होंने मतदाताओं से अपील की कि 23 अप्रैल को विकास, सुरक्षा और स्थिरता के लिए भारतीय जनता पार्टी को समर्थन दें

**आसनसोल,** (हि.स.) आसनसोल में आयोजित चुनावी जनसभा को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने पश्चिम बंगाल में परिवर्तन की लहर का दावा किया। उन्होंने कहा कि पश्चिम बर्धमान की जनता का उत्साह और भारी जनसैलाब इस बात का संकेत है कि राज्य अब बदलाव चाहता है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह परिवर्तन अब "पत्थर की लकीर" बन चुका है और आगामी चुनाव बंगाल के भविष्य की दिशा तय करेगा। टीएमसी पर भ्रष्टाचार और 'गुंडाराज' के आरोप प्रधानमंत्री ने राज्य की सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस पर तीखा हमला करते हुए आरोप लगाया कि उसके शासन में संसाधनों और अवसरों पर "गुंडों का कब्जा" हो गया है। उन्होंने कहा कि राज्य की संपत्ति, जो विकास में लगनी चाहिए थी, उसकी खुलेआम लूट हो रही है। मोदी ने दावा किया कि टीएमसी सरकार बंगाल को आगे ले जाने के बजाय पीछे धकेल रही है और जनता इससे त्रस्त है। **औद्योगिक पतन और रोजगार संकट का मुद्दा:** प्रधानमंत्री ने आसनसोल-दुर्गापुर क्षेत्र के औद्योगिक महत्व का उल्लेख करते हुए कहा कि यह कभी देश के प्रमुख औद्योगिक केंद्रों में से एक था, लेकिन आज उद्योगों का पलायन हो रहा है। उन्होंने कहा कि पहले यहां साइकिल, रेल, स्टील, एल्युमिनियम और कांच जैसे उद्योगों की लंबी श्रृंखला थी, परंतु अब युवाओं को रोजगार के लिए बाहर जाना पड़ रहा है। उन्होंने इसके लिए पिछली सरकारों और भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस सहित वामपंथी दलों और टीएमसी को जिम्मेदार ठहराया। **कानून-व्यवस्था, घुसपैठ और चुनावी अपील:** मोदी ने कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर भी राज्य सरकार को घेरा और आरजी कर मेडिकल कॉलेज तथा संदेशखाली की घटनाओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि इससे महिलाओं की सुरक्षा पर सवाल उठते हैं। साथ ही, उन्होंने घुसपैठ और जनसांख्यिकीय बदलाव को बंगाल के लिए गंभीर चुनौती बताया। अंत में उन्होंने मतदाताओं से अपील करते हुए कहा कि 23 अप्रैल का मतदान राज्य के भविष्य के लिए निर्णायक होगा और जनता सुरक्षा, विकास व स्थिरता के लिए वोट करे। उन्होंने भरोसा जताया कि भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में राज्य विकास के नए युग में प्रवेश करेगा।

### स्पेन ने लेबनान पर इजराइली हमलों की निंदा की, तेहरान में फिर से दूतावास खोलने की घोषणा



**तेहरान, ,** (हि.स.) तेहरान में स्पेन के विदेश मंत्री जोस मैनुअल अल्बारेस ने इजराइल द्वारा लेबनान पर किए गए हवाई हमलों की कड़ी आलोचना करते हुए इन्हें अंतरराष्ट्रीय कानून और हालिया संघर्ष विराम का उल्लंघन बताया। उन्होंने कहा कि पश्चिम एशिया में तनाव कम करने और शांति स्थापित करने के लिए कूटनीतिक प्रयासों को तेज करना जरूरी है। इसी दिशा में स्पेन ने एक महत्वपूर्ण निर्णय लेते हुए तेहरान में अपना दूतावास फिर से खोलने की घोषणा की है। विदेश मंत्री ने अपने राजदूत को वापस लौटकर कार्यभार संभालने के निर्देश दिए और कहा कि स्पेन हर संभव माध्यम से शांति प्रयासों में योगदान देगा। स्पेन लंबे समय से इस क्षेत्र में सैन्य कार्रवाइयों की आलोचना करता रहा है और कूटनीति के जरिए समाधान पर जोर देता है। यह कदम क्षेत्रीय स्थिरता और संवाद को बढ़ावा देने की दिशा में एक अहम पहल माना जा रहा है।

## ममता का पीएम पर निशाना - आप मांस मछली नहीं खाने देते, हम गो मांस ओमान निर्यात करते हैं

**01 :** ममता बनर्जी ने कहा कि पश्चिम बंगाल में मछली, मांस और अंडे की पर्याप्त उपलब्धता है।

**02 :** मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री पर गलत सूचना के आधार पर बयान देने का आरोप लगाया।



**कोलकाता,** (हि.स.) पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मछली उत्पादन संबंधी बयान पर कड़ा पलटवार किया। उन्होंने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री को राज्य की वास्तविक स्थिति की गलत जानकारी दी गई है और तथ्यों को तोड़-मरोड़कर पेश किया जा रहा है। **मछली उत्पादन और खाद्य स्वतंत्रता पर बयान:** उत्तर 24 परगना जिले के अगरपाड़ा में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पश्चिम बंगाल में मछली, मांस और अंडे की पर्याप्त उपलब्धता है। उन्होंने दावा किया कि राज्य में लोग अपनी पसंद का भोजन स्वतंत्र रूप से करते हैं, जबकि बिहार, उत्तर प्रदेश और राजस्थान को लेकर उन्होंने अलग-अलग आरोप लगाए। **राजनीतिक आरोप-प्रत्यारोप** मुख्यमंत्री ने भाजपा पर आरोप लगाते हुए कहा कि कुछ राज्यों में मांसाहारी भोजन को लेकर प्रतिबंध जैसी स्थिति बनाई जाती है और दुकानों पर कार्रवाई होती है। साथ ही उन्होंने केंद्र सरकार पर भी निशाना साधते हुए कहा कि उन्हें गलत सूचनाओं के आधार पर बयान दिए जा रहे हैं।

**चुनाव और मतदाता सूची विवाद:** ममता बनर्जी ने मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण (एसआईआर) का मुद्दा उठाते हुए दावा किया कि लाखों नाम हटाए गए हैं। उन्होंने इसे लोकतंत्र के लिए चुनौती बताते हुए कानूनी लड़ाई लड़ने की बात कही और आगामी विधानसभा चुनाव में जीत का भरोसा जताया।

## असम विधानसभा चुनाव में रिकॉर्ड 85.64 प्रतिशत मतदान



**चुनाव आयोग के अनुसार कुल 85.64 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2021 के 82.42 प्रतिशत से अधिक है।**

**गुवाहाटी,** (हि.स.) , असम में विधानसभा चुनाव 2026 के दौरान 126 चुनाव क्षेत्रों में रिकॉर्ड मतदान दर्ज किया गया। चुनाव आयोग के रात 9:40 बजे तक के आंकड़ों के अनुसार कुल 85.64 प्रतिशत मतदान हुआ, जो 2021 के 82.42 प्रतिशत से अधिक है। सुबह 7 बजे से शुरू हुए मतदान में दिनभर लगातार वृद्धि देखी गई। **समयवार मतदान में तेज़ बढ़ोतरी:** सुबह 9 बजे तक 17.87 प्रतिशत, 11 बजे तक 38.92 प्रतिशत, दोपहर 1 बजे तक 59.63 प्रतिशत, शाम 3 बजे तक 75.91 प्रतिशत और 5 बजे तक 84.42 प्रतिशत मतदान दर्ज हुआ। इससे स्पष्ट है कि अंतिम घंटों में मतदाताओं की भागीदारी बढ़ी, जिससे कुल मतदान प्रतिशत रिकॉर्ड स्तर पर पहुंच गया। **जिलों में अलग-अलग मतदान रुझान:** दक्षिण सलमारा मनकाचर जिला सहित बरपेटा, बंगाईगांव, धुबड़ी और ग्वालपाड़ा जैसे जिलों में 90 प्रतिशत से अधिक मतदान हुआ, जबकि पश्चिम कार्बी आंगलोंग में सबसे कम 75.25 प्रतिशत मतदान दर्ज किया गया। कई जिलों में 80 प्रतिशत से कम मतदान भी देखा गया, जिससे क्षेत्रीय विविधता स्पष्ट होती है।

## बिहार के बक्सर में प्रधानमंत्री पर हमले की साजिशश का पर्दाफ़ाश; मुख्य आरोपित गिरफ्तार , दो अन्य हिरासत में



**बक्सर** (हि.स.) बक्सर जिले के सिमरी थाना क्षेत्र में गुप्त सूचना के आधार पर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए प्रधानमंत्री पर हमले की साजिश के आरोप में एक युवक को गिरफ्तार किया है, जबकि दो अन्य संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। पुलिस ने बुधवार देर रात छापेमारी कर आरोपी को उसके घर से पकड़ा। **आरोपी की पहचान और बरामदगी:** पुलिस अधीक्षक के अनुसार गिरफ्तार युवक की पहचान आशा पड़री गांव निवासी अमन तिवारी के रूप में हुई है। तलाशी के दौरान उसके पास से लैपटॉप सहित कई इलेक्ट्रॉनिक उपकरण बरामद किए गए हैं, जिन्हें जांच के लिए जब्त कर लिया गया है। पूछताछ में कई महत्वपूर्ण जानकारियां सामने आने की बात कही जा रही है। **पूछताछ जारी, अन्य पहलुओं की जांच:** पुलिस का कहना है कि आरोपी ने कथित रूप से साजिश को अंजाम देने के लिए समय और मोटी रकम की मांग की थी। उसकी निशानदेही पर दो अन्य संदिग्धों को भी हिरासत में लिया गया है। फिलहाल सभी से गहन पूछताछ जारी है और मामले की विस्तृत जांच की जा रही है।

## देश में एलपीजी की सप्लाई बाधित नहीं, एक दिन में आपूर्ति हुए 51 लाख से ज्यादा सिलेंडर : सुजाता शर्मा



**नई दिल्ली,** (हि.स.) नई दिल्ली में गुरुवार को आयोजित अंतर-मंत्रालयी प्रेसवार्ता में सरकार ने स्पष्ट किया कि पश्चिम एशिया संकट के बावजूद देश में एलपीजी की आपूर्ति पूरी तरह स्थिर बनी हुई है। पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्रालय की संयुक्त सचिव सुजाता शर्मा ने बताया कि घरेलू उपभोक्ताओं को प्राथमिकता देते हुए घरों के लिए 100 प्रतिशत सप्लाई सुनिश्चित की गई है, जबकि बुधवार को 51 लाख से अधिक सिलेंडर वितरित किए गए। उन्होंने कहा कि कमर्शियल एलपीजी की सप्लाई लगभग 70 प्रतिशत तक बहाल हो चुकी है और ऑनलाइन बुकिंग व ओटीपी आधारित डिलीवरी भी उच्च स्तर पर पहुंच गई है। सरकार के अनुसार एलपीजी की लगभग 60 प्रतिशत जरूरत आयात पर निर्भर है, लेकिन इसके बावजूद आपूर्ति व्यवस्था को सुचारु बनाए रखने के लिए विशेष प्रबंधन किया जा रहा है। वहीं पत्तन, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय ने बताया कि बंदरगाह संचालन सामान्य है और समुद्री मार्गों से जुड़े सभी संचालन सुरक्षित और सुचारु रूप से जारी हैं।

## फारबिसगंज में पार्किंग विवाद से डबल मर्डर, सड़क जाम-आगजनी से तनाव; डॉक्टर हड़ताल पर



**अररिया ,** (हि.स.) बिहार के अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र में पार्किंग विवाद ने सोमवार को हिंसक रूप ले लिया, जिसमें दो लोगों की मौत हो गई और पूरे इलाके में तनाव फैल गया। कृषि उत्पादन बाजार समिति (विघटित) गेट संख्या दो के पास ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद में ठेला दुकानदार ने पिकअप चालक की गला रेतकर हत्या कर दी, जिसके बाद गुस्साई भीड़ ने आरोपी को पुलिस हिरासत से छीनकर पीट-पीटकर मार डाला। घटना के विरोध में स्थानीय लोगों ने सड़क जाम कर आगजनी और तोड़फोड़ करते हुए जमकर प्रदर्शन किया। इस दौरान अनुमंडलीय अस्पताल और एम्बुलेंस में भी नुकसान पहुंचाया गया, जबकि डॉक्टरों ने हड़ताल का ऐलान कर दिया, जिससे स्थिति और गंभीर हो गई। **( पेज 7 )**

## होर्मुज जलडमरूमध्य पर बढ़ा वैश्विक दबाव, यूएई और ईयू ने ईरान से रास्ता खोलने की मांग की



**अबू धाबी/ब्रसेल्स,** (हि.स.) पश्चिम एशिया में तनाव के बीच होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर अंतरराष्ट्रीय स्तर पर दबाव बढ़ रहा है। संयुक्त अरब अमीरात और यूरोपीय संघ ने ईरान से इस महत्वपूर्ण समुद्री मार्ग को बिना किसी शर्त के खोलने की अपील की है। यूएई के तेल प्रमुख ने कहा कि यह मार्ग वैश्विक व्यापार और ऊर्जा आपूर्ति के लिए अत्यंत आवश्यक है और इसका उपयोग राजनीतिक दबाव के साधन के रूप में नहीं होना चाहिए। वहीं यूरोपीय संघ ने अंतरराष्ट्रीय कानून के तहत सभी देशों के जहाजों को निर्बाध आवाजाही का अधिकार देने की बात कही है। वर्तमान स्थिति में इस मार्ग से जहाजों की आवाजाही काफी सीमित हो गई है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति प्रभावित होने की आशंका बढ़ गई है। यदि स्थिति जल्द सामान्य नहीं हुई, तो अंतरराष्ट्रीय बाजारों में ऊर्जा कीमतों में वृद्धि और आपूर्ति संकट की स्थिति उत्पन्न हो सकती है।

## बिहार के सरकारी स्कूल में अवैध शराब पाए जाने के मामले में एनएचआरसी ने लिया संज्ञान

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने बिहार के बेगुसराय जिला स्थित सिस्वा क्षेत्र में एक सरकारी स्कूल में बड़ी मात्रा में रखी शराब को शीतल पेय समझकर एक छात्र के सेवन करने की घटना का स्वतः संज्ञान लिया है। आयोग ने गुरुवार को राज्य के मुख्य सचिव और पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) को नोटिस जारी कर दो सप्ताह के भीतर इस मामले पर विस्तृत रिपोर्ट मांगी है।

आयोग के मुताबिक, 08 अप्रैल 2026 को प्रकाशित मीडिया रिपोर्ट के अनुसार 6 अप्रैल 2026 को इस क्षेत्र में स्थित एक स्कूल के जर्जर शौचालय में बोतलों में भरी हुई अवैध शराब को शीतल पेय समझकर चौथी कक्षा के एक छात्र ने गलती से पी ली। छात्र नशे की हालत में घर लौटा। छात्र के परिवार ने घटना की सूचना स्कूल अधिकारियों को दी और मामला पुलिस के संज्ञान में लाया गया। खबरों के अनुसार, पुलिस ने शौचालय से लगभग 204 लीटर अवैध शराब से भरे कुल 23 कार्टन जब्त किए हैं।

उल्लेखनीय है कि यह घटना 05 अप्रैल 2016 से लागू शराब के निर्माण, बिक्री और सेवन पर प्रतिबंध के बीच घटी है, जब बिहार को शुष्क राज्य घोषित किया गया था।

आयोग ने रिपोर्ट में बच्चे की स्वास्थ्य स्थिति और जांच संबंधी जानकारी शामिल करने का आग्रह किया है।

## कोडीन सिरप तस्करी का मास्टरमाइंड फरार शुभम जायसवाल के विरुद्ध रेड कार्नर नोटिस जारी, गिरफ्तारी के बाद दुबई से भारत लाया जाएगा




**वाराणसी,** (हि. स.)। उत्तर प्रदेश के जनपद वाराणसी के रोहनिया थाने में बड़ी मात्रा में बरामद कोडीन कफ सीरप के मुकदमे में भी आरोपित और कोडीन सिरप तस्करी के मास्टरमाइंड शुभम जायसवाल के विरुद्ध गुरुवार को इण्टरपोल ने रेड कार्नर नोटिस जारी कर दिया है। एडीसीपी नीतू ने गुरुवार को पत्रकारों को बताया कि कोडीन सिरप तस्करी मामले में मुख्य आरोपित शुभम जायसवाल निवासी कायस्थ टोला प्रहलाद घाट, जो वर्तमान समय में दुबई फरार है। शुभम रोहनिया थाने में दर्ज मुकदमे में आरोपित है। शुभम जायसवाल की गिरफ्तारी के लिए इन्टरपोल को रेड कार्नर नोटिस जारी करने के आवेदन दिया गया था। अब सीबीआई के सहयोग से इण्टरपोल से रेड कार्नर नोटिस जारी कर दिया गया है। उन्होंने बताया कि रेड कार्नर नोटिस जारी होने के बाद शुभम जायसवाल को सम्बन्धित देश की पुलिस गिरफ्तार कर सकेगी। इसके बाद शुभम जायसवाल के भारत प्रत्यर्पण की कार्यवाही होगी। शुभम जायसवाल को दुबई से लाकर यहां संबंधित कोर्ट में पेश किया जाएगा।

# बिहार विधान परिषद उपचुनाव का शेड्यूल जारी, 12 मई को मतदान और 14 मई को मतगणना



पटना, (हि.स.)बिहार विधान परिषद की भोजपुर-सह-बक्सर विधान परिषद स्थानीय प्राधिकरण निर्वाचन क्षेत्र की सीट 16 नवंबर 2025 को खाली हुई थी। इस सीट से विधान परिषद सदस्य रहे राधाचरण सेठ ने इस्तीफा दे दिया था। वे जनता दल (यूनाइटेड) के नेता थे। उनके इस्तीफे के बाद से यह सीट रिक्त चल रही थी, जिसके चलते अब उपचुनाव की प्रक्रिया शुरू की जा रही है।

**निर्वाचन आयोग का कार्यक्रम** भारत निर्वाचन आयोग की ओर से जारी कार्यक्रम के अनुसार 16 अप्रैल को इस सीट के लिए उपचुनाव की अधिसूचना जारी होगी। इसके बाद 23 अप्रैल को नामांकन की अंतिम तिथि निर्धारित की गई है। 24 अप्रैल तक नामांकन पत्रों की जांच होगी, जबकि 27 अप्रैल तक उम्मीदवार अपना नाम वापस ले सकेंगे। पूरी चुनावी प्रक्रिया तय समयसीमा के अनुसार संपन्न कराई जाएगी।

**आचार संहिता और कार्यकाल की स्थिति**: आदर्श आचार संहिता 9 अप्रैल से ही भोजपुर-सह-बक्सर विधान परिषद क्षेत्र में लागू हो जाएगी। यह सीट बिहार विधान परिषद की स्थानीय प्राधिकरण श्रेणी की है। इस सीट का कार्यकाल 7 अप्रैल 2028 तक निर्धारित है, यानी जो भी उम्मीदवार निर्वाचित होगा, वह लगभग 26 महीनों के लिए सदस्य रहेगा। चूंकि यह सीट जदयू के कोटे में मानी जाती है, इसलिए पार्टी इस उपचुनाव में अपना उम्मीदवार उतार सकती है।

**मतदान और मतगणना की तिथि**: उपचुनाव के तहत मतदान 12 मई को कराया जाएगा। इसके बाद 14 मई को मतगणना होगी और परिणाम घोषित किए जाएंगे। इस चुनाव को लेकर प्रशासनिक स्तर पर तैयारियां तेज होने की संभावना है, ताकि मतदान प्रक्रिया शांतिपूर्ण और निष्पक्ष तरीके से संपन्न हो सके।

# दिल्ली में नई पारी की शुरुआत, नीतीश कुमार ने संकेतों में बताई बिहार की अगली राजनीतिक दिशा



पटना, (हि.स.)बिहार के मुख्यमंत्री रहे नीतीश कुमार अब राज्यसभा सदस्य के रूप में अपनी नई राजनीतिक पारी शुरू करने जा रहे हैं। 10 अप्रैल को वे दिल्ली में शपथ लेंगे। दिल्ली रवाना होने के दौरान उन्होंने मीडिया से बातचीत में संकेत दिया कि अब वे केंद्र की राजनीति में सक्रिय रहेंगे और बिहार में नए नेतृत्व को अवसर मिलेगा। उनके इस बयान को राज्य की सत्ता में संभावित बदलाव के संकेत के रूप में देखा जा रहा है।

**एनडीए सरकार के नए स्वरूप पर चर्चा**: दिल्ली में शपथ ग्रहण के बाद नीतीश कुमार की मुलाकात प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और गृह मंत्री अमित शाह से प्रस्तावित है। इन बैठकों में बिहार में नई एनडीए सरकार के गठन, मंत्रिमंडल के स्वरूप और संभावित चेहरों को लेकर चर्चा होने की संभावना है। यह मुलाकात राज्य की राजनीतिक दिशा तय करने में अहम मानी जा रही है।

**अन्य नेताओं की शपथ और भविष्य की भूमिका**: बिहार से निर्वाचित अन्य नेताओं जैसे नितिन नवीन, रामनाथ ठाकुर, उपेंद्र कुशवाहा और शिवेश कुमार खरमास के बाद शपथ लेंगे। माना जा रहा है कि 16 अप्रैल के आसपास इनकी शपथ हो सकती है। इसके साथ ही बिहार की राजनीति में नए समीकरण और नेतृत्व की संभावनाएं तेजी से उभर रही हैं, जिस पर सभी दलों की नजर बनी हुई है।

**पटना से दिल्ली तक राजनीतिक हलचल**; पटना एयरपोर्ट पर जदयू के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष संजय झा ने बताया कि शपथ ग्रहण समारोह 10 अप्रैल को दोपहर सवा 12 बजे निर्धारित है। इस मौके पर जदयू के कई वरिष्ठ नेता दिल्ली में मौजूद रहेंगे। ललन सिंह भी पहले से ही दिल्ली में सक्रिय हैं और पार्टी स्तर पर महत्वपूर्ण बैठकें चल रही हैं। पार्टी के भीतर आगामी रणनीति और संगठनात्मक ढांचे को लेकर मंथन जारी है।

# बेतिया राज संपत्तियों पर बिहार सरकार का बड़ा फैसला! 1986 कट-ऑफ लागू, 40 साल से कम कब्जे वाले भवन होंगे जब्त



पटना, (हि.स.) बिहार सरकार के राजस्व एवं भूमि सुधार विभाग ने ऐतिहासिक बेतिया राज की संपत्तियों के प्रबंधन को लेकर बड़ा कदम उठाया है। सरकार ने बेतिया राज की संपत्तियों को निहित करने वाली नियमावली, 2026 का प्रारूप तैयार कर लिया है। इसके तहत अब इन संपत्तियों को व्यवस्थित तरीके से सरकारी नियंत्रण में लाया जाएगा और जनहित में उपयोग सुनिश्चित किया जाएगा।

उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने कहा कि राज्य के भीतर और बाहर स्थित बेतिया राज की सभी चल-अचल संपत्तियों को विधिसम्मत प्रक्रिया के जरिए सरकार के अधीन लाया जाएगा, ताकि भू-माफियाओं के कब्जे से इन्हें मुक्त कर पारदर्शी प्रबंधन किया जा सके। यह नियमावली लागू होने के बाद बिहार में जमीन विवाद और अवैध कब्जे पर बड़ी कार्रवाई की उम्मीद जताई जा रही है।

**60 दिन में आपत्ति, 90 दिन में निपटारा**: अधिसूचना जारी होने के बाद संपत्तियों की सूची सार्वजनिक की जाएगी और संबंधित पक्षों को 60 दिनों के भीतर आपत्ति दर्ज करने का मौका मिलेगा। जिला स्तर पर नामित अधिकारी, जिन्हें सिविल कोर्ट जैसी शक्तियां होंगी, अधिकतम 90 दिनों में मामलों का निपटारा करेंगे।

**1986 कट-ऑफ: पुराने को राहत, नए पर सख्ती**: सरकार ने 01 जनवरी 1986 को कट-ऑफ तिथि तय किया है। 40 साल से अधिक कब्जे वाले वैध अधिभोगियों को राहत देते हुए स्वामित्व का अवसर मिलेगा। 1986 के बाद कब्जा करने वालों के भवन जब्त (कंफिस्केट) किए जाएंगे और उनके खिलाफ कानूनी कार्रवाई होगी। बिना दस्तावेज वाले मामलों में बिहार लोक भूमि अतिक्रमण अधिनियम, 1956 के तहत बेदखली की जाएगी।

**विरासत संपत्तियों का संरक्षण**: सरकार ने स्पष्ट किया है कि ऐतिहासिक और सांस्कृतिक महत्व की संपत्तियों का संरक्षण प्राथमिकता होगी। इसके लिए विशेषज्ञों और पुरातात्विक संस्थानों की मदद ली जाएगी।

**जनहित में होगा उपयोग**: सरकार का दावा है कि इस नियमावली से पारदर्शिता बढ़ेगी, भू-माफियाओं पर लगाम लगेगी और राज्य की बहुमूल्य संपत्तियों का उपयोग विकास कार्यों में किया जा सकेगा।

**पारदर्शी प्रक्रिया और सख्त नियम:**
नई नियमावली अधिनियम 2024 के तहत तैयार की गई है। इसमें आपत्तियों के निपटान, कब्जा लेने, संपत्ति वर्गीकरण, अपील और पुनरीक्षण तक की पूरी प्रक्रिया तय की गई है। इससे जुड़े मामलों में कानूनी स्पष्टता और पारदर्शिता सुनिश्चित होगी।

**समाहर्ता लेंगे कब्जा, होगा वर्गीकरण:**
यदि कोई आपत्ति नहीं आती या खारिज हो जाती है तो समाहर्ता संपत्तियों पर कब्जा लेंगे। इसके बाद संपत्तियों को चार श्रेणियों ऐतिहासिक/विरासत संपत्तियां, सरकारी कब्जे वाली, वैध पट्टाधारकों के कब्जे वाली व बिना दस्तावेज के कब्जे में बांटा जाएगा

**जिलावार बेतिया राज की जमीन (एकड़ में)**
- पश्चिम चम्पारण : 16671.91
- पूर्वी चम्पारण : 7640.91
- सारण : 109.96
- सिवान : 7.29
- गोपालगंज : 35.58
- पटना : 11.49

कुल भूमि: 24,477.14 एकड़

## नगर निकायों के सशक्त स्थायी समिति निर्वाचन की तैयारियों की समीक्षा



पटना, (हि.स.) जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका)-सह-जिलाधिकारी, पटना द्वारा नगर निकायों में सशक्त स्थायी समितियों के निर्वाचन की तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया से जुड़े सभी पहलुओं पर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। जिलाधिकारी ने स्पष्ट किया कि निर्धारित गाइडलाइन के अनुरूप सभी तैयारियां समयबद्ध और त्रुटिरहित ढंग से पूरी की जाएं, ताकि निर्वाचन को सफलतापूर्वक संपन्न कराया जा सके। उन्होंने पारदर्शिता बनाए रखने, सभी आवश्यक प्रपत्रों की उपलब्धता सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन से जुड़े कर्मियों को उनके दायित्वों के प्रति सजग रहने का निर्देश दिया। साथ ही, विधि-व्यवस्था और समन्वय बनाए रखने पर विशेष जोर दिया गया, जिससे निर्वाचन प्रक्रिया शांतिपूर्ण और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

# 8वें पोषण पखवाड़ा को लेकर समन्वय बैठक आयोजित





पटना, (हि.स.)श्रीमती बन्दना प्रेयषी, सचिव, समाज कल्याण विभाग की अध्यक्षता में 8वें पोषण पखवाड़ा (9 से 23 अप्रैल 2026) के सफल आयोजन को लेकर समन्वय बैठक आयोजित की गई। बैठक में विभिन्न संबंधित विभागों के नोडल पदाधिकारी एवं डेवलपमेंट पार्टनर्स की सक्रिय भागीदारी रही। इस दौरान पोषण पखवाड़ा के उद्देश्यों को प्रभावी ढंग से लागू करने तथा आपसी समन्वय को मजबूत बनाने पर चर्चा की गई।

**कुपोषण उन्मूलन पर विशेष जोर**: बैठक में कुपोषण उन्मूलन को प्राथमिकता देते हुए इसे जन-जागरूकता अभियान से जोड़ने पर बल दिया गया। अधिकारियों ने कहा कि समाज के सभी वर्गों तक पोषण संबंधी सही जानकारी पहुंचाना आवश्यक है, ताकि बच्चों और महिलाओं में कुपोषण की समस्या को जड़ से समाप्त किया जा सके। इसके लिए सामुदायिक स्तर पर व्यापक अभियान चलाने की आवश्यकता बताई गई।

**प्रारंभिक 6 वर्षों के विकास पर फोकस**: बैठक में जीवन के पहले 6 वर्षों को मस्तिष्क विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण बताया गया। इस अवधि में संतुलित आहार, नियमित स्वास्थ्य जांच और सही देखभाल को अनिवार्य बताया गया। अधिकारियों ने कहा कि इस आयु वर्ग में उचित पोषण से बच्चों का शारीरिक और मानसिक विकास बेहतर होता है, जिससे उनका भविष्य सशक्त बनता है।

**खेल आधारित शिक्षा और स्क्रीन टाइम में कमी**: बैठक में खेल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने तथा बच्चों के स्क्रीन टाइम को सीमित करने पर भी जोर दिया गया। साथ ही अभिभावकों की सक्रिय भूमिका को महत्वपूर्ण बताते हुए उन्हें बच्चों के समग्र विकास में सहभागी बनने का आह्वान किया गया। सभी विभागों से समन्वय स्थापित कर पोषण पखवाड़ा को प्रभावी एवं जन-उपयोगी बनाने की अपील की गई।

# 10 रुपये के किराये को लेकर खूनी खेल, चालक-कंडक्टर पर हमला



पटना, (हि.स.)नालंदा जिले में मामूली 10 रुपये के किराये के विवाद ने हिंसक रूप ले लिया। भागन बीघा ओपी क्षेत्र के मोड़ा पिचासा मोड़ के पास एक युवक द्वारा किराया कम देने की जिद के बाद विवाद शुरू हुआ। कंडक्टर ने नियमानुसार किराया मांगते हुए उसे बस में बैठने से इनकार किया, जिसके बाद मामला तूल पकड़ गया और युवक ने अपने साथियों को बुला लिया।

**बस को घेरकर किया हमला** जैसे ही बस मालती मुस्तफापुर पहुंची, पहले से मौजूद हथियारबंद बदमाशों ने बस को घेर लिया। बस रुकते ही वे अंदर घुस गए और कंडक्टर अरविंद कुमार पर हमला बोल दिया। उसे बस से घसीटकर बाहर निकाला गया और सड़क पर बेरहमी से पीटा गया। चालक ने बचाव करने की कोशिश की, लेकिन उसे भी गंभीर चोटें आईं।

**लूटपाट और मारपीट**: हमलावरों ने मारपीट के दौरान बस से दिनभर का लगभग 20 से 25 हजार रुपये का कलेक्शन लूट लिया। इसके अलावा चालक और कंडक्टर के गले से सोने की चेन और लॉकेट भी छीन लिए गए। घटना के बाद बदमाश मौके से फरार हो गए।

**यात्री दहशत में, CCTV में कैद वारदात**: घटना के समय बस में सवार यात्री भयभीत हो गए और सीटों के पीछे छिपकर अपनी जान बचाने की कोशिश करने लगे। पूरी वारदात बस में लगे सीसीटीवी कैमरे में रिकॉर्ड हो गई, जिसमें हमलावरों की बर्बरता साफ दिखाई दे रही है।

# पटना में अतिक्रमण के खिलाफ मल्टी-एजेंसी अभियान तेज, 1.09 लाख से अधिक जुर्माना वसूला



पटना, (हि.स.) जिलाधिकारी, पटना के निदेश पर पटना के विभिन्न शहरी क्षेत्रों में नियमित रूप से मल्टी-एजेंसी अतिक्रमण-उन्मूलन विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान का उद्देश्य सार्वजनिक स्थलों, सड़कों और फुटपाथों को अतिक्रमण मुक्त कर यातायात व्यवस्था को सुचारु बनाना तथा आम नागरिकों को राहत प्रदान करना है।

इसी क्रम में आज चलाए गए अभियान के दौरान अतिक्रमणकारियों से कुल ₹1,09,140/- का जुर्माना वसूला गया। अभियान के दौरान संबंधित टीमों ने कई स्थानों पर अवैध रूप से किए गए अतिक्रमण को हटवाया और मौके पर ही कार्रवाई सुनिश्चित की। प्रशासनिक अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि इस प्रकार के अभियान आगे भी निरंतर जारी रहेंगे, ताकि शहर में व्यवस्था बनी रहे और आमजन को आवागमन में किसी प्रकार की असुविधा न हो।

अधिकारियों को निर्देश दिया गया है कि वे प्रभावी ढंग से एंटी-इंक्रोचमेंट ड्राइव संचालित करें तथा आदतन अतिक्रमणकारियों को चिन्हित कर उनके विरुद्ध अनिवार्य रूप से प्राथमिकी दर्ज करें। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी और किसी भी प्रकार की ढिलाई बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

# पटना में एलपीजी आपूर्ति व पीएनजी प्रगति की समीक्षा, कालाबाजारी पर सख्त कार्रवाई के निर्देश





पटना, (हि.स.)

**01: जिले में एलपीजी आपूर्ति सामान्य है; 136 गैस एजेंसियां कार्यरत हैं और कुल 16,65,360 उपभोक्ता जुड़े हैं।**

--------------

**02 : अब तक 13,95,479 बुकिंग हो चुकी हैं; प्रतिदिन औसतन 25–30 हजार बुकिंग और 30–35 हजार सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है।**

--------------

जिला पदाधिकारी, पटना द्वारा सायंकाल एलपीजी आपूर्ति, वितरण एवं पीएनजी कनेक्शन की प्रगति की गहन समीक्षा की गई। इस दौरान संबंधित पदाधिकारियों को उपभोक्ताओं की सुविधा को प्राथमिकता देने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि एलपीजी की सुचारू एवं पारदर्शी आपूर्ति सुनिश्चित की जाए तथा होम डिलीवरी व्यवस्था को और अधिक सुदृढ़ बनाया जाए। साथ ही, गैस एजेंसियों के प्रतिनिधियों को जिम्मेदारी के साथ त्वरित और प्रभावी ढंग से कार्य करने को कहा गया।

**आपूर्ति व्यवस्था सामान्य, उपभोक्ताओं को राहत**: बैठक में बताया गया कि जिले में एलपीजी आपूर्ति पूरी तरह सामान्य है और किसी प्रकार की कमी नहीं है। वर्तमान में जिले में 136 गैस एजेंसियां हैं तथा कुल 16,65,360 उपभोक्ता पंजीकृत हैं। अब तक 13,95,479 बुकिंग हो चुकी है। प्रतिदिन औसतन 25 से 30 हजार बुकिंग और 30 से 35 हजार सिलेंडरों का वितरण किया जा रहा है। अधिकारियों ने लोगों से पैनिक बुकिंग न करने और भीड़ से बचने की अपील की।

**पीएनजी विस्तार एवं जनसंपर्क पर जोर**: जिलाधिकारी ने मिशन मोड में पीएनजी सुविधा उपलब्ध कराने का निर्देश दिया। साथ ही व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को गैस आपूर्ति, आवश्यक सेवाओं की निर्बाध उपलब्धता तथा प्रवासी श्रमिकों के हितों के संरक्षण पर बल दिया गया। उन्होंने सभी स्टेकहोल्डर्स के साथ सतत संवाद बनाए रखने और सरकार के निर्देशों का पूर्ण अनुपालन सुनिश्चित करने को कहा। उपभोक्ताओं से अपील की गई कि वे केवल आधिकारिक सूचनाओं पर विश्वास करें और किसी भी समस्या के लिए 24x7 जिला एलपीजी हेल्पलाइन 0612-2219810 पर संपर्क करें।

**कालाबाजारी एवं अवैध गतिविधियों पर सख्ती**: जिलाधिकारी ने कालाबाजारी, होर्डिंग, ओवरप्राइसिंग एवं अवैध उपयोग जैसी शिकायतों पर त्वरित कार्रवाई के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ऐसे मामलों में संलिप्त व्यक्तियों के विरुद्ध तत्काल प्राथमिकी दर्ज कर गिरफ्तारी सुनिश्चित की जाए। नियंत्रण कक्ष में प्राप्त शिकायतों का शीघ्र एवं विधिवत निष्पादन करने तथा पब्लिक डोमेन में फैलने वाली अफवाहों का तुरंत खंडन करने पर भी जोर दिया गया।

# निरीक्षण में सख्त दिखे डीएम अंशुल कुमार, लापरवाही पर चेतावनी समाहरणालय परिसर में सफाई व व्यवस्था दुरुस्त करने के निर्देश

### पुराना कोषागार बनेगा नया कोर्ट, अनुपयोगी सामान हटाने का आदेश , AMRUT 2.0 के तहत तालाब जीर्णोद्धार कार्य में गुणवत्ता और समयसीमा पर जोर

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---

- **डीएम के इस सख्त निरीक्षण से साफ संकेत मिल रहा है कि अब प्रशासनिक व्यवस्था में लापरवाही बर्दाश्त नहीं होगी और आम जनता को बेहतर सुविधा देने के लिए सिस्टम को चुस्त-दुरुस्त किया जाएगा।**

---



जिला पदाधिकारी पूर्णिया अंशुल कुमार ने प्रशासनिक व्यवस्था को अधिक सुदृढ़ और संवेदनशील बनाने के उद्देश्य से गुरुवार को समाहरणालय परिसर स्थित विभिन्न कार्यालयों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने साफ-सफाई, कार्य प्रणाली और भवनों की स्थिति पर विशेष ध्यान देते हुए संबंधित अधिकारियों को कई अहम निर्देश दिए।

डीएम ने जिला पंचायती राज कार्यालय, भूमि सुधार उपसमाहर्ता कार्यालय, पुराना कोषागार, श्रम न्यायालय सहित अन्य कार्यालयों का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी कार्यालयों को सुव्यवस्थित रखने, नियमित साफ-सफाई और रंग-रोगन सुनिश्चित करने का निर्देश अधिकारियों को दिया, ताकि आम जनता को बेहतर सुविधा मिल सके।

**अनुपयोगी सामान पर नाराजगी, तत्काल हटाने का निर्देश**

पुराने कोषागार परिसर में अनुपयोगी सामग्री का ढेर देख डीएम ने नाराजगी जताई। उन्होंने वरीय कोषागार पदाधिकारी नवल किशोर यादव को तत्काल ऐसे सामान हटाने और परिसर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

**ये अधिकारी रहे मौजूद**

निरीक्षण के दौरान अपर समाहर्ता सह जिला पंचायत राज पदाधिकारी सुजय सिंह, अनुमंडल पदाधिकारी (सदर) श्वेताम दीक्षित, डीसीएलआर सदर, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी, भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।



**पुराने कोषागार में बनेगा नया कोर्ट**

---

निरीक्षण के दौरान पुराने कोषागार भवन में न्यायालय संचालन को लेकर महत्वपूर्ण निर्णय लिया गया। डीएम ने भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को निर्देश दिया कि यहां भूमि सुधार उपसमाहर्ता (सदर) के न्यायालय के लिए व्यवस्थित कोर्ट कक्ष का निर्माण कराया जाए, जिससे न्यायिक कार्य सुचारु रूप से संचालित हो सके।



**तालाब जीर्णोद्धार कार्य की समीक्षा, गुणवत्ता पर जोर**

कोषागार भवन के निरीक्षण के उपरांत जिला पदाधिकारी ने नगर विकास एवं आवास विभाग, पटना की अमृत योजना 2.0 योजना के तहत विकास भवन के पास प्रस्तावित तालाब के सौंदरीयकरण जीर्णोद्धार कार्य का स्थलीय निरीक्षण किया।इस पोखर के जीर्णोद्धार एव सौंदरीयकरण कार्य 12 दिसंबर 2025 से शुरू हुआ है और 11 जून 2026 तक पूरा करने का लक्ष्य है। निरीक्षण के दौरान जिला पदाधिकारी ने मौके पर मौजूद संवेदक को डीएम ने सख्त निर्देश देते हुए कहा कि कार्य में निर्धारित मानकों का शत-प्रतिशत पालन सुनिश्चित किया जाए और तय समयसीमा के भीतर गुणवत्तापूर्ण ढंग से काम पूरा किया जाए।

## सांसद पप्पू यादव ने की सड़क हादसे में मृतक के परिजनों से की मुलाकात, दी आर्थिक सहायता

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---



पूर्णिया नगर निगम क्षेत्र के रामबाग चौक, वार्ड संख्या 30 निवासी स्वर्गीय अशोक राम के सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन के बाद पूर्णिया के सांसद राजेश रंजन उर्फ पप्पू यादव ने उनके घर जाकर शोकाकुल परिजनों से मुलाकात की। इस दौरान उन्होंने इस दुखद घटना को लेकर गहरी शोक संवेदना व्यक्त की। सांसद ने मौके पर मृतक के परिजन को 25 हजार रूपये की आर्थिक सहायता किया और उनके परिजनों को ढांढस बंधाते हुए आश्वासन दिया कि इस कठिन समय में वे हरसंभव सहयोग के लिए उनके साथ खड़े हैं।

सांसद ने मृतक की पत्नी शोभा देवी सहित अन्य परिजनों से मिलकर उनके दुख को साझा किया। उन्होंने कहा कि परिवार के कमाऊ सदस्य के अचानक चले जाने से जो संकट आता है, उसकी भरपाई संभव नहीं है। उन्होंने दिवंगत आत्मा की शांति और परिजनों को दुख सहने की शक्ति देने की प्रार्थना की।

इस दौरान पप्पू यादव ने मानवीय संवेदना का परिचय देते हुए शोभा देवी को 25 हजार रुपये की आर्थिक सहायता प्रदान की। उन्होंने सुझाव दिया कि इस राशि से कोई छोटा व्यवसाय शुरू कर परिवार को आर्थिक सहारा दिया जा सकता है।

**योजनाओं का लाभ दिलाने का दिया भरोसा**

सांसद ने कहा कि जनप्रतिनिधियों का दायित्व केवल विकास कार्यों तक सीमित नहीं है, बल्कि संकट में लोगों के साथ खड़ा होना भी जरूरी है। उन्होंने आश्वासन दिया कि आगे भी परिवार को सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने में मदद की जाएगी। इस मौके पर कांग्रेस जिला अध्यक्ष अफरोज आलम, सांसद प्रतिनिधि बबलू भगत, सांसद प्रवक्ता राजेश यादव, संजय सिंह, नगर प्रतिनिधि वैश खान, अशोक दास, पंकज साह, शंकर सहनी,करन यादव, मो समिउललाह, संगम यादव मो दिलखुश,इत्यादि मौजूद थे ।

## साइबर थन पुलिस ने साइबर फ्रॉड के शिकार युवक को मिला न्याय, पुलिस ने लौटवाए 49,981

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---

- **गूगल पर टोलफ्री नंबर खोजने के दौरान APK फाइल इंस्टॉल कर ठगी का शिकार हुआ था पीड़ित, साइबर थाना की तत्परता से पूरी राशि वापस**

---




साइबर थाना पुलिस की सक्रियता से एक युवक को साइबर ठगी में गंवाई गई पूरी राशि वापस मिल गई है। यह मामला कांड संख्या 57/25 से जुड़ा है, जिसमें पीड़ित किशोर कुणाल, पिता कृष्ण कुमार, निवासी दुर्गा मंदिर रोड, रामबाग, वार्ड संख्या-31, थाना सदर, पूर्णिया के साथ ऑनलाइन ठगी की घटना हुई थी।

जानकारी के अनुसार, पीड़ित ने वन प्लस मोबाइल के टोलफ्री नंबर को गूगल पर खोजा था। इसी दौरान वह ठगों के जाल में फंस गया और एक फर्जी नंबर के माध्यम से उसे APK फाइल इंस्टॉल करवा दी गई। इसके बाद उसके खाते से 49,981 रुपये की ठगी कर ली गई।

घटना के बाद पीड़ित ने साइबर थाना में शिकायत दर्ज कराई, जिस पर कांड संख्या 57/25 दर्ज किया गया। साथ ही एनसीआरपी पोर्टल पर भी शिकायत संख्या 30507250047639 दर्ज की गई।

मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए पुलिस ने न्यायालय के आदेश के बाद पीड़ित की पूरी राशि 49,981 रुपये वापस करवा दी। इस कार्रवाई से पीड़ित ने राहत की सांस ली है। पूर्णिया पुलिस ने लोगों से अपील की है कि किसी भी अनजान लिंक या ऐप को डाउनलोड करने से बचें और केवल आधिकारिक स्रोतों से ही संपर्क करें। साइबर अपराध से बचाव के लिए सतर्कता ही सबसे बड़ा उपाय है।

## अभियान : पूर्णिया में सुरक्षित मातृत्व अभियान : 1109 गर्भवतियों की जांच, 233 हाई-रिस्क चिन्हित

### हीमोग्लोबिन की गंभीर कमी वाली 42 महिलाओं पर विशेष निगरानी, नियमित फॉलो-अप शुरू

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---



जिला पदाधिकारी अंशुल कुमार के निर्देशन और सिविल सर्जन डॉ. प्रमोद कुमार कनौजिया के मार्गदर्शन में गुरुवार को जिले भर में प्रधानमंत्री सुरक्षित मातृत्व अभियान के तहत व्यापक जांच अभियान चलाया गया। सभी अनुमंडलीय अस्पताल सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र 08 शहरी प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र) एवं 16 अतिरिक्त प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र पर यह विशेष अभियान आयोजित किया गया।

**आशा कार्यकर्ताओं की सक्रिय भूमिका, बड़ी संख्या में पहुंचीं महिलाएं**

अभियान को सफल बनाने में आशा कार्यकर्ताओं ने अहम भूमिका निभाई। उन्होंने गर्भवती महिलाओं को प्रेरित कर स्वास्थ्य केंद्रों तक पहुंचाया, जहां चिकित्सकों की टीम द्वारा एएनसी (ANC) जांच के साथ जरूरी पैथोलॉजिकल जांच की सुविधा उपलब्ध कराई गई।

**1109 महिलाओं की जांच, 233 हाई-रिस्क केस की पहचान**

समाचार लिखे जाने तक कुल 1109 गर्भवती महिलाओं की एएनसी जांच की गई। जांच के दौरान 233 महिलाओं को उच्च जोखिम वाली श्रेणी में चिन्हित किया गया, जिनमें से 42 महिलाओं में हीमोग्लोबिन का स्तर 7 ग्राम/डीएल से कम पाया गया, जो गंभीर चिंता का विषय है।

**हाई-रिस्क गर्भवतियों का होगा नियमित फॉलो-अप**

स्वास्थ्य विभाग ने सभी हाई-रिस्क गर्भवती महिलाओं के लिए विशेष निगरानी की व्यवस्था की है। इनका प्रत्येक माह की 15 और 21 तारीख को नियमित फॉलो-अप जांच किया जाएगा। आवश्यकता पड़ने पर सुरक्षित प्रसव सुनिश्चित करने के लिए उच्चतर स्वास्थ्य संस्थानों में रेफर किया जाएगा। साथ ही आशा एवं एएनएम द्वारा लगातार ट्रैकिंग की जाएगी।

**सुरक्षित मातृत्व के लिए जागरूकता पर जोर**

अभियान के दौरान गर्भवती महिलाओं और उनके परिजनों को संतुलित आहार, नियमित जांच और स्वास्थ्य के प्रति सतर्क रहने की सलाह दी गई। जिला प्रशासन ने सभी गर्भवती महिलाओं से अपील की है कि वे निर्धारित तिथियों पर स्वास्थ्य केंद्रों में पहुंचकर जांच अवश्य कराएं, ताकि माँ और शिशु दोनों का स्वास्थ्य सुरक्षित रह सके।

---

- » सभी अस्पतालों (SDH, CHC, PHC, UPHC, APHC) में जांच की सुविधा उपलब्ध
- » हाई-रिस्क गर्भवतियों का हर माह 15 और 21 तारीख को फॉलो-अप
- » जरूरत पड़ने पर उच्चतर संस्थान में रेफर की व्यवस्था
- » आशा और एएनएम द्वारा निरंतर ट्रैकिंग और निगरानी
- » महिलाओं को संतुलित आहार और नियमित जांच की सलाह
- » जिला प्रशासन की अपील—समय पर जांच कराएं, सुरक्षित मातृत्व अपनाएं

## डगरूआ में धावा दल की कार्रवाई, 2 बाल श्रमिक मुक्त ,नियोजकों पर FIR

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---




श्रम संसाधन एवं प्रवासी श्रमिक कल्याण विभाग, पूर्णिया के तत्वावधान में गुरुवार को डगरूआ प्रखंड में बाल श्रम उन्मूलन को लेकर विशेष धावा दल अभियान चलाया गया। इस दौरान विभिन्न दुकानों, प्रतिष्ठानों, होटल-रेस्टोरेंट, ढाबों और गैरेजों में छापेमारी की गई। संयुक्त टीम की कार्रवाई में कुल 2 बाल श्रमिकों को मुक्त कराया गया। अभियान का नेतृत्व श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी डगरूआ श्री अमरनाथ यादव ने किया। टीम में श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी कसबा श्री शुभम प्रियदर्शी, अमौर प्रभारी बैसा के श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी आदित्य आकाश कुमार सहित एनजीओ 'प्रयास जैक सोसाइटी' के सदस्य शेखर तिर्की, मोहम्मद सज्जाद और स्थानीय थाना पुलिस बल शामिल थे।

मुक्त कराए गए दोनों बाल श्रमिकों को आगे की कार्रवाई के लिए बाल कल्याण समिति को सौंप दिया गया है।

वहीं, दोषी नियोजकों के खिलाफ बाल श्रमिक एवं किशोर (प्रतिषेध एवं विनियमन) अधिनियम, 1986 के तहत एफआईआर दर्ज की जा रही है। साथ ही प्रति बाल श्रमिक 20 हजार से 50 हजार रुपये तक जुर्माना वसूला जाएगा।

## केनगर में पंचायत सचिवों की अनिश्चितकालीन हड़ताल, जनसेवाएं ठप

**न्यूज स्केल केनगर**

---

पूर्णिया जिले के केनगर प्रखंड में पंचायत सचिव 8 अप्रैल 2026 से अपनी पांच सूत्री मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। जगनी पंचायत के सचिव विकास कुमार ने बताया कि एक साल पहले भी हड़ताल हुई थी, तब मांगें मान ली गई थीं, लेकिन अब तक उनका पालन नहीं हुआ।

सचिवों की प्रमुख मांगों में जिला स्थानांतरण, प्रमोशन में आयु सीमा समाप्त करना और ग्रेड पे 4200 लागू करना शामिल है। साथ ही एक सचिव पर तीन-चार पंचायतों का अतिरिक्त प्रभार होने के बावजूद परिवहन भत्ता नहीं दिए जाने पर नाराजगी जताई गई है।

हड़ताली सचिवों ने स्पष्ट कहा है कि मांगें पूरी होने तक वे काम पर नहीं लौटेंगे। हड़ताल के कारण




जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र, पेंशन, वंशावली, जाति, आय और निवास प्रमाण पत्र जैसे जरूरी कार्य ठप हो गए हैं, जिससे आम लोगों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है।

## चम्पानगर में शराब के नशे में दो युवक गिरफ्तार,

**न्यूज स्केल केनगर**

---

चम्पानगर थाना क्षेत्र में बुधवार की शाम पुलिस ने संध्या गश्ती के दौरान कार्रवाई करते हुए दो युवकों को शराब के नशे में उत्पात मचाते हुए गिरफ्तार कर लिया। थानाध्यक्ष अनुपम राज ने बताया कि गिरफ्तार दोनों युवक थाना क्षेत्र के चम्पानगर अंतर्गत चम्पानगर टोला के निवासी हैं। गिरफ्तार आरोपितों की पहचान छोटू मंडल और 25 वर्षीय उमेश मंडल के रूप में की गई है। पुलिस के अनुसार, दोनों युवक सार्वजनिक स्थान पर नशे की हालत में हंगामा कर रहे थे,। गिरफ्तारी के बाद दोनों का मेडिकल जांच कराया गया, जिसमें अत्यधिक शराब सेवन की पुष्टि हुई। इसके बाद उत्पाद अधिनियम के तहत आवश्यक कार्रवाई करते हुए गुरुवार को दोनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में पूर्णिया भेज दिया गया।

## अंबेडकर जयंती को लेकर पूर्णिया में तैयारियां तेज, विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता आयोजित

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

---

- **3 से 14 अप्रैल तक चलेंगे विविध कार्यक्रम, छात्र-छात्राओं में दिखा उत्साह**

---



संविधान निर्माता डॉ. भीमराव अंबेडकर की 135वीं जयंती के अवसर पर जिले में व्यापक तैयारियां जारी हैं। जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा.प्र.से.) के निर्देश पर जिला कल्याण पदाधिकारी द्वारा 3 अप्रैल से 14 अप्रैल 2026 तक विभिन्न कार्यक्रमों का आयोजन सुनिश्चित किया जा रहा है।

इसी क्रम में गुरुवार को जिले के सभी तीनों डॉ. भीमराव अंबेडकर आवासीय विद्यालयों में रंगोली प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया और अंबेडकर जी के विचारों एवं सामाजिक समरसता के संदेश को रंगों के माध्यम से प्रस्तुत किया।

कार्यक्रम का उद्देश्य विद्यार्थियों में सामाजिक जागरूकता और महान व्यक्तित्वों के प्रति सम्मान की भावना विकसित करना है। आगामी दिनों में भी विभिन्न सांस्कृतिक व शैक्षणिक गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा।

# पूर्णिया में ट्रैफिक सुधार को लेकर चलाया जायेगा बड़ा अभियान, बैठक मे डीएम ने दिए सख्त निर्देश

## सड़क सुरक्षा, जाम और स्कूल वाहनों पर रहा विशेष फोकस; शहर मे अवैध पार्किंग-ओवरलोडिंग पर चलेगा अभियान

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

शहर की बदहाल यातायात व्यवस्था को दुरुस्त करने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ा कदम उठाया है। जिलाधिकारी अंशुल कुमार की अध्यक्षता में समाहरणालय स्थित कार्यालय कक्ष में जिला सड़क सुरक्षा समिति एवं विद्यालय परिवहन समिति की संयुक्त बैठक आयोजित हुई, जिसमें सड़क सुरक्षा, जाम, हिट एंड रन मामलों और ब्लैक स्पॉट पर ठोस कार्रवाई के निर्देश दिए गए।



**अवैध पार्किंग और ओवरलोडिंग के खिलाफ चलेगा अभियान**

डीएम ने सख्त निर्देश देते हुए परिवहन अधिकारी और यातायात अधिकारी को कहा कि:शहर मे अवैध पार्किंग, बिना निबंधन वाले वाहन, ओवरलोडिंग और रूट उल्लंघन पर विशेष अभियान चलाया जाए, और दोषी वाहनों पर जुर्माना और जब्ती की कार्रवाई सुनिश्चित हो, शहर मे मोटर वाहन अधिनियम का कड़ाई से पालन कराया जाए।

**यातायात सुधार के लिए ठोस प्लान, सभी विभागों को समन्वय का निर्देश**

बैठक में डीएम ने नगर निगम, पथ निर्माण विभाग, यातायात पुलिस और परिवहन विभाग को आपसी समन्वय के साथ शहर की ट्रैफिक व्यवस्था सुधारने के लिए ठोस कदम उठाने का निर्देश दिया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि बेहतर और सुरक्षित यातायात व्यवस्था के लिए सभी विभागों को मिलकर काम करना होगा।

**वन-वे सिस्टम, पार्किंग और साइनेज पर जोर**

शहर में जाम की समस्या से निपटने के लिए डीएम ने कई अहम फैसले लिए—जिसमे

» शहर के प्रमुख सड़कों पर वन-वे व्यवस्था लागू करने

» शहर मे जाम से मुक्ति को लेकर समुचित पार्किंग सुविधा विकसित करने

» शहर के महत्वपूर्ण स्थानों पर साइनेज और जेब्रा क्रॉसिंग बनाने

» टोइंग वाहन की व्यवस्था सुनिश्चित करने पर जोर दिया गया।

**स्कूल वाहनों में सुरक्षा मानकों से समझौता नहीं**

विद्यालय परिवहन व्यवस्था की समीक्षा में डीएम ने जिला शिक्षा पदाधिकारी और निजी स्कूल प्रतिनिधियों को निर्देश दिया कि:

» सभी स्कूल वाहनों का संचालन निर्धारित सुरक्षा मानकों के अनुसार ही हो,

» किसी भी स्थिति में नियमों का उल्लंघन बर्दाश्त नहीं किया जाएगा,

**ब्लैक स्पॉट और सड़क सुरक्षा पर विशेष जोर**

बैठक मे डीएम ने जिले के चिन्हित दुर्घटना बाहुल्य स्थलों (ब्लैक स्पॉट) की समीक्षा करते हुए यह निर्देश दिया कि:इन स्थानों का नियमित निरीक्षण किया जाए

दुर्घटना कम करने के लिए जरूरी सुरक्षा उपाय किए जाएं

» जहां बार-बार हादसे होते हैं, वहां रैंबल स्पीड ब्रेकर बनाए जाएं

**सड़क सुरक्षा के लिए जागरूकता अभियान तेज होगा**

डीएम ने कहा कि दुर्घटनाएं कम करने के लिए जन-जागरूकता बेहद जरूरी है। इसके लिए स्कूलों में—

» वाद-विवाद प्रतियोगिता स्लोगन लेखन, पेंटिंग प्रतियोगिता, विचार गोष्ठियां आयोजित कर बच्चों के बीच सड़क सुरक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई जाएगी।

**हिट एंड रन मामलों में पीड़ितों को शीघ्र मुआवजा**

बैठक में हिट एंड रन मामलों की समीक्षा करते हुए डीएम ने निर्देश दिया कि: पीड़ितों को त्वरित मुआवजा उपलब्ध कराया जाए, इस तरह के मामलों मे जिला परिवहन पदाधिकारी सभी आवेदनों पर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करें।

**सड़कें रहें मोटरेबल, नियमित निरीक्षण के निर्देश**

पथ निर्माण विभाग और संबंधित एजेंसियों को निर्देश दिया गया कि:सड़कों का नियमित निरीक्षण कर उन्हें मोटरेबल बनाए रखें, सभी कार्यों की रिपोर्ट जिला मुख्यालय को उपलब्ध कराएं

**हेलमेट जांच अभियान भी होगा नियमित**

डीएम ने सड़क सुरक्षा को और मजबूत करने के लिए हेलमेट जांच अभियान नियमित रूप से चलाने का भी निर्देश दिया।

**बैठक में ये अधिकारी रहे मौजूद**

बैठक में डीएसपी यातायात, जिला परिवहन पदाधिकारी, विभिन्न विभागों के पदाधिकारी एवं कार्यपालक अभियंता उपस्थित थे। जिला परिवहन पदाधिकारी ने सड़क सुरक्षा से जुड़े कार्यक्रमों की विस्तृत जानकारी भी प्रस्तुत की।

---

# हत्या के मामले में आजीवन कारावास

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

▪ बनमनखी थाना क्षेत्र के पीपरा गांव की घटना, कोर्ट ने सुनाया सख्त फैसला



बनमनखी थाना क्षेत्र के पीपरा गांव में वर्ष 2023 में हुई महिला की हत्या के मामले में अदालत ने बड़ा फैसला सुनाया है। 8 अप्रैल 2026 को माननीय न्यायालय DASJ-XVI, पूर्णिया ने आरोपी ओम प्रकाश साह को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई। साथ ही 55 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया गया है।

**घटना का विवरण**

पुलिस द्वारा जारी प्रेस विज्ञप्ति में बताया गया कि मृतका संगीता देवी की हत्या कर साक्ष्य छुपाने के उद्देश्य से शव को पानी भरे नहर में फेंक दिया गया था। घटना के दौरान वादी के चचेरे भाई के साथ मारपीट कर उसे घायल भी कर दिया गया था।

**केस और कार्रवाई**

इस मामले में बनमनखी थाना कांड संख्या 434/2023 के तहत धारा 302, 201, 323, 307, 450 और 120B के अंतर्गत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। पुलिस ने अनुसंधान के दौरान आरोपी ओम प्रकाश साह को गिरफ्तार कर 28 अक्टूबर 2023 को न्यायिक हिरासत में भेज दिया था।

**कोर्ट का फैसला**

मामले की सुनवाई पूरी होने के बाद अदालत ने साक्ष्यों के आधार पर आरोपी को दोषी पाया और आजीवन कारावास की सजा सुनाई। इस दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से अपर लोक अभियोजक हरे राम ठाकुर ने प्रभावी पैरवी की, जिसके परिणामस्वरूप आरोपी को सजा मिली।

---

# पूर्णिया में गैस सिलेंडर की कमी नहीं, एक दिन में 8254 सिलेंडर वितरित

## जिले में 11,531 सिलेंडर स्टॉक में उपलब्ध, 330 शिकायतों का शत-प्रतिशत निष्पादन

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

पूर्णिया। जिले में रसोई गैस को लेकर किसी तरह की कमी नहीं है और आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सुचारू है। गुरुवार को जिले में कुल 8,983 उपभोक्ताओं ने एलपीजी गैस की मांग की, जिसके विरुद्ध गैस एजेंसियों द्वारा 8,254 सिलेंडरों का वितरण किया गया। इसके अलावा 11,531 गैस सिलेंडर अभी भी विभिन्न एजेंसियों के गोदामों में उपलब्ध हैं।



अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी रविशंकर उरांव ने बताया कि 15 मार्च 2026 से अब तक एलपीजी से संबंधित 330 शिकायतें जिला नियंत्रण कक्ष में प्राप्त हुई थीं, जिनका शत-प्रतिशत समाधान कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में गैस की कोई किल्लत नहीं है और उपभोक्ताओं को नियमित रूप से होम डिलीवरी की सुविधा मिल रही है।

उन्होंने बताया कि ग्रामीण क्षेत्रों में गैस आपूर्ति का चक्र लगभग 45 दिनों तथा शहरी क्षेत्रों में 25 दिनों का निर्धारित है। उपभोक्ताओं से अपील की गई है कि वे घबराहट में आकर अनावश्यक बुकिंग या भीड़ न करें और नियमानुसार ही गैस बुक कराएं।

किसी भी शिकायत के लिए उपभोक्ता जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष नंबरों पर संपर्क कर सकते हैं। प्रशासन द्वारा गैस वितरण व्यवस्था की लगातार निगरानी की जा रही है।

---

# उर्सूलाइन कॉन्वेंट स्कूल में 2000 क्षमता के मल्टीपर्पस हॉल का उद्घाटन

## जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने फीता काटकर किया उद्घाटन, छात्राओं ने पेश किए सांस्कृतिक कार्यक्रम

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

पूर्णिया के उर्सूलाइन कॉन्वेंट बालिका उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में गुरुवार को नवनिर्मित 2000 क्षमता वाले मल्टीपर्पस हॉल का भव्य उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिलाधिकारी अंशुल कुमार ने फीता काटकर हॉल का उद्घाटन किया। इस अवसर पर विद्यालय प्रशासन ने उन्हें प्रतीक चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया और चंदन टीका लगाकर पारंपरिक स्वागत किया।



उद्घाटन समारोह के दौरान विद्यालय की छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किए। जिलाधिकारी ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। छात्राओं ने स्वागत गान और लोकगीत की मनमोहक प्रस्तुति देकर उपस्थित लोगों का दिल जीत लिया।

अपने संबोधन में जिलाधिकारी ने छात्राओं को शिक्षा के महत्व पर जोर देते हुए आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने बच्चों के साथ संवाद भी किया और उनके सवालों का जवाब दिया।

कार्यक्रम में सदर अनुमंडल पदाधिकारी श्वेताम दीक्षित, विद्यालय के प्राचार्य, शिक्षक-शिक्षिकाएं तथा बड़ी संख्या में छात्राएं उपस्थित रहीं।

---

# बर्बरता : पूर्णिया के कसबा में वार्ड सदस्य ने गर्भवती महिला और उसके साथी को खूंटे से बांधकर पीटा

## बीच सड़क पर सैकड़ों की भीड़ बनी मूकदर्शक, वायरल वीडियो से खुली बर्बरता की परत

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

▪ 09 से 23 अप्रैल तक चलेंगे जागरूकता अभियान, बच्चों के समग्र विकास पर रहेगा विशेष फोकस



जिले के कसबा थाना क्षेत्र की गुरही पंचायत से एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जिसने कानून व्यवस्था और सामाजिक संवेदनशीलता दोनों पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। वार्ड संख्या-9 के एक वार्ड सदस्य द्वारा कथित 'सामाजिक सजा' के नाम पर एक गर्भवती महिला और उसके प्रेमी को खूंटे से बांधकर बेरहमी से पीटने का वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है।

वायरल वीडियो में साफ देखा जा सकता है कि किस तरह बीच सड़क पर सैकड़ों लोगों की मौजूदगी में वार्ड सदस्य और उसके समर्थक दोनों पीड़ितों पर लाठियां बरसा रहे हैं। हैरानी की बात यह रही कि मौके पर मौजूद भीड़ में से किसी ने भी इस अमानवीय कृत्य को रोकने की कोशिश नहीं की। चारों ओर सिर्फ चीख-पुकार और रहम की गुहार सुनाई देती रही, लेकिन 'इंसाफ' के नाम पर बर्बरता जारी रही।

**गर्भवती महिला पर भी नहीं आई रहम**

मामले की सबसे संवेदनशील और चिंताजनक पहलू तब सामने आया, जब पीड़ित परिवार से मिली जानकारी में यह खुलासा हुआ कि महिला पहले से शादीशुदा है और उसका एक अन्य युवक से प्रेम संबंध था। इसी बात को लेकर वार्ड सदस्य ने खुद को 'जज' मानते हुए यह सजा सुनाई। बताया जा रहा है कि महिला करीब दो महीने की गर्भवती है, इसके बावजूद उसके साथ अमानवीय व्यवहार किया गया। उसे पशुओं की तरह खूंटे से बांधकर पीटा गया, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गई।

**डायल 112 से पहुंची पुलिस, पहले नहीं बोले पीड़ित**

घटना की सूचना मिलते ही डायल 112 के माध्यम से पुलिस मौके पर पहुंची और दोनों को बंधनमुक्त कर कसबा थाना लाई। कसबा थानाध्यक्ष ज्ञान रंजन के अनुसार, शुरुआती पूछताछ में पीड़ितों ने भय या दबाव के कारण कुछ भी बताने से इनकार कर दिया था। हालांकि, वीडियो वायरल होने के बाद पूरे मामले की सच्चाई सामने आई।

**पुलिस ने दिए सख्त कार्रवाई के संकेत**

थानाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा है कि वायरल वीडियो के आधार पर आरोपित वार्ड सदस्य और इस घटना में शामिल अन्य लोगों की पहचान कर उनके खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने दो टूक कहा कि कानून हाथ में लेने का अधिकार किसी को नहीं है और इस तरह की घटनाओं को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

---

# पोषण पखवाड़ा 2026 की शुरुआत, कुपोषण मुक्त समाज के लिए जिला प्रशासन सक्रिय

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

▪ 09 से 23 अप्रैल तक चलेंगे जागरूकता अभियान, बच्चों के समग्र विकास पर रहेगा विशेष फोकस

पूर्णिया। जिले में पोषण पखवाड़ा 2026 के सफल आयोजन को लेकर गुरुवार को समाहरणालय में एक महत्वपूर्ण बैठक सह वर्चुअल उद्घाटन समारोह का आयोजन किया गया। बैठक की अध्यक्षता जिला प्रोग्राम पदाधिकारी (आईसीडीएस) ने की, जिसमें जिले के सभी परियोजना पदाधिकारी और विभिन्न सहयोगी संस्थाओं के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।




बैठक में यूनिसेफ, पीरामल C-FAR, PSI, करुणा सेक्शन क्लिनिक, विक्रमशिला, एजुकेशन रिसोर्स सोसाइटी, फीया फाउंडेशन, रिलायंस फाउंडेशन और एवीए-बचपन बचाओ आंदोलन के प्रतिनिधियों की सक्रिय भागीदारी रही। सभी ने पोषण पखवाड़ा को प्रभावी बनाने के लिए अपने अनुभव साझा किए और समन्वित रणनीति पर विस्तृत चर्चा की।

पोषण पखवाड़ा का मुख्य उद्देश्य जीवन के पहले छह वर्षों में बच्चों के मस्तिष्क के समुचित विकास को सुनिश्चित करना है। इसके तहत संतुलित आहार, बेहतर देखभाल, स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धता और प्रारंभिक बाल उद्दीपन पर विशेष जोर दिया जाएगा।

बैठक में निर्णय लिया गया कि 09 से 23 अप्रैल तक जिले में व्यापक जन-जागरूकता अभियान चलाया जाएगा। इसके अंतर्गत घर-घर संपर्क अभियान, पोषण रैली, गर्भवती एवं धात्री महिलाओं के लिए परामर्श सत्र, आंगनबाड़ी केंद्रों पर थीम आधारित गतिविधियां और सामुदायिक कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे।

जिला प्रशासन ने सभी विभागों, संस्थाओं और आम नागरिकों से इस अभियान में सक्रिय भागीदारी की अपील की है, ताकि कुपोषण मुक्त, स्वस्थ और सशक्त समाज के निर्माण की दिशा में ठोस पहल सुनिश्चित की जा सके।

---

# पूर्णिया में मामूली विवाद बना जानलेवा, चचेरे भाई ने सरिए से पीटा : घायल युवक की हत्या

**न्यूज स्केल के नगर**



जिले के के. नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत वनभाग चूनापुर में घरेलू विवाद ने हिंसक रूप ले लिया, जिसमें एक व्यक्ति की पीट-पीटकर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान वार्ड-9 निवासी 40 वर्षीय विमल महलदार के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में तनाव और शोक का माहौल है।

मृतक के पुत्र पप्पू कुमार के अनुसार, घर में माता-पिता के बीच मामूली कहासुनी हो रही थी। इसी दौरान पड़ोस में रहने वाली चाची को गलतफहमी हुई कि उन्हें गाली दी जा रही है, जिसके बाद दोनों पक्षों में बहस शुरू हो गई। देखते ही देखते विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

आरोप है कि चचेरा भाई बिरेन महलदार ने लोहे के सरिए से विमल पर हमला कर दिया। इस दौरान पवन, रंजीत, कन्हैया, हीरो महलदार, विद्या महलदार, विजय महलदार और नूतन महलदार सहित कुल आठ लोगों ने मारपीट में उसका साथ दिया। परिजनों का कहना है कि सिर और गर्दन पर कई वार किए गए, जिससे विमल गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद आरोपी मौके से फरार हो गए। स्थानीय लोगों की मदद से घायल को पूर्णिया जीएमसीएच ले जाया गया, जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

सूचना मिलने पर के. नगर थाना पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। थानाध्यक्ष अजय कुमार अजनबी ने बताया कि सभी आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए छापेमारी जारी है।

---

# ट्रेन की चपेट में आने से अज्ञात व्यक्ति की मौत, मानसिक विक्षिप्त होने की आशंका

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

जोगबनी-कटिहार रेलखंड पर रानीपतरा रेलवे स्टेशन से करीब एक किलोमीटर आगे गुरुवार अहले सुबह एक दर्दनाक हादसे में अज्ञात व्यक्ति की मौत हो गई। केजे 12-13 के बीच पाया संख्या 22/5, अगाटोला अंसारी टोला के पास व्यक्ति ट्रेन की चपेट में आ गया, जिससे उसकी मौके पर ही जान चली गई।



स्थानीय ग्रामीणों ने बताया कि मृतक के शरीर पर कई परतों में कपड़े थे, जिससे उसके मानसिक रूप से विक्षिप्त होने की आशंका जताई जा रही है। अनुमान है कि अंधेरा या कोहरे के कारण वह ट्रेन की चपेट में आ गया।

सूचना पर आरपीएफ के नीलमणि माथुर मौके पर पहुंचे और मुफस्सिल थाना व जीआरपीएफ को जानकारी दी। जीआरपीएफ प्रभारी नितेश कुमार के नेतृत्व में पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु जीएमसीएच, पूर्णिया भेज दिया। मृतक की पहचान के प्रयास जारी हैं।

# पैक्स चुनाव : अध्यक्ष पद के लिए 16 प्रत्याशी मैदान में, एक महिला प्रत्याशी भी शामिल

न्यूज स्केल,धमदाहा

धमदाहा प्रखंड क्षेत्र के सात पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर गुरुवार को नामांकन की अंतिम तिथि समाप्त हो गई। अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए एक महिला सहित कुल 16 प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया, जबकि सदस्य पद के लिए 62 अभ्यर्थियों ने अपनी दावेदारी पेश की।

**पंचायतवार अध्यक्ष पद के उम्मीदवार**

धमदाहा उत्तर पंचायत से बंटी कुमारी, दिलीप महतो और संजीव सिंह ने नामांकन दाखिल किया। चंपावती पंचायत से सलन कुमार महतो और बीरेंद्र महतो मैदान में हैं। मुलिया पुरंदाहा पूरब पंचायत से सोनू सौरव और जयचंद यादव ने पर्चा भरा है। वहीं धमदाहा मध्य पंचायत से विजय कुमार और हजारी







दीपक कुमार ने नामांकन किया। कुकरौन पश्चिम पंचायत से मो. मंजर आलम अंसारी और मो. मनीरुद्दीन नजामी ने दावेदारी पेश की है। किशनपुर बलुआ पंचायत से कृष्ण कुमार एकमात्र प्रत्याशी के रूप में सामने आए हैं। रंगपुरा दक्षिण पंचायत में मुकाबला दिलचस्प होने की संभावना है, जहां प्रवीण कुमार, अजय कुमार साह,

सत्यम कुमार और सुनील कुमार मंडल ने नामांकन दाखिल किया है।

**सदस्य पद के लिए 62 उम्मीदवार**

सातों पंचायतों में सदस्य पद के लिए कुल 62 अभ्यर्थियों ने नामांकन दाखिल किया है, जिससे चुनावी प्रतिस्पर्धा और भी बढ़ गई है।

**आज-कल होगी नामांकन पत्रों की जांच**











प्रखंड विकास पदाधिकारी सह निर्वाचन पदाधिकारी प्रकाश कुमार ने बताया कि नामांकन के बाद 11 अप्रैल तक प्रतिदिन सुबह 11 बजे से दोपहर 3 बजे तक नामांकन पत्रों की संवीक्षा (स्क्रूटिनी) की जाएगी।

**20 अप्रैल को मतदान व मतगणना**

निर्वाचन अधिकारी के अनुसार, 20 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा। उसी दिन धमदाहा स्थित सामुदायिक भवन में मतगणना भी संपन्न होगी।

**मुकाबला होगा रोचक**

कई पंचायतों में एक से अधिक उम्मीदवारों के मैदान में उतरने से मुकाबला रोचक होने की उम्मीद है, जबकि कुछ जगहों पर निर्विरोध चुनाव की भी संभावना जताई जा रही है। चुनाव को लेकर क्षेत्र में सरगर्मी तेज हो गई है।

# विकास पर चर्चा : धमदाहा नगर पंचायत क्षेत्र को व्यवस्थित और सुंदर बनाने की पहल तेज

न्यूज स्केल,धमदाहा

नगर पंचायत धमदाहा को व्यवस्थित और सुंदर स्वरूप देने की दिशा में प्रशासनिक पहल तेज हो गई है। इसी क्रम में एसडीओ अनुपम की अध्यक्षता में नगर पंचायत कार्यालय में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में नगर पंचायत के कार्यपालक पदाधिकारी सहित अन्य संबंधित कर्मी मौजूद रहे।

**हटेगा अतिक्रमण सुव्यवस्थित होगा नगर**

बैठक के दौरान एसडीओ ने स्पष्ट निर्देश देते हुए कहा कि धमदाहा के प्रमुख बाजार धमदाहा हाट को अतिक्रमण मुक्त कर उसे सुव्यवस्थित और सुदृढ़ तरीके से संचालित किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हाट परिसर में मुख्य प्रवेश द्वार का निर्माण कराया जाएगा, साथ ही बेहतर प्रकाश व्यवस्था और अन्य बुनियादी सुविधाओं को विकसित किया



जाएगा, ताकि आम लोगों को एक व्यवस्थित और सुरक्षित बाजार का लाभ मिल सके।

**8 स्थानों पर बस पड़ाव शेड**

इसके अलावा नगर क्षेत्र में यात्रियों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए कुल 8 स्थानों पर बस पड़ाव शेड बनाने की योजना पर भी चर्चा हुई। इन शेड्स के निर्माण से यात्रियों को धूप और बारिश से राहत मिलेगी और आवागमन अधिक सुविधाजनक होगा। साथ ही सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत बनाने के लिए प्रमुख सार्वजनिक स्थानों पर सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने का निर्णय लिया गया है।

**जनसुविधा से जुड़ी योजनाओं परफोकस**

बैठक में यह भी तय किया गया कि अनुमंडल कार्यालय परिसर एवं नगर पंचायत के प्रत्येक वार्ड में स्थित तालाबों पर छठ घाट का निर्माण कराया जाएगा, जिससे छठ व्रतियों को पूजा-अर्चना के दौरान बेहतर सुविधाएं मिल सकें।

प्रशासन की इस पहल से आने वाले समय में धमदाहा नगर पंचायत के स्वरूप में सकारात्मक और व्यापक बदलाव देखने की उम्मीद जताई जा रही है।

# देर रात हुई आगलागी मे : दो घर जलकर राख,तकरीबन एक दर्जन मवेशियों भी जले

न्यूज स्केल,भवानीपुर

नगर पंचायत भवानीपुर के वार्ड संख्या 15 स्थित सिंघियान गांव में बुधवार की देर रात अचानक लगी भीषण आग ने भारी तबाही मचा दी। आग इतनी तेजी से फैली कि देखते ही देखते दो घर उसकी चपेट में आ गए और कुछ ही देर में पूरी तरह जलकर राख हो गए। घटना से पूरे इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल व्याप्त हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, इस अग्निकांड में नीलम देवी और दिलीप कुमार के घर पूरी तरह नष्ट हो गए। आग की लपटों ने घर के अंदर रखे अनाज, कपड़े, फर्नीचर सहित



लाखों रुपये मूल्य की संपत्ति को भी अपनी चपेट में ले लिया, जिससे परिवार पूरी तरह बेघर हो गए हैं। अब उनके सामने भोजन और आवास का गंभीर संकट उत्पन्न हो गया है।

**जल गया आजीविका का साधन**

इस अगलगी की घटना में कुल 6 बकरियां और उनके 6 छोटे बच्चे जल गए। मवेशियों की मौत से परिवार को आर्थिक नुकसान हुआ है, क्योंकि ये ही उनकी आजीविका का प्रमुख साधन थे।

**कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया गया**

घटना की सूचना मिलते ही ग्रामीणों ने सामूहिक रूप से आग पर काबू पाने का प्रयास किया, लेकिन तेज लपटों और हवा के कारण सफलता नहीं मिल सकी। इसके बाद दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंची और कड़ी मशक्कत के बाद आग पर नियंत्रण पाया।

**पीड़ित परिवारों को तत्काल प्लास्टिक उपलब्ध कराया गया**

फिलहाल आग लगने के कारणों का स्पष्ट पता नहीं चल सका है। प्रशासन की ओर से पीड़ित परिवारों को तत्काल प्लास्टिक उपलब्ध कराया गया है। स्थानीय प्रशासन मामले की जांच में जुटा है, वहीं पीड़ित परिवारों ने मुआवजा और राहत सहायता की मांग की है, ताकि वे इस कठिन परिस्थिति से उबर सकें।

# रुपौली में पैक्स चुनाव के नामांकन की प्रक्रिया संपन्न, 2 दिन में 21 अध्यक्ष और 78 समिति सदस्य प्रत्याशियों ने दाखिल किया पर्चा

न्यूज स्केल,रुपौली

प्रखंड क्षेत्र के आठ पंचायतों में होने वाले पैक्स चुनाव को लेकर नामांकन की प्रक्रिया गुरुवार को समाप्त हो गई। दो दिनों तक चली नामांकन प्रक्रिया में अध्यक्ष पद के लिए कुल 21 तथा समिति सदस्य पद के लिए 78 प्रत्याशियों ने अपने-अपने नामांकन पर्चे दाखिल किए।

गुरुवार को अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए 12 और समिति सदस्य पद के लिए 33 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। इसके साथ ही सभी आठ पैक्स—मतैली खेमचंद, विजय मोहनपुर, विजय





लालगंज, डोभा मिलिक, कांप, धोबगिद्दा, गोरियर पट्टी श्रीमाता और बसंतपुर—में चुनावी प्रक्रिया अब अगले चरण में प्रवेश कर गई है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार कांप पैक्स में अध्यक्ष पद के लिए 2 तथा समिति सदस्य पद के लिए 10 प्रत्याशी, विजय मोहनपुर में अध्यक्ष पद के लिए 4 और समिति सदस्य के लिए 14, विजय लालगंज में अध्यक्ष पद के लिए 4 और समिति सदस्य के लिए 10, गोरियरपट्टी श्रीमाता में अध्यक्ष पद के लिए 1 और सदस्य पद के लिए 14, डोभा मिलिक में अध्यक्ष पद के लिए 2 और समिति सदस्य के लिए 12, बसंतपुर में अध्यक्ष पद के लिए 3 और समिति सदस्य के लिए 9 तथा मतैली खेमचंद में अध्यक्ष पद के लिए 5 और समिति सदस्य पद के लिए 9 प्रत्याशियों ने नामांकन दाखिल किया है। वहीं धोबगिद्दा पैक्स में अध्यक्ष एवं समिति सदस्य दोनों पदों के लिए किसी भी प्रत्याशी ने नामांकन नहीं किया।

निर्वाचन प्रक्रिया के तहत 10 और 11 अप्रैल को नामांकन पत्रों की संवीक्षा की जाएगी, जबकि 13 अप्रैल को नाम वापसी की तिथि निर्धारित है। इसके बाद 20 अप्रैल को मतदान कराया जाएगा।

# पैक्स चुनाव : नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन 24 उम्मीदवारों ने किया नामांकन

न्यूज स्केल बड़हरा कोठी

प्रखंड मुख्यालय स्थित निर्वाचन कार्यालय में गुरुवार को पैक्स चुनाव के लिए नामांकन के अंतिम दिन कुल 24 उम्मीदवारों ने अपना-अपना नामांकन पर्चा दाखिल किया। इस दौरान निर्वाचन कार्यालय में पूरे दिन गहमागहमी का माहौल बना रहा।

गौरीपुर पंचायत से पैक्स अध्यक्ष पद के लिए अखिल रंजन एवं आलोक प्रकाश भारती ने नामांकन किया, जबकि कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 7 उम्मीदवारों ने पर्चा दाखिल किया। वहीं लक्ष्मीपुर पंचायत से अध्यक्ष पद के लिए प्रमोद ठाकुर,



विजय कुमार यादव एवं प्रमोद कुमार ने अपनी दावेदारी पेश की। इसके अलावा कार्यकारिणी सदस्य पद के लिए 12 उम्मीदवारों ने नामांकन किया।

नामांकन प्रक्रिया कड़ी सुरक्षा व्यवस्था के बीच वरीय सहकारिता प्रसार पदाधिकारी कन्हैया चौधरी की देखरेख में संपन्न हुई। इस दौरान नाम निर्देशन कार्य में शिक्षक नितीश कुमार एवं प्रशांत कुमार की भूमिका रही।

निर्वाचन पदाधिकारी सह बीडीओ कैलाशपति मिश्र ने बताया कि नाम वापसी की तिथि 13 अप्रैल निर्धारित है। इसके बाद 20 अप्रैल को मतदान एवं उसी दिन मतगणना की जाएगी।

प्रशासन द्वारा शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष चुनाव को लेकर सभी आवश्यक तैयारियां की जा रही हैं।

# पैक्स चुनाव : अमौर में दूसरे दिन अध्यक्ष के लिए 24 व सदस्य के लिए 72 उम्मीदवारों का नामांकन

न्यूज स्केल अमौर

अमौर प्रखंड के 11 पंचायतों में पैक्स चुनाव के लिए नामांकन प्रक्रिया के अंतिम दिन शांति रूप से सम्पन्न हो गया .जिसमें नामांकन के अंतिम दिन गुरुवार को अध्यक्ष पद के लिए 24 और प्रबंध समिति सदस्य पद के लिए 72 उम्मीदवारों ने अपने नामांकन पत्र दाखिल किए. नामांकन के लिए प्रखंड कार्यालय बीडीओ चेंबर में विशेष कक्ष बनाया गया है, जिसमें 11 पंचायत के लिए तीन अलग काउंटर स्थापित किए गए थे. नामांकन के अंतिम दिन में 24 अध्यक्ष एवं समिति सदस्य के 72 न













नामांकन पत्र दाखिल किए. जिसमें से कुल 32 अध्यक्ष एवं प्रबंधन समिति सदस्य 91 ने नामांकन पत्र दाखिल किया. जिसमें पोठिया गंगेली से सूरज कुमार विश्वास, आमगाछी से मुमताज आलम, माजीद आलम, हरिपुर पैक्स से ख्वाजा फ़ैयाज,बंगरा मेहदीपुर से रामचंद्र साह, दलमालपुर से मो इजहार आलम सहित कई अन्य उम्मीदवारों ने अपना नामांकन पत्र जमा किया. प्रखंड निर्वाची पदाधिकारी सह बीडीओ राजाराम पंडित ने नियंत्रण कक्ष में मौजूद रहकर पूरे नामांकन कार्य की निगरानी करते नजर आए.वहीं, शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए पुलिस बल तैनात थे. कक्ष में केवल उम्मीदवार और उनके दो प्रस्तावकों को ही प्रवेश की अनुमति दी जा रही थी. नामांकन केंद्र के बाहर समर्थकों की भारी भीड़ देखने को मिली.हालांकि, प्रशासन की कड़ी व्यवस्था के चलते नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई.

# गायत्री यज्ञ : चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ का समापन, श्रद्धालुओं की उमड़ी भीड़

न्यूज स्केल बैसा

प्रखंड अंतर्गत मँझोक पंचायत के चरकपाड़ा गांव में आयोजित चार दिवसीय नौ कुंडीय गायत्री यज्ञ का गुरुवार को विधि-विधान और वैदिक मंत्रोच्चार के साथ भव्य समापन हो गया। अंतिम दिन सुबह से ही श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ पड़ी, जिससे पूरा क्षेत्र भक्तिमय माहौल में सराबोर हो गया। आचार्यों द्वारा हवन, पूजन एवं पूर्णाहुति



की प्रक्रिया संपन्न कराई गई, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने भाग लेकर आहुति दी और अपने परिवार व समाज की सुख-समृद्धि की कामना की। आयोजन के दौरान प्रतिदिन धार्मिक प्रवचन, भजन-कीर्तन और सत्संग का आयोजन हुआ, जिससे लोगों को आध्यात्मिक ऊर्जा और संस्कारों की प्रेरणा मिली। यज्ञ स्थल को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा बाहर से आए श्रद्धालुओं के लिए प्रसाद और भोजन की समुचित व्यवस्था की गई थी।

अंतिम दिन महाप्रसाद वितरण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में लोगों ने प्रसाद ग्रहण किया। इस अवसर पर शान्ति कुंज हरिद्वार की टोली ने भजन-कीर्तन प्रस्तुत कर श्रद्धालुओं को मंत्रमुग्ध कर दिया। आयोजन समिति ने बताया कि इस यज्ञ का उद्देश्य समाज में धार्मिक चेतना, आपसी भाईचारा और शांति व समृद्धि का प्रसार करना है। कार्यक्रम के सफल आयोजन में ग्रामीणों का महत्वपूर्ण सहयोग रहा।

# दो विद्यालयों में छात्र छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण : छात्रों मे दिखा उत्साह

न्यूज स्केल हरदा

नगर निगम वार्ड संख्या 9 अंतर्गत दो विद्यालयों—मध्य विद्यालय मिल्की शरणार्थी तथा मध्य विद्यालय अनुसूचित टोला मरंगा मुर्गी फार्म टोला—में स्कूली छात्र-छात्राओं के बीच पाठ्य सामग्री का वितरण किया गया। कार्यक्रम में वार्ड 9 के पार्षद सह नगर निगम की स्थायी सशक्त समिति के सदस्य स्वपन घोष ने मेधावी एवं उत्कृष्ट विद्यार्थियों को कॉपी, कलम एवं पुस्तक प्रदान कर सम्मानित किया। इस अवसर पर पार्षद स्वपन घोष ने कहा कि आज के बच्चे



ही देश और समाज का भविष्य हैं। उन्होंने कहा कि हर बच्चे को शिक्षित करना समाज की प्राथमिक जिम्मेदारी होनी चाहिए, तभी एक सशक्त राष्ट्र का निर्माण संभव है।

कार्यक्रम में मध्य विद्यालय मिल्की शरणार्थी के प्रधानाध्यापक नन्द किशोर तथा मध्य विद्यालय अनुसूचित टोला मरंगा मुर्गी फार्म टोला के प्रधानाध्यापक मधुव्रत सहित वरीय शिक्षक रामभजन, अमूल्य चन्द्र आजाद, रंजीता देवी, राणा रणविजय, सचिन कुमार, जया भारती, अमृता कुमारी समेत अन्य शिक्षक एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

संपूर्ण हिन्दी साप्ताहिक
न्यूज स्केल
e-mail : newsscalepurnea@gmail.com



## बनमनखी में पैक्स चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज।

# 15 पैक्सों में मुकाबला दिलचस्प, प्रशासन की निगरानी में शांतिपूर्ण ढंग से पूरी हुई प्रक्रिया

**न्यूज स्केल बनमनखी**

------------------------------

बनमनखी प्रखंड अंतर्गत 15 पैक्सों में चुनाव को लेकर राजनीतिक गतिविधियां तेज हो गई हैं। नामांकन के प्रथम एवं अंतिम दिन अध्यक्ष पद के लिए कुल 52 तथा सदस्य पद के लिए 171 उम्मीदवारों ने नामांकन पत्र दाखिल किया है। निर्वाची पदाधिकारी सह प्रखंड विकास पदाधिकारी अशोक कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि पूरी नामांकन प्रक्रिया शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराई गई। पंचायतवार प्राप्त नामांकन के अनुसार बहोरा पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 3 (सभी पुरुष) एवं सदस्य पद के लिए 11 उम्मीदवारों ने नामांकन किया। कचहरी बलुआ में अध्यक्ष पद के लिए 3 (पुरुष) एवं सदस्य पद के लिए 15, कोशी शरण देवोत्तर में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं सदस्य पद के लिए 9, जबकि काझी हृदयनगर में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं सदस्य पद के लिए 10 नामांकन हुए। महराजगंज-2 में अध्यक्ष पद के लिए 1 एवं सदस्य पद के लिए 12, पिपरा में अध्यक्ष पद के लिए 3 एवं सदस्य पद के लिए 11, मोहनियां चकला में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं सदस्य पद के लिए 10, तथा चांदपुर भंगहा में अध्यक्ष पद के लिए 2 एवं सदस्य पद के लिए 8 उम्मीदवारों ने नामांकन दाखिल किया। गंगापुर पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 4 एवं सदस्य पद के लिए 17, रुपौली उत्तर में अध्यक्ष पद के लिए 5 (जिसमें 1 महिला) एवं सदस्य पद के लिए 7, रुपौली दक्षिण में अध्यक्ष पद के लिए 4 एवं सदस्य पद के लिए 14 नामांकन हुए। रामपुर तिलक पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 5 (जिसमें 2 महिलाएं) एवं सदस्य पद के लिए 15, लादुगढ़ में अध्यक्ष पद के लिए 5 एवं सदस्य पद के लिए 9, धरहरा चकला भुनाई में अध्यक्ष पद के लिए 3 (जिसमें 1 महिला) एवं सदस्य पद के लिए 9, तथा हरिमूढ़ी पंचायत में अध्यक्ष पद के लिए 7 एवं सदस्य पद के लिए 15 उम्मीदवारों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया। नामांकन प्रक्रिया के दौरान सहायक निर्वाची पदाधिकारी सह श्रम प्रवर्तन पदाधिकारी पवन कुमार शर्मा एवं पंचायती राज पदाधिकारी चंदन कुमार सहित अन्य कर्मी मौजूद रहे। प्रशासन की कड़ी निगरानी में पूरी प्रक्रिया शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई।



# 11 अप्रैल को होगा सीमांकन, भू-धारी वंशजों ने शैक्षणिक हित में सहयोग का दिया आश्वासन

## असम के सीएम पर तीखा हमला, किसानों और कानून-व्यवस्था के मुद्दे पर आर-पार की लड़ाई का ऐलान

**न्यूज स्केल पूर्णिया,**

------------------------------

कृत्यानंद नगर प्रखंड के परोरा पंचायत वार्ड संख्या 11 स्थित पूर्णियां-धमदाहा स्टेट हाइवे के समीप वर्ष 1926 से अवस्थित आदर्श मध्य विद्यालय परोरा के क्रीड़ा मैदान की जमीन की मापी एवं सीमांकन को लेकर गुरुवार, 9 अप्रैल 2026 को विद्यालय परिसर में एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। प्रधानाध्यापक मनोज मयंक की पहल पर आयोजित इस बैठक की अध्यक्षता पंचायत के मुखिया अवधलाल सिंह ने की।

बैठक में दानकर्ता भू-धारियों के वंशजों, जनप्रतिनिधियों, वीएसएस सदस्यों एवं ग्रामीण बुद्धिजीवियों ने भाग लिया। इस दौरान परोरा निवासी अमलेंद्र नारायण चौधरी के पुत्र बबलू चौधरी, स्व. शैलेन्द्र नारायण चौधरी के पुत्र उदय चौधरी तथा स्व. माधव मुरारी चौधरी के पौत्र मृत्युंजय कुमार चौधरी उर्फ मौलू चौधरी सहित अन्य वंशज उपस्थित रहे।

जनप्रतिनिधियों एवं ग्रामीणों ने पूर्वजों द्वारा मौखिक रूप से दान दी गई इस क्रीड़ा मैदान की जमीन को बच्चों के शैक्षणिक हित में स्थायी रूप से विद्यालय के लिए समर्पित करने का आग्रह किया।

उल्लेखनीय है कि करीब 5 एकड़ 40 डिसमिल क्षेत्रफल वाले इस क्रीड़ा मैदान के अगले हिस्से की भूमि पर एक दशक पूर्व उच्च माध्यमिक विद्यालय भवन का निर्माण हो चुका है, जो अब प्लस टू विद्यालय के रूप में संचालित है। बैठक में सभी पक्षों के बीच सहमति बनी कि 11 अप्रैल 2026 (शनिवार) को जमीन की मापी कर सीमांकन स्पष्ट किया जाएगा, ताकि भविष्य में किसी प्रकार का विवाद न हो।

इस अवसर पर पंचायत समिति सदस्य अरविंद यादव, पूर्व सरपंच मनोज कुमार पासवान, सरपंच पति मो. तस्लीम, पूर्व मुखिया रमेश प्रसाद चौधरी, उप मुखिया मनोज पासवान सहित कई जनप्रतिनिधि एवं ग्रामीण मौजूद रहे।





# रानीपतरा की कुमारी साक्षी बनीं कस्टम विभाग में टेक्स असिस्टेंट, क्षेत्र में खुशी की लहर

**न्यूज स्केलपूर्णिया पूर्व**

------------------------------

जिले के पूर्णिया पूर्व प्रखंड अंतर्गत रानीपतरा बाजार की होनहार बेटी कुमारी साक्षी ने वित्त मंत्रालय के कस्टम विभाग में टेक्स असिस्टेंट के पद पर चयनित होकर पूरे क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनकी इस सफलता से रानीपतरा सहित आसपास के इलाकों में खुशी और गर्व का माहौल है। कुमारी साक्षी, रानीपतरा निवासी मनोज मेहता की पुत्री हैं। उन्होंने अपनी प्रारंभिक शिक्षा डी.ए.वी. पब्लिक स्कूल, पूर्णिया से प्राप्त की। इसके बाद इंटरमीडिएट की पढ़ाई इंडियन पब्लिक स्कूल, पूर्णिया से पूरी की और महिला महाविद्यालय, पूर्णिया से अंग्रेजी विषय में स्नातक कर अपनी शैक्षणिक यात्रा को सफलतापूर्वक आगे बढ़ाया। अपनी मेहनत, लगन और अनुशासन के बल पर उन्होंने यह मुकाम हासिल किया है। साक्षी ने अपनी सफलता का श्रेय अपने माता-पिता के मार्गदर्शन और निरंतर परिश्रम को दिया है। उनके पिता मनोज मेहता, जो चिकित्सा क्षेत्र से जुड़े हैं, ने बताया कि उनकी दोनों पुत्रियों ने एक ही विद्यालय और कॉलेज से एक ही विषय में पढ़ाई की है और साक्षी शुरू से ही पढ़ाई के प्रति गंभीर और समर्पित रही है। उनकी माता गृहिणी हैं, जिन्होंने हर कदम पर बेटी का उत्साह बढ़ाया।

इस उपलब्धि पर जिला परिषद सदस्य राजीव सिंह, चांदी पंचायत के मुखिया प्रतिनिधि पिंटू वर्मा, हेमनारायण मेहता, डॉ. विश्वनाथ मेहता सहित कई गणमान्य लोगों ने साक्षी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।



# पूर्णिया में खेल प्रतिभाओं को नया मंच, हॉकी खिलाड़ियों के चयन ट्रायल का आयोजन

**न्यूज स्केल पूर्णिया।**

------------------------------

जिले में खेल प्रतिभाओं को प्रोत्साहित करने की दिशा में जिला प्रशासन द्वारा महत्वपूर्ण पहल की गई है। मुख्यमंत्री खेल विकास योजना के अंतर्गत एकलव्य राज्य आवासीय खेल प्रशिक्षण केंद्र के लिए हॉकी (बालक एवं बालिका) खिलाड़ियों के चयन हेतु प्रतियोगिता का आयोजन राजकीय बालिका उच्च विद्यालय, पूर्णिया में किया गया।

इस चयन ट्रायल में कुल 48 प्रतिभागियों ने भाग लिया, जिनमें 24 बालक एवं 24 बालिकाएं शामिल थीं। प्रतियोगिता के माध्यम से खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और कौशल प्रदर्शित करने का सुनहरा अवसर मिला।

चयन प्रक्रिया को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए विभाग द्वारा श्री अनंत कुमार, श्री अमित कुमार एवं श्री कुमार सौरभ को प्रशिक्षक के रूप में अधिकृत किया गया था। साथ ही जिला खेल कार्यालय पूर्णिया से प्रतिनियुक्त शारीरिक शिक्षा शिक्षक भी मौके पर उपस्थित रहे।

पूरा चयन ट्रायल शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित वातावरण में संपन्न हुआ। जिला प्रशासन ने पूर्व में ही खिलाड़ियों से अपील की थी कि वे निर्धारित समय पर पहुंचकर चयन प्रक्रिया में भाग लें।

इस पहल का मुख्य उद्देश्य ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों से उभरती खेल प्रतिभाओं की पहचान कर उन्हें बेहतर प्रशिक्षण और मंच प्रदान करना है। यह आयोजन न केवल खिलाड़ियों के लिए नए अवसर खोलेगा, बल्कि जिले में खेल संस्कृति को भी सशक्त बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।



# बाढ़ से निपटने को प्रशासन अलर्ट, बायसी आपदा केंद्र का किया गया निरीक्षण

**न्यूज स्केल पूर्णिया**

------------------------------

**डीएम के निर्देश पर एडीएमओ ने जांची तैयारियां, मोटर बोट व राहत सामग्री की परखी कार्यक्षमता**

।जिले में संभावित बाढ़ एवं अन्य आपात स्थितियों से निपटने के लिए जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला पदाधिकारी श्री अंशुल कुमार (भा०प्र०से०) ने सभी विभागीय अधिकारियों को अपनी-अपनी योजनाओं के क्रियान्वयन की समीक्षा करने और आपदा से निपटने की पूर्व तैयारियों का नियमित निरीक्षण करने का निर्देश दिया है।

इसी क्रम में गुरुवार को एडीएमओ श्री प्रणव कुमार ने बायसी स्थित आपातकालीन प्रतिक्रिया सह प्रशिक्षण केंद्र का भौतिक निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने आपदा प्रबंधन से संबंधित तैयारियों का गहन जायजा लिया। केंद्र में उपलब्ध बाढ़ राहत एवं बचाव सामग्री की बारीकी से जांच की गई।

विशेष रूप से बचाव कार्यों में उपयोग होने वाले मोटर बोट के इंजनों की स्थिति, रखरखाव और कार्यक्षमता का परीक्षण किया गया, ताकि आपात स्थिति में इनका प्रभावी उपयोग सुनिश्चित हो सके।

मौके पर मौजूद राज्य आपदा मोचन बल के जवानों को उपकरणों के नियमित रखरखाव, समय-समय पर जांच और संभावित प्राकृतिक आपदाओं के दौरान त्वरित प्रतिक्रिया देने के निर्देश दिए गए।

जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया कि वर्ष 2026 में संभावित बाढ़ को देखते हुए सभी तैयारियां दुरुस्त की जा रही हैं और प्रशासन पूरी तरह सक्रिय है। आमजन से अपील की गई है कि किसी भी आपदा या आपात स्थिति की सूचना जिला नियंत्रण कक्ष के दूरभाष संख्या 06454-242317, 242319 एवं 242320 पर दें, ताकि त्वरित कार्रवाई सुनिश्चित की जा सके।



# गुप्त सूचना पर पुलिस की बड़ी कार्रवाई, शराब व नकदी बरामद

**न्यूज स्केल बनमनखी**

------------------------------

बनमनखी थाना क्षेत्र में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी कार्रवाई करते हुए अवैध शराब और भारी मात्रा में नकदी बरामद की है। दिनांक 08 अप्रैल 2026 को की गई इस छापेमारी में पुलिस ने कुल 20.250 लीटर विदेशी शराब और 7 लीटर देशी शराब जब्त की। इसके अलावा मौके से 2 लाख 42 हजार 190 रुपये नकद भी बरामद किए गए, जिसे अवैध कारोबार से जुड़ा बताया जा रहा है।

पुलिस के अनुसार, कार्रवाई पूर्व से प्राप्त गुप्त सूचना के आधार पर की गई। सूचना मिलते ही टीम ने त्वरित छापेमारी कर उक्त सामान को कब्जे में लिया। हालांकि, छापेमारी के दौरान मुख्य अभियुक्त फरार हो गया। फिलहाल पुलिस अभियुक्त की गिरफ्तारी के लिए लगातार संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही है। थाना पुलिस ने बताया कि अवैध शराब के खिलाफ अभियान लगातार जारी रहेगा और दोषियों के खिलाफ सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी।





# किशनगंज में एलपीजी आपूर्ति की स्थिति सामान्य



**किशनगंज** (हि.स.)। किशनगंज जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। जिला पदाधिकारी विशाल राज ने बताया कि वर्तमान में जिले में पर्याप्त मात्रा में एलपीजी सिलेंडर उपलब्ध हैं और किसी प्रकार की कमी नहीं है। प्रशासन द्वारा लगातार निगरानी की जा रही है ताकि आम लोगों को किसी भी तरह की असुविधा न हो। उन्होंने स्पष्ट किया कि आपूर्ति श्रृंखला सुचारू रूप से कार्य कर रही है।

**पर्याप्त स्टॉक और होम डिलीवरी की सुविधा**: जिले में आज की स्थिति के अनुसार एलपीजी गैस सिलेंडर का स्टॉक 8913 से अधिक है, जो सामान्य मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है। प्रशासन ने बताया कि होम डिलीवरी की व्यवस्था पुनः प्रभावी रूप से शुरू कर दी गई है। अब उपभोक्ताओं को गैस एजेंसी तक जाने की आवश्यकता नहीं है। वे घर बैठे ही बुकिंग कर सकते हैं और उन्हें 2 से 3 दिनों के भीतर सिलेंडर उपलब्ध करा दिया जाएगा।

**बुकिंग की समय-सीमा निर्धारित**: एलपीजी सिलेंडर की बुकिंग के लिए प्रशासन ने समय-सीमा भी निर्धारित की है। शहरी क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए पुनः बुकिंग 25 दिनों के बाद की जा सकती है, जबकि ग्रामीण क्षेत्र के उपभोक्ताओं के लिए यह अवधि 45 दिनों की रखी गई है। इस व्यवस्था का उद्देश्य वितरण प्रणाली को संतुलित और पारदर्शी बनाए रखना है, ताकि सभी उपभोक्ताओं को समय पर गैस मिल सके।

> **01**: कालाबाजारी और जमाखोरी रोकने के लिए धावा दल द्वारा नियमित रूप से छापेमारी की जा रही है।
> ---------------
> **02** : किसी भी गड़बड़ी या शिकायत मिलने पर प्रशासन द्वारा सख्त कार्रवाई की जाएगी।

**कालाबाजारी पर सख्ती और कंट्रोल रूम सक्रिय**: कालाबाजारी और जमाखोरी पर रोक लगाने के लिए धावा दल द्वारा नियमित रूप से छापामारी की जा रही है। प्रशासन ने चेतावनी दी है कि किसी भी प्रकार की गड़बड़ी पाए जाने पर कठोर कार्रवाई की जाएगी। साथ ही, आम जनता की शिकायतों के त्वरित समाधान के लिए जिला स्तर पर कंट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जो प्रतिदिन सुबह 7 बजे से रात 9 बजे तक संचालित होता है। इसका दूरभाष नंबर 06456-225152 है। अब तक एलपीजी से संबंधित 2 शिकायतें प्राप्त हुई हैं, जिनका समाधान किया जा रहा है। जिला प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और एलपीजी उपलब्धता को लेकर चिंता न करें।

# पोषण पखवाड़ा 2026 शुरू, जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क विकास को अधिकतम करने पर जोर



**कटिहार,** (हि.स.)। जिला आईसीडीएस कार्यालय द्वारा पोषण पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ किया गया, जिसका उद्देश्य जिले में मातृ एवं शिशु पोषण स्तर को सुदृढ़ करना और बच्चों के सर्वांगीण विकास को बढ़ावा देना है।

इस पखवाड़े की थीम "जीवन के पहले छह वर्षों में मस्तिष्क के विकास को अधिकतम करना" है, जो प्रारंभिक बाल्यावस्था देखभाल और पोषण की महत्ता पर केंद्रित है। जिलाधिकारी आशुतोष द्विवेदी ने कहा कि बच्चे के जीवन के पहले 6 वर्ष उसके मस्तिष्क विकास के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण होते हैं।

इस पखवाड़े के दौरान आंगनवाड़ी केंद्रों पर, पोषण पंचायतें, मातृ एवं शिशु पोषण, मस्तिष्क विकास हेतु, प्रारंभिक प्रोत्साहन, खेल आधारित शिक्षा,स्क्रीन टाइम पर परामर्श और स्वस्थ जीवनशैली अभियान जैसी गतिविधियाँ आयोजित की जाएंगी।जिला प्रशासन ने आम जनता एवं अभिभावकों से अपील की है कि वे 9 से 23 अप्रैल के बीच अपने नजदीकी आंगनवाड़ी केंद्र पर आयोजित होने वाले कार्यक्रमों में अनिवार्य रूप से भाग लेकर अपने बच्चों के स्वर्णिम भविष्य की नींव रखने में सहयोग प्रदान करें।

## सीवेज उपचार संयंत्र के लिए तारीक अनवर की पहल, डीपीआर नहीं मिलने से फंसी स्वीकृति



**कटिहार,** (हि.स.)। सांसद तारिक अनवर ने कटिहार जिले के मनिहारी नगर पंचायत क्षेत्र में सीवेज उपचार संयंत्र (एसटीपी) के निर्माण के लिए केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखा था, जिसका जवाब प्राप्त हुआ है। पत्र में बताया गया है कि इस परियोजना के लिए अभी तक विस्तृत परियोजना प्रतिवेदन प्राप्त नहीं हुआ है, जिस कारण स्वीकृति की प्रक्रिया आगे नहीं बढ़ पाई है।

कटिहार जिला कांग्रेस कमेटी के प्रवक्ता पंकज कुमार तमाखुवाला ने उक्त जानकारी देते हुए बताया कि केंद्रीय मंत्री ने पत्र में कहा है कि मनिहारी की जनसंख्या एवं आवश्यकता को देखते हुए छोटे स्तर के सीवेज उपचार संयंत्र या अन्य वैकल्पिक समाधान पर भी विचार किया जा सकता है।

सांसद तारिक अनवर ने कहा कि वे क्षेत्र के विकास और मूलभूत सुविधाओं को लेकर निरंतर प्रयासरत हैं और इस विषय को आगे भी संबंधित विभागों के समक्ष मजबूती से उठाते रहेंगे, ताकि मनिहारी एवं आसपास के क्षेत्रों को शीघ्र बेहतर सुविधा मिल सके।

तारीक अनवर की इस पहल से मनिहारी के निवासियों को स्वच्छता और स्वास्थ्य सुविधाओं में सुधार की उम्मीद है। सांसद की इस पहल का क्षेत्रवासियों ने स्वागत किया है और उन्हें आशा है कि जल्द ही इस परियोजना को स्वीकृति मिलेगी।

# बिहार के फारबिसगंज में पार्किंग विवाद में डबल मर्डर,सड़क जाम और आगजनी कर प्रदर्शन,डॉक्टर गए हड़ताल पर

**अररिया** (हि.स.)अररिया जिले के फारबिसगंज थाना क्षेत्र स्थित कृषि उत्पादन बाजार समिति (विघटित) गेट संख्या दो के पास ठेला लगाने को लेकर हुए विवाद ने मंगलवार को हिंसक रूप ले लिया। मामूली कहासुनी के दौरान ठेला दुकानदार और पिकअप चालक के बीच विवाद बढ़ गया और स्थिति इतनी बिगड़ गई कि ठेला दुकानदार ने पिकअप चालक की गला रेतकर हत्या कर दी। इस दौरान धड़ को सिर से अलग कर दिया गया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई।





**भीड़ का उग्र रूप और दूसरी हत्या**: घटना के बाद मौके पर मौजूद लोगों ने आरोपी ठेला दुकानदार को पकड़कर पुलिस के हवाले कर दिया, लेकिन आक्रोशित भीड़ ने उसे पुलिस कस्टडी से छीन लिया और बेरहमी से पीट-पीटकर उसकी भी हत्या कर दी। इस तरह एक ही विवाद में दो लोगों की मौत हो गई। मृतकों की पहचान रवि चौहान और नबी हुसैन के रूप में हुई है। घटना के बाद इलाके में अफरा-तफरी और दहशत का माहौल फैल गया।

**प्रशासन की कार्रवाई और शांति बहाली**: घटना की सूचना मिलते ही जितेन्द्र कुमार (एसपी), विवेकानंद (आईजी) सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौके पर पहुंचे और हालात को नियंत्रित किया। पुलिस ने दोनों शवों का पोस्टमार्टम कराया और जांच शुरू कर दी है। प्रशासन ने लोगों से अफवाहों पर ध्यान न देने की अपील की है। वहीं, इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) ने अस्पताल में हुई तोड़फोड़ के विरोध में हड़ताल का आह्वान किया है। पुलिस फ्लैग मार्च कर स्थिति को सामान्य करने में जुटी रही।

> **सड़क जाम, आगजनी और तोड़फोड़**: दोहरी हत्या की खबर फैलते ही स्थानीय लोगों में आक्रोश बढ़ गया और फारबिसगंज के सुभाष चौक सहित कई स्थानों पर सड़क जाम कर दिया गया। प्रदर्शनकारियों ने आगजनी करते हुए विरोध जताया और अनुमंडलीय अस्पताल तथा आसपास के क्षेत्रों में एम्बुलेंस और वाहनों में तोड़फोड़ की। स्थिति को संभालने के लिए पुलिस को काफी प्रयास करने पड़े और कई जगहों पर तनावपूर्ण माहौल बना रहा।

## आरेलाल पासवान हत्या के मामले में मुख्य आरोपित रंजीत पासवान सुपौल से गिरफ्तार



**अररिया** (हि.स.)। बौसी थाना क्षेत्र के भवानीपुर अररिया टोला वार्ड संख्या पांच में दो दिन पूर्व गोली मारकर हुई 32 वर्षीय आरेलाल पासवान की हत्या मामले में पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। एसपी जितेन्द्र कुमार द्वारा गठित विशेष छापेमारी टीम ने मुख्य आरोपी रंजीत पासवान उर्फ बबलू को सुपौल से गिरफ्तार कर लिया। एसपी ने बताया कि आरोपी का आपराधिक इतिहास रहा है और वह पहले भी कई संगीन मामलों में शामिल रह चुका है। घटना के बाद से वह फरार था, जिसकी गिरफ्तारी के लिए विशेष टीम लगातार छापेमारी कर रही थी। पूछताछ में आरोपी ने अपनी संलिप्तता स्वीकार की है और अन्य साथियों के नाम भी बताए हैं। पुलिस उनकी गिरफ्तारी के लिए आगे की कार्रवाई कर रही है।

# अररिया में औपबंधिक मेधा सूची प्रकाशित, 23 अप्रैल 2026 तक आपत्ति दर्ज करने का अवसर

**अररिया** (हि.स.)। अररिया में सेविका पद से महिला पर्यवेक्षिका के पद पर नियोजन हेतु औपबंधिक मेधा सूची जारी कर दी गई है। जिला पदाधिकारी के निर्देशानुसार यह प्रक्रिया निर्धारित समयावधि में ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से संपन्न की गई। प्रथम चरण में 05.10.2025 से 31.10.2025 तक आवेदन लिए गए, जिसे बाद में विस्तारित कर 27.11.2025 से 15.12.2025 तक किया गया। निर्धारित अंतिम तिथि तक कुल 194 अभ्यर्थियों ने आवेदन समर्पित किए।

**प्रमाण पत्र सत्यापन की स्थिति** जिला पदाधिकारी-सह-अध्यक्ष चयन समिति के निर्देश पर 17.02.2026 से 20.02.2026 तक अभ्यर्थियों के मूल प्रमाण पत्रों का सत्यापन किया गया। इस प्रक्रिया में कुल 127 अभ्यर्थी उपस्थित हुए, जबकि 50 अभ्यर्थी अनुपस्थित रहीं। जांच के दौरान 17 अभ्यर्थी ऐसे पाए गए जो सेविका पद पर कार्यरत नहीं थे, जिसके कारण उनकी पात्रता पर प्रभाव पड़ा।

**मेधा सूची का आधार और बोनस अंक**: प्रमाण पत्र सत्यापन के उपरांत विभागीय मार्गदर्शिका के अनुसार औपबंधिक मेधा सूची तैयार की गई है। सेविका पद पर 10 वर्ष निरंतर सेवा देने वाली अभ्यर्थियों को 10 बोनस अंक प्रदान किए गए हैं, तथा 10 वर्ष से अधिक प्रत्येक पूर्ण वर्ष के लिए अतिरिक्त 1-1 अंक जोड़े गए हैं। वहीं, जिन अभ्यर्थियों ने सेविका पद पर रहते हुए नियमित मोड में इंटरमीडिएट, स्नातक या स्नातकोत्तर परीक्षा उत्तीर्ण की है, उन्हें बोनस अंक का लाभ नहीं दिया गया है।

> **01**: 10 वर्ष की निरंतर सेवा पर 10 बोनस अंक तथा उसके बाद प्रत्येक वर्ष के लिए 1-1 अतिरिक्त अंक प्रदान किए गए।
>
> **02**: नियमित मोड में इंटरमीडिएट/स्नातक/स्नातकोत्तर करने वाली सेविकाओं को बोनस अंक का लाभ नहीं दिया गया।

**आपत्ति दर्ज करने की प्रक्रिया और अंतिम तिथि**: प्रकाशित औपबंधिक मेधा सूची जिला के आधिकारिक वेबसाइट NIC (https://araria.nic.in) पर उपलब्ध कराई गई है। इस सूची पर किसी भी प्रकार की आपत्ति दर्ज करने के लिए अभ्यर्थी 09.04.2026 से 23.04.2026 तक कार्यालय अवधि में जिला प्रोग्राम पदाधिकारी आईसीडीएस-सह-सदस्य सचिव, अररिया के कार्यालय (समाहरणालय परिसर) में लिखित रूप से साक्ष्य सहित आवेदन कर सकते हैं। आपत्तियां हाथों-हाथ या निबंधित डाक के माध्यम से स्वीकार की जाएंगी।

## दिल्ली से चोरी कर भाग रहा पश्चिम बंगाल का नौकर गिरफ्तार



**अररिया** (हि.स.)। अररिया में पुलिस ने गुप्त सूचना के आधार पर बड़ी सफलता हासिल करते हुए करोड़ों रुपये के चोरी के सामान के साथ एक नौकर को गिरफ्तार किया है। आरोपी की पहचान अख्तर अली के रूप में हुई है, जो पश्चिम बंगाल के उत्तर दिनाजपुर जिले के चोपरा थाना क्षेत्र का निवासी है। वह दिल्ली के अमर कॉलोनी स्थित अरुण ठकराल के घर में नौकर के रूप में कार्यरत था। पुलिस के अनुसार, आरोपी ने मालिक की अनुपस्थिति का फायदा उठाकर घर से सोने-चांदी के जेवरात, नकदी, विदेशी मुद्रा और अन्य कीमती सामान चोरी कर लिया और फरार हो गया। सूचना मिलने पर अररिया बस स्टैंड के पास संदिग्ध अवस्था में उसे तीन ट्राली बैग के साथ पकड़ा गया। तलाशी के दौरान उसके पास से सोने-चांदी के आभूषण, बड़ी मात्रा में नकदी, विदेशी करेंसी और अन्य सामान बरामद किया गया, जिसकी कीमत करोड़ों रुपये आंकी जा रही है। कार्रवाई का नेतृत्व सुशील कुमार ने किया, जबकि मामले की जानकारी जितेन्द्र कुमार ने दी। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की जांच शुरू कर दी है।

## अररिया में सहकारिता विभाग की समीक्षा बैठक, विनोद दूहन ने दिए कई महत्वपूर्ण निर्देश



**अररिया** (हि.स.)। जिला पदाधिकारी की अध्यक्षता में सहकारिता विभाग के कार्यों की समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में अररिया के जिला पदाधिकारी विनोद दूहन ने विभागीय योजनाओं और चल रहे कार्यों की विस्तृत समीक्षा की। इस दौरान धान अधिप्राप्ति, पैक्सों के कंप्यूटरीकरण, उर्वरक व्यवसाय, गोदाम निर्माण तथा प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र से संबंधित प्रगति पर विस्तार से चर्चा की गई। जिलाधिकारी ने धान अधिप्राप्ति कार्य की गहन जांच कराने का निर्देश दिया, ताकि इसमें पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित की जा सके। उन्होंने पैक्सों के कंप्यूटरीकरण की प्रक्रिया में तेजी लाने पर जोर देते हुए कहा कि इससे कार्यप्रणाली अधिक पारदर्शी और सुचारू होगी। साथ ही पैक्स स्तर पर उर्वरक व्यवसाय की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिया गया कि किसानों को समय पर और पर्याप्त मात्रा में उर्वरक उपलब्ध कराया जाए। इसके अतिरिक्त गोदाम निर्माण कार्य की वर्तमान स्थिति की भी समीक्षा की गई और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। बैठक में पैक्सों में प्रधानमंत्री जन औषधि केंद्र खोलने की संभावनाओं पर भी विचार-विमर्श किया गया, जिसे जनहित में महत्वपूर्ण पहल बताया गया। बैठक में सहकारिता विभाग के सभी संबंधित पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म के तीन नामजद आरोपित गिरफ्तार



**अररिया** (हि.स.)। अररिया 09 अप्रैल(हि.स.)। सिकटी के पलासमनी में नाबालिग बच्ची के साथ सामूहिक दुष्कर्म मामले में एसपी के द्वारा गठित एसआईटी ने तीन नामजद आरोपितों को गिरफ्तार किया। गुरुवार शाम एसपी जितेन्द्र कुमार ने बताया कि पलासमनी भीड़भिडी वार्ड संख्या तीन के रहने वाले नामजद आरोपित 25 वर्षीय दीपक कुमार पासवान ,30 वर्षीय रामविलास पासवान और 28 वर्षीय तिलानंद पासवान को गिरफ्तार किया।गिरफ्तार तीनों आरोपितों को न्यायिक हिरासत में जेल भेज दिया गया है।

एसपी ने बताया कि 3 अप्रैल को पीड़िता की मां ने सिकटी थाना में आवेदन दिया था,जिसमें पीड़िता की मां द्वारा बताया गया कि 25 मार्च के शाम को पीड़िता के शौच करने के क्रम में चार युवकों के द्वारा मुंह में कपड़ा बांध कर जबरन मकई के खेत में सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था।तिलानंद पासवान द्वारा मोबाइल में घटना का वीडियो भी बनाया गया था और मामले की जानकारी देने पर उसे वायरल कर देने की धमकी दी थी।

एसपी ने बताया कि मामले की गंभीरता को देखते हुए एसआईटी का गठन किया गया था।मामले को लेकर सिकटी थाना में कांड संख्या 03/25 दिनांक 03.04.26. भारा-70/85/3(5) बीएनएस 2023.4/6/13 पॉक्सो एक्ट 2012 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी।गठित एसआईटी पुलिस टीम ने तकनीकी अनुसंधान और गुप्त सूचना के आधार पर त्वरित कार्रवाई करते हुए नामजद चार आरोपितों में से तीन को गिरफ्तार किया,जबकि मामले में एक अन्य आरोपी लालमोहन पासवान फरार है,जिसकी गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने की बात एसपी ने कही।इन आरोपितों की गिरफ्तारी नेपाल भारत सीमा के पास से गिरफ्तार किया गया है। छापामारी दल में सिकटी थानाध्यक्ष रौशन कुमार, अपर थानाध्यक्ष कंचन कुमार,एसआई पिंकी कुमारी,सौरभ कुमार,शंकर कुमार एवं डीआईयू की टीम शामिल थी

## ऑपरेशन मुस्कान के तहत 41 लोगों को मिला मोबाइल



**भागलपुर,** (हि.स.)। भागलपुर पुलिस ने एक बार फिर अपने ऑपरेशन मुस्कान के जरिए मिसाल पेश की है। वरीय पुलिस अधीक्षक ने गुरुवार को अपने कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 41 मोबाइल धारकों को उनके खोए हुए मोबाइल फोन वापस सौंपे।

बरामद किए गए इन मोबाइलों की कुल कीमत करीब 9 लाख रुपये आंकी गई है। मोबाइल पाकर लोगों के चेहरे पर खुशी साफ झलक रही थी। कई लोगों ने कहा कि उन्हें उम्मीद नहीं थी कि उनका खोया मोबाइल वापस मिल पाएगा, लेकिन पुलिस की मेहनत ने यह संभव कर दिखाया।

पुलिस अधिकारियों के अनुसार तकनीकी सेल और लगातार अभियान चलाकर इन मोबाइलों को ट्रेस कर बरामद किया गया है। ऑपरेशन मुस्कान के जरिए भागलपुर पुलिस न सिर्फ लोगों की खोई संपत्ति लौटा रही है बल्कि जनता के बीच भरोसा भी मजबूत कर रही है।

# जिलाधिकारी ने खनुआ नाला एवं स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज का किया स्थलीय निरीक्षण

**न्यूज स्केल सारण,**

जिलाधिकारी श्री वैभव श्रीवास्तव ने छपरा में खनुआ नाला, स्टॉर्म वाटर ड्रेनेज व्यवस्था तथा जल निकासी की वर्तमान स्थिति का स्थलीय निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विभिन्न स्थानों पर चल रहे निर्माण एवं रखरखाव कार्यों की प्रगति की समीक्षा की और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने स्पष्ट कहा कि वर्षा ऋतु को ध्यान में रखते हुए सभी ड्रेनेज सिस्टम को पूरी तरह सक्रिय और सुचारू रखना अनिवार्य है।



**स्लुइस गेट एवं आईपीएस की मरम्मत पर जोर :** रूपगंज में स्थित आईपीएस-1 और पास के स्लुइस गेट का निरीक्षण करते हुए जिलाधिकारी ने स्लुइस गेट की प्राथमिकता के आधार पर मरम्मत कराने का निर्देश दिया। साथ ही खनुआ नाला के निर्मित भाग और आईपीएस-1 के बीच लगभग 50 मीटर के गैप में पक्का नाला निर्माण को स्कोप में शामिल कर शीघ्र कार्रवाई सुनिश्चित करने को कहा। उन्होंने यह भी निर्देश दिया कि आईपीएस एवं एसटीपी वर्षा के दौरान भी निरंतर कार्यशील रहें, इसके लिए आवश्यकतानुसार जाली एवं फिल्टर लगाए जाएं।

**ड्रेनेज व्यवस्था की निगरानी और आगे की योजना :** पूरे छपरा शहर के ड्रेनेज और अतिक्रमण की स्थिति का ड्रोन सर्वे कराया गया है।



**नालों की उड़ाही और अतिक्रमण हटाने के निर्देश :** छोटी तेलपा, भिखारी ठाकुर चौक, गड़खा ढाला एवं कारिंगा सहित विभिन्न क्षेत्रों में नालों की गहरी उड़ाही कराने का निर्देश दिया गया। जटहि पोखरा क्षेत्र में जल निकासी संरचना पर अतिक्रमण हटाने के लिए अंचलाधिकारी सदर को प्राथमिकता से कार्रवाई करने को कहा गया। इसके अतिरिक्त रेलवे लाइन के किनारे स्थित नाले की सफाई और कलवर्ट को सीधे नाले से जोड़ने के लिए रेलवे के साथ समन्वय स्थापित करने का निर्देश दिया गया।

इस आधार पर नगर निगम के साथ पुनः बैठक कर आगे की रणनीति तय की जाएगी। निरीक्षण के दौरान नगर आयुक्त, अनुमंडल पदाधिकारी सदर, कार्यपालक अभियंता आरसीडी, परियोजना निदेशक बुडको एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। जिलाधिकारी ने सभी एजेंसियों को आपसी समन्वय के साथ कार्य कर समयबद्ध समाधान सुनिश्चित करने का निर्देश दिया।

# जिलाधिकारी ने शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड परियोजना का किया निरीक्षण

**न्यूज स्केल सारण,**

■ **मौके पर मौजूद अधिकारियों के साथ कार्य की गुणवत्ता और गति को लेकर विस्तार से चर्चा की।**

जिलाधिकारी वैभव श्रीवास्तव ने दिघवारा में शेरपुर-दिघवारा रिंग रोड खंड का स्थलीय निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने निर्माण कार्य की प्रगति की जानकारी ली और मौके पर मौजूद अधिकारियों से कार्य की गुणवत्ता एवं गति पर विस्तार से चर्चा की। पटना रिंग रोड परियोजना के तहत यह खंड एनएचएआई द्वारा विकसित किया जा रहा है, जो क्षेत्रीय आवागमन को सुगम बनाने में अहम भूमिका निभाएगा।



**समयसीमा में कार्य पूर्ण करने पर जोर :** निरीक्षण के दौरान एनएचएआई के अभियंताओं एवं संवेदक प्रतिनिधियों को निर्माण कार्य में तेजी लाने और निर्धारित समयसीमा के भीतर परियोजना को पूरा करने का निर्देश दिया गया। इस अवसर पर अनुमंडल पदाधिकारी, प्रखंड विकास पदाधिकारी, अंचल अधिकारी सहित अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित थे।

**मुआवजा भुगतान के लिए विशेष शिविर लगाने का निर्देश :** जिलाधिकारी ने स्थानीय रैयतों की भू-अर्जन से संबंधित समस्याओं के त्वरित समाधान के लिए दो दिनों तक लगातार विशेष शिविर आयोजित करने का निर्देश दिया। उन्होंने कहा कि मुआवजा भुगतान में पारदर्शिता और समयबद्धता सुनिश्चित की जाए ताकि किसी भी प्रभावित व्यक्ति को अनावश्यक परेशानी न हो।

# जिले में एलपीजी गैस की आपूर्ति सामान्य, पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध

**न्यूज स्केल नवादा,**

जिले नवादा में एलपीजी गैस सिलेंडर की आपूर्ति व्यवस्था पूरी तरह सामान्य बनी हुई है। प्रभारी जिला आपूर्ति पदाधिकारी डॉ. राज कुमार सिन्हा ने बताया कि वर्तमान में गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और सभी उपभोक्ताओं को नियमित रूप से आपूर्ति की जा रही है।



**प्रशासन की सतत निगरानी**
जिला प्रशासन द्वारा गैस आपूर्ति व्यवस्था पर लगातार निगरानी रखी जा रही है। सभी गैस एजेंसियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि वे निर्धारित समय-सीमा के भीतर पारदर्शी तरीके से उपभोक्ताओं तक सिलेंडर पहुंचाना सुनिश्चित करें, ताकि किसी प्रकार की असुविधा न हो।

**शिकायत निवारण तंत्र सक्रिय**
गैस आपूर्ति से संबंधित शिकायतों के त्वरित समाधान हेतु जिला नियंत्रण कक्ष लगातार कार्यरत है। दूरभाष संख्या 06324-212122 पर प्राप्त 317 शिकायतों में से 256 का निवारण किया जा चुका है, जबकि शेष शिकायतों का शीघ्र समाधान किया जा रहा है।

**पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध:** जिले में उपलब्ध नवीनतम आंकड़ों के अनुसार 14.2 किलोग्राम श्रेणी के कुल 12,218 गैस सिलेंडर स्टॉक में मौजूद हैं। इनमें एचपीसीएल के 2,437, बीपीसीएल के 7,344 एवं आईओसीएल के 2,437 सिलेंडर शामिल हैं। यह स्टॉक वर्तमान मांग को पूरा करने के लिए पर्याप्त है।

**छापामारी एवं अफवाहों पर कार्रवाई :** जमाखोरी एवं कालाबाजारी रोकने के लिए सभी प्रखंडों में विशेष छापामारी दल गठित किए गए हैं, जो नियमित निरीक्षण कर रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि पेट्रोल, डीजल एवं गैस से संबंधित किसी भी प्रकार की अफवाह फैलाने वालों पर विधिसम्मत कार्रवाई की जाएगी। आमजन से अपील की गई है कि वे अफवाहों से बचें और आवश्यकतानुसार ही गैस सिलेंडर की बुकिंग करें।

# यूपी पुलिस ने सुगौली से नव दंपति को लिया हिरासत में




**पूर्वी चंपारण,** (हि.स.)। सुगौली थाना क्षेत्र के एक गांव से उत्तर प्रदेश की पुलिस टीम ने एक नव दंपति को हिरासत में लेकर अपने साथ ले गई। इस कार्रवाई से इलाके में कुछ देर के लिए हलचल का माहौल बन गया। सुगौली थानाध्यक्ष अनीश कुमार सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश से आई पुलिस टीम ने स्थानीय पुलिस के सहयोग से इस कार्रवाई को अंजाम दिया।
जानकारी के अनुसार गिरफ्तार युवक पर उत्तर प्रदेश के हरदोई जिले के पाली थाना में लड़की के अपहरण का मामला कांड संख्या 3/2026 दर्ज होने के बाद यूपी पुलिस टीम युवक की तलाश में सुगौली पहुंची थी। जांच के क्रम में पुलिस को सूचना मिली कि युवक पिछले दिनों लड़की से शादी कर गांव में नव दम्पति के रूप में साथ-साथ रह रहे हैं।इसके बाद यूपी पुलिस के उपनिरीक्षक घनश्याम सिंह के नेतृत्व में टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से छापेमारी कर दोनों को हिरासत में ले लिया।उपनिरीक्षक सिंह ने बताया कि दोनों को गिरफ्तार कर आगे की कार्रवाई के लिए अपने राज्य के थाना ले जाया जा रहा है। जहां दर्ज धाराओं के अनुसार कानूनी प्रक्रिया पूरी की जाएगी।
स्थानीय थानाध्यक्ष ने भी इस पूरी कार्रवाई की पुष्टि करते हुए बताया कि यह कार्रवाई विधि-सम्मत तरीके से की गई है और इसमें सुगौली पुलिस ने पूर्ण सहयोग प्रदान किया

# नालंदा में पोषण पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ, 23 अप्रैल तक चलेंगे विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम

**न्यूज स्केल नालंदा,**

दिनांक 9 अप्रैल 2026 को उप विकास आयुक्त शुभम कुमार द्वारा दीप प्रज्ज्वलित कर पोषण पखवाड़ा 2026 का शुभारंभ किया गया। महिला एवं बाल विकास मंत्रालय, भारत सरकार के निर्देशानुसार यह अभियान 9 अप्रैल से 23 अप्रैल 2026 तक जिले के सभी प्रखंडों, पंचायतों एवं आंगनबाड़ी केंद्रों पर व्यापक स्तर पर आयोजित किया जाएगा।




**1** कुपोषण उन्मूलन के लिए प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, ICDS एवं समुदाय की सहभागिता पर जोर दिया गया।

**2** पखवाड़ा के दौरान रैली, ग्राम सभा, स्वास्थ्य जांच, एनीमिया स्क्रीनिंग और पोषण परामर्श जैसी गतिविधियाँ होंगी।

**प्रमुख गतिविधियाँ एवं अभियान**
पखवाड़ा के अंतर्गत पोषण जागरूकता रैली, पोषण पंचायत/ग्राम सभा, गोद भराई एवं अन्नप्राशन, एनीमिया स्क्रीनिंग, वृद्धि निगरानी (Growth Monitoring), पोषण परामर्श सत्र, पोषण प्रदर्शनी, चित्रकला एवं निबंध प्रतियोगिता तथा डोर-टू-डोर जागरूकता अभियान संचालित किए जाएंगे। साथ ही मीडिया एवं IEC गतिविधियों के माध्यम से व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाएगा।

**समन्वय और जनभागीदारी पर जोर :** उप विकास आयुक्त ने सभी विभागों को आपसी समन्वय के साथ निर्धारित गतिविधियों को प्रभावी ढंग से लागू करने और अधिक से अधिक लाभार्थियों तक पोषण संबंधी संदेश पहुँचाने का निर्देश दिया। कार्यक्रम में ICDS, स्वास्थ्य विभाग, आंगनबाड़ी सेविका/सहायिका, जीविका दीदी सहित अन्य गणमान्य उपस्थित रहे। उन्होंने कहा कि "सही पोषण, स्वस्थ जीवन की आधारशिला है" और इसे जन आंदोलन का रूप देना आवश्यक है।

**मुख्य थीम एवं उद्देश्य**
इस वर्ष की थीम "बचपन के 6 साल, पोषण पढ़ाई के लिए बेमिसाल" निर्धारित की गई है। कार्यक्रम के दौरान जिला प्रोग्राम पदाधिकारी द्वारा पोषण पखवाड़ा के उद्देश्यों और प्रस्तावित गतिविधियों की विस्तृत जानकारी दी गई। उप विकास आयुक्त ने कहा कि कुपोषण उन्मूलन एक सामूहिक जिम्मेदारी है, जिसमें प्रशासन, स्वास्थ्य विभाग, ICDS, पंचायत प्रतिनिधि एवं समुदाय की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है।

# बेतिया में एलपीजी आपूर्ति को लेकर 11 अप्रैल से सघन जांच अभियान

**न्यूज स्केल बेतिया**

बेतिया जिले में एलपीजी आपूर्ति व्यवस्था को लेकर प्रशासन अब पूरी तरह एक्शन मोड में आ गया है। अपर समाहर्ता-सह-जिला आपूर्ति पदाधिकारी अनिल कुमार सिन्हा ने स्पष्ट किया है कि गैस आपूर्ति में किसी भी प्रकार की किल्लत या अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।
उन्होंने बताया कि हाल ही में जिला पदाधिकारी द्वारा मझौलिया स्थित एक गैस एजेंसी का औचक निरीक्षण किया गया, जिसमें कई गंभीर अनियमितताएं सामने आईं। मामले की गंभीरता को देखते हुए संबंधित एजेंसी प्रबंधक के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के निर्देश दिए गए हैं। प्रशासनिक टीम लगातार जिलेभर में निगरानी कर रही है और जहां भी आपूर्ति व्यवस्था में कमी पाई जा रही है, उसे तत्काल दुरुस्त किया जा रहा है। एलपीजी बैकलॉग में भी तेजी से कमी आई है, जिससे उपभोक्ताओं को राहत मिल रही है। हालांकि, कुछ स्थानों से अब भी शिकायतें मिल रही हैं कि नंबर लगाने के बावजूद समय पर गैस उपलब्ध नहीं हो पा रही है, जिस पर प्रशासन ने कड़ा रुख अपनाया है।



इसी क्रम में 11 अप्रैल से पूरे जिले में सघन जांच अभियान चलाया जाएगा। इस दौरान किसी भी प्रकार की गड़बड़ी मिलने पर सीधे एफआईआर दर्ज कर कठोर कार्रवाई सुनिश्चित की जाएगी।
वर्तमान में जिले में 22,160 एलपीजी सिलेंडरों का पर्याप्त स्टॉक उपलब्ध है, जबकि बीते दिन 11,971 सिलेंडरों की डिलीवरी की गई है।
प्रशासन ने लोगों से अपील की है कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें और किसी भी समस्या के लिए जिला कंट्रोल रूम के नंबर 06254-247002 एवं 06254-247003 पर संपर्क करें।

# बेनीपुर के फर्नीचर उद्योग में लगी भीषण आग, लाखों की संपत्ति जलकर राख



**दरभंगा,** (हि.स.)। जिले के बेनीपुर नगर परिषद क्षेत्र के आशापुर स्थित काजल फर्नीचर उद्योग में गुरुवार की अहले सुबह लगभग तीन बजे अचानक आग लग जाने से अफरातफरी मच गई। इस घटना में तैयार और अर्धनिर्मित सभी फर्नीचर जलकर राख हो गए। आग से लगभग छह से सात लाख रुपये तक के नुकसान का अनुमान लगाया जा रहा है। पीड़ित दुकानदार सनोज शर्मा ने बताया कि सुबह उन्हें सूचना मिली कि उनकी दुकान में आग लग गई है। जब वे अपने घर नंदापट्टी से आशापुर स्थित दुकान पर पहुंचे, तब तक आग बेकाबू हो चुकी थी।
घटना की सूचना तुरंत अग्निशमन विभाग को दी गई। स्थानीय लोगों और दमकल कर्मियों के संयुक्त प्रयास से काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया गया, लेकिन तब तक दुकान के अंदर रखी सभी सामग्री जलकर नष्ट हो चुकी थी।आग लगने के कारणों का अब तक स्पष्ट पता नहीं चल सका है। घटना के बाद पीड़ित व्यवसायी सनोज शर्मा ने आवेदन देकर प्रशासन से उचित मुआवजे की मांग की है।

# शादी के नाम पर ठगी करने वाले महिला सहित नौ गिरफ्तार, गिरोह का भंडाफोड़



**बक्सर,** (हि.स.)। बक्सर जिले में शादी के नाम पर ठगी करने वाले एक संगठित गिरोह का पुलिस ने खुलासा किया है। इस कार्रवाई में महिला सहित कुल नौ आरोपियों को गिरफ्तार किया गया। पुलिस ने इनके पास से 40 हजार रुपये नकद और कई आभूषण भी बरामद किए हैं। जांच में पता चला कि यह गिरोह योजनाबद्ध तरीके से लोगों को निशाना बनाता था और अलग-अलग पहचान के जरिए खुद को एक ही परिवार के सदस्य के रूप में प्रस्तुत करता था।

**नकली दुल्हन और फर्जी रिश्तेदारों की साजिश :** पुलिस के अनुसार, गिरोह में शामिल नकली दुल्हन पहले से शादीशुदा है और उसकी एक 13 वर्षीय बेटी भी है। आरोपी दुल्हन के साथ कथित मां, भाई-बहन और अन्य रिश्तेदार बनकर पीड़ित परिवार को भरोसे में लेते थे। ये सभी अलग-अलग क्षेत्रों से आते थे और मिलकर पूरी साजिश को अंजाम देते थे।

**फर्जी शादी की पूरी योजना**
पीड़िता रमा देवी के मुताबिक, फरीदाबाद से संपर्क कराया गया था। फरीदाबाद में एक महिला ने रिश्ते का झांसा देकर संपर्क स्थापित कराया। बाद में कोर्ट मैरिज और पारंपरिक शादी का भरोसा दिया गया। पीड़ित परिवार को बक्सर बुलाकर एक लॉज में ठहराया गया और शादी की औपचारिकताएं पूरी कराई गईं।

**रस्मों के दौरान ठगी और पुलिस कार्रवाई :** शादी की रस्में चौसा के महादेवा घाट पर कराई गईं, जहां दुल्हन पक्ष ने गहने और नकद रकम ले ली। बाद में रास्ते में दुल्हन को जबरन उतारकर आरोपी फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक आरोपी को मौके से गिरफ्तार कर लिया और आगे की जांच शुरू कर दी।

# जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की बैठक सम्पन्न, खाद्यान्न व्यवस्था सुधारने पर जोर

**न्यूज स्केल बेतिया**

■ **बैठक में खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने हेतु विभिन्न बिंदुओं की गहन समीक्षा की गई।**

■ **राशन कार्ड आवेदनों के निष्पादन, ई-केवाईसी और टैगिंग कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए गए।**



जिला पदाधिकारी तरनजोत सिंह की अध्यक्षता में समाहरणालय सभागार में जिला आपूर्ति टास्क फोर्स की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिले की खाद्यान्न आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ एवं पारदर्शी बनाने को लेकर विस्तृत समीक्षा की गई तथा कई अहम निर्देश दिए गए।बैठक के दौरान ऑनलाइन राशन कार्ड आवेदनों के निष्पादन, अनुमंडल एवं प्रखंड स्तर पर लंबित मामलों, राशन कार्ड टैगिंग, ई-केवाईसी, जन वितरण प्रणाली (पीडीएस) दुकानों के निरीक्षण, डोर स्टेप डिलीवरी, खाद्यान्न वितरण, धान अधिप्राप्ति एवं गेहूं आपूर्ति सहित विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा हुई। अपर समाहर्ता सह जिला आपूर्ति पदाधिकारी श्री अनिल कुमार सिन्हा ने पीपीटी के माध्यम से प्रगति की जानकारी प्रस्तुत की।जिला पदाधिकारी ने स्पष्ट निर्देश दिया कि राशन कार्ड से मृत व्यक्तियों के नाम हर हाल में हटाए जाएं तथा फर्जी एवं संदिग्ध लाभुकों की जांच कर पात्र पाए जाने पर ही लाभ दिया जाए। उन्होंने एसडीएम एवं एडीएसओ को दैनिक समीक्षा कर दो सप्ताह के भीतर कार्य पूर्ण करने का निर्देश दिया। लंबित आवेदनों के शीघ्र निष्पादन पर विशेष जोर दिया गया।
इसके साथ ही पीडीएस दुकानों के नियमित निरीक्षण, खाद्यान्न के समय पर उठाव एवं वितरण सुनिश्चित करने तथा लापरवाही बरतने वाली एजेंसियों पर सख्त कार्रवाई करने के निर्देश भी दिए गए।

# महिला आरक्षण विधेयक पर प्रधानमंत्री ने सभी राजनीतिक दलों से व्यापक समर्थन का किया आह्वान



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने महिला आरक्षण से जुड़े विधेयक को ऐतिहासिक बताते हुए सभी राजनीतिक दलों से इसके समर्थन की अपील की है। अपने लेख में उन्होंने कहा कि भारत 21वीं सदी के विकास पथ पर एक ऐसे महत्वपूर्ण मोड़ पर खड़ा है, जहां लोकतंत्र को अधिक समावेशी और प्रतिनिधिक बनाने का अवसर है। प्रधानमंत्री ने कहा कि संसद का विशेष सत्र केवल एक विधायी प्रक्रिया नहीं, बल्कि करोड़ों महिलाओं की आकांक्षाओं का प्रतिबिंब है। यह पहल लोकसभा और राज्य विधानसभाओं में महिलाओं की भागीदारी बढ़ाने की दिशा में निर्णायक कदम साबित होगी। उन्होंने देशभर में मनाए जा रहे रोंगाली बिहू, पोइला बैशाख, विषु, पुथांडु और बैसाखी जैसे पर्वों का उल्लेख करते हुए कहा कि ये त्योहार देश में नई ऊर्जा और सकारात्मकता का संचार करते हैं। साथ ही 11 अप्रैल से शुरू हो रही ज्योतिराव फुले की 200वीं जयंती और 14 अप्रैल को भीमराव अंबेडकर की जयंती का जिक्र करते हुए उन्होंने सामाजिक न्याय और समानता के मूल्यों को याद किया। प्रधानमंत्री ने कहा कि महिलाओं ने विज्ञान, तकनीक, खेल और सशस्त्र बलों सहित हर क्षेत्र में अपनी मजबूत उपस्थिति दर्ज कराई है, लेकिन राजनीति में उनका प्रतिनिधित्व अभी भी कम है। उन्होंने कहा कि महिलाओं की नीति-निर्माण में भागीदारी से शासन अधिक संवेदनशील और संतुलित बनता है। उन्होंने सितंबर 2023 में पारित 'नारी शक्ति वंदन अधिनियम' को एक ऐतिहासिक उपलब्धि बताते हुए कहा कि अब समय आ गया है कि इसे पूरी तरह लागू किया जाए। प्रधानमंत्री ने सुझाव दिया कि 2029 के लोकसभा चुनाव और आगामी विधानसभा चुनावों में महिला आरक्षण को लागू किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री ने कहा कि यह मुद्दा किसी एक दल का नहीं, बल्कि पूरे राष्ट्र का है। उन्होंने सभी सांसदों से अपील की कि वे इस अवसर को समझें और विधेयक के समर्थन में आगे आएं। उन्होंने विश्वास जताया कि यह कदम भारतीय लोकतंत्र को अधिक मजबूत, समावेशी और भविष्य के अनुरूप बनाएगा।

# पेट्रोलियम मंत्री हरदीप पुरी कतर दौरे पर



**नई दिल्ली,** (हि.स.)पश्चिम एशिया में जारी संकट के बीच केंद्रीय पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्री हरदीप सिंह पुरी गुरुवार (9 अप्रैल) को दो दिवसीय आधिकारिक यात्रा पर कतर रवाना हो रहे हैं। पेट्रोलियम एवं प्राकृतिक गैस मंत्रालय ने एक्स पर एक पोस्ट में बताया कि पश्चिम एशिया संकट के बीच मंत्री हरदीप पुरी 9-10 अप्रैल को दो दिवसीय कतर के आधिकारिक दौरे पर रहेंगे। चूंकि, भारत अपनी जरूरत का एक बड़ा हिस्सा कतर से मंगवाता है, इसलिए यह यात्रा भारत की रसोई और इंडस्ट्री के लिए बेहद अहम है। भारत अपनी जरूरत का लगभग 40 फीसदी लिक्विफाइड नेचुरल गैस (एलएनजी) कतर से आयात करता है। पश्चिम एशिया संकट के दौरान ईरान ने कतर के बड़े नेचुरल गैस प्लांट्स पर मिसाइल हमला किया, जिससे कतर की 17 फीसदी एक्सपोर्ट कैपेसिटी प्रभावित हुई है। कतरएनर्जी के मुताबिक इन प्लांट्स को ठीक होने में 3 से 5 साल लग सकते हैं। ऐसे में भारत के लिए गैस की बिना रुकावट सप्लाई सुनिश्चित करना सबसे बड़ी चुनौती है, जिस पर चर्चा करने के लिए हरदीप पुरी कतर के अधिकारियों से मिलेंगे।

उल्लेखनीय है कि घरेलू रसोई गैस सप्लाई को लेकर फैल रही चिंताओं के बीच पेट्रोलियम मंत्रालय ने साफ किया है कि देश में एलपीजी सिलेंडर की सप्लाई पूरी तरह सामान्य है। सात अप्रैल को एक ही दिन में रिकॉर्ड 53.5 लाख से अधिक घरेलू रसोई गैस सिलेंडर डिलीवर किए गए। ऑनलाइन बुकिंग में 95 फीसदी का उछाल आया है, जिससे सप्लाई चेन पारदर्शी हुई है। ब्लैक मार्केटिंग को रोकने के लिए डिलीवरी ऑथेंटिकेशन कोड (डीएसी) का इस्तेमाल 91 फीसदी तक बढ़ गया है।

# देश की वित्तीय खुफिया इकाई और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र का समझौता



**नई दिल्ली,** (हि.स.)देश में साइबर धोखाधड़ी और वित्तीय अपराधों पर लगाम कसने के उद्देश्य से वित्तीय खुफिया इकाई (FIU-IND) और भारतीय साइबर अपराध समन्वय केंद्र (I4C) के बीच गुरुवार को एक महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। यह कदम डिजिटल युग में बढ़ते साइबर अपराधों के खिलाफ समन्वित कार्रवाई को और मजबूत करेगा। वित्त मंत्रालय के अनुसार, इस एमओयू पर FIU-IND के निदेशक अमित मोहन गोविल और I4C के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राजेश कुमार ने हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों एजेंसियों के बीच खुफिया जानकारी के आदान-प्रदान और सहयोग के नए दौर की शुरुआत मानी जा रही है। इस सहयोग के तहत संदिग्ध वित्तीय गतिविधियों की पहचान, विश्लेषण और रोकथाम में तेजी लाई जाएगी। साथ ही, डिजिटल लेनदेन को सुरक्षित बनाने, वित्तीय धोखाधड़ी को रोकने और अवैध संपत्तियों की वसूली में जांच एजेंसियों को सहायता मिलेगी। उल्लेखनीय है कि FIU-IND जहां मनी लॉन्ड्रिंग और आतंकवाद के वित्तपोषण पर निगरानी रखती है, वहीं I4C देशभर में साइबर अपराध से निपटने के लिए कानून प्रवर्तन एजेंसियों को एकीकृत मंच उपलब्ध कराता है।

## सर्राफा बाजार में उछली चांदी, वायदा बाजार के भाव में आई गिरावट




**नई दिल्ली,** (हि.स.) नई दिल्ली में घरेलू सर्राफा बाजार में हाजिर चांदी की कीमतों में जोरदार तेजी दर्ज की गई, जबकि वायदा बाजार में गिरावट देखने को मिली। दिल्ली सहित कई शहरों जैसे मुंबई, कोलकाता और अहमदाबाद में चांदी अलग-अलग स्तरों पर कारोबार कर रही है। वहीं मल्टी कमोडिटी एक्सचेंज (एमसीएक्स) पर सोना और चांदी दोनों में कमजोरी दर्ज हुई, जबकि अंतरराष्ट्रीय बाजार COMEX पर भी गिरावट का रुख रहा।

मार्केट एक्सपर्ट मयंक मोहन के अनुसार पश्चिम एशिया में जारी तनाव और सीजफायर को लेकर अनिश्चितता के कारण बाजार में उतार-चढ़ाव बढ़ा है। वैश्विक हालात के असर से निवेशकों में सतर्कता बनी हुई है, जिससे वायदा बाजार में गिरावट और सर्राफा बाजार में अस्थिरता देखने को मिल रही है।

## सब्सक्रिप्शन के लिए खुला ओम पावर का आईपीओ, 17 अप्रैल को हो सकती है लिस्टिंग

**नई दिल्ली,** (हि.स.) ओम पावर ट्रांसमिशन का 150.06 करोड़ रुपये का आईपीओ 09 अप्रैल से सब्सक्रिप्शन के लिए खुल गया है। निवेशक 13 अप्रैल तक इसमें बोली लगा सकते हैं। प्राइस बैंड 166 से 175 रुपये प्रति शेयर और लॉट साइज 85 शेयर तय किया गया है। रिटेल निवेशकों के लिए न्यूनतम निवेश लगभग 14,875 रुपये है, जबकि अधिकतम 13 लॉट तक आवेदन किया जा सकता है।



**अलॉटमेंट और लिस्टिंग शेड्यूल:** इस आईपीओ का अलॉटमेंट 15 अप्रैल को किया जाएगा, जबकि 16 अप्रैल को शेयर निवेशकों के डीमैट खाते में क्रेडिट होंगे। कंपनी के शेयर 17 अप्रैल को बीएसई और एनएसई पर लिस्ट होने की संभावना है।

**वित्तीय प्रदर्शन और निवेश संरचना:** कंपनी के वित्तीय प्रदर्शन में लगातार सुधार देखा गया है, जिसमें मुनाफा, राजस्व और नेटवर्थ में वृद्धि शामिल है। आईपीओ में क्यूआईबी, रिटेल और एनआईआई निवेशकों के लिए आरक्षण किया गया है। एंकर निवेशकों से पहले ही करीब 45.01 करोड़ रुपये जुटाए जा चुके हैं।

# बड़ी गिरावट का शिकार हुए घरेलू शेयर बाजार के पीछे की जानिए क्या थी वजह



**नई दिल्ली,** (हि.स.) लगातार पांच कारोबारी दिनों की मजबूती के बाद आज घरेलू शेयर बाजार में तेज गिरावट दर्ज की गई। सेंसेक्स में दिन के दौरान 1,251 अंक और निफ्टी में 314 अंक तक की गिरावट देखने को मिली, हालांकि अंत में कुछ रिकवरी भी हुई। गिरावट के प्रमुख कारणों में पश्चिम एशिया में सीजफायर को लेकर अनिश्चितता, कच्चे तेल की कीमतों में उछाल, रुपये की कमजोरी और प्रॉफिट बुकिंग शामिल रहे। इसके साथ ही विदेशी निवेशकों की बिकवाली और वैश्विक बाजारों में कमजोर रुख ने भी दबाव बढ़ाया। आईटी और बैंकिंग सेक्टर में लगातार बिकवाली का असर भी बाजार पर पड़ा। इंडिया वीआईएक्स के 20.29 तक पहुंचने से निवेशकों में डर का माहौल बना रहा। प्रशांत धामी के अनुसार भू-राजनीतिक तनाव और तेल कीमतों में बढ़ोतरी ने बाजार सेंटीमेंट को नकारात्मक किया, जबकि राजीव दत्ता ने कहा कि वैश्विक अनिश्चितता और एशियाई बाजारों की कमजोरी का असर भारतीय बाजार पर भी पड़ा।

# राशिफल : 10 अप्रैल, 2026



मेष- परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। पर प्रपंच में ना पड़कर काम पर ध्यान दीजिए। कल का परिश्रम आज लाभ देगा। आलस्य का त्याग करें। कारोबारी काम में नवीन तालमेल और समन्वय बन जाएगा। दोस्तों के साथ साझे में किए जा रहे काम में लाभ मिल जाएगा। शुभांक-2-5-7



वृष- जोखिम से दूर रहना ही बुद्धिमानी होगी। दिमाग में निर्मूल तक-कुतर्क पैदा होंगे। महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी व अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। शुभांक-5-6-7



मिथुन- परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। समाज में मान-सम्मान बढ़ेगा। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-5-6-9



कर्क- किसी से वाद-विवाद अथवा कहासुनी होने का भय रहेगा। बुद्धि और धन का दुरूपयोग न करें व्यर्थ के आडम्बरों से बचें। अपनी परिसंपत्ति को संभालकर रखें। परिवार में किसी का स्वास्थ्य खराब हो सकता हैं। मानसिक तनाव में बढ़ोतरी होगी। बाहरी सहयोग की अपेक्षा रहेगी। शुभांक-1-6-7



सिंह- भ्रातृपक्ष में विरोध होने की संभावना है। शिक्षा में आशानुकूल कार्य होने में संदेह है। स्वास्थ्य मध्यम रहेगा। जीवनसाथी का परामर्श लाभदायक रहेगा। व्यापार व नौकरी में स्थिति अच्छी रहेगी। कार्यसिद्धि होने में देर नहीं लगेगी। आर्थिक लाभ उत्तम रहेगा। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। शुभांक-2-5-6



कन्या- शैक्षणिक कार्यों में रुचि बढ़ेगी। परिवार में कोई मांगलिक कार्य पर वार्ता होगी। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। लेन-देन में अस्पष्टता ठीक नहीं। मध्याह्न पूर्व समय आपके पक्ष का बना रहेगा। कारोबारी काम में प्रगति रहेगी। लेन-देन में आ रही बाधा दूर करने का प्रयास होंगे। शुभांक-3-8-7



तुला- जमीन जायदाद का लाभ भी हो सकता है। आवास मकान तथा वाहन की सुविधाएं मिलेंगी। कर्ज तथा रोगों से मुक्ति भी संभव है। मान-सम्मान में वृद्धि होगी। अच्छे कार्य के लिए रास्ते बना लेंगे। रुपये पैसों की सुविधा मिल जाएगी। कामकाज सीमित तौर पर ही बन पाएंगे। शुभांक-2-3-7



वृश्चिक- स्वास्थ्य का पाया भी कमजोर बना रहेगा। यात्रा प्रवास का सार्थक परिणाम मिलेगा। मेल-मिलाप से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। बनते हुए कार्यों में बाधा आएगी। धन से लाभ होने लगेगा। घर के सदस्य मदद करेंगे और साथ ही आर्थिक बदहाली से भी मुक्ति मिलने लगेगी। शुभांक-2-6-8



धनु- बढ़ते घाटे से कुछ राहत मिलने लगेगी। व्यापार व व्यवसाय में स्थिति उत्तम रहेगी। नौकरी में पदोन्नति की संभावना है। मित्रों से सावधान रहें तो ज्यादा उत्तम है। ज्ञानार्जन का वातावरण बनेगा। धार्मिक स्थलों की यात्रा का योग बना है। शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। शुभांक-4-8-9



मकर- संतोष रखने से सफलता मिलेगी। नौकरी में स्थिति सामान्य ही रहेगी। शैक्षणिक क्षेत्र में उदासीनता रहेगी। मित्रों की उपेक्षा करना ठीक नहीं रहेगा। कार्यक्षेत्र में तनाव पैदा होगा। खान-पान में सावधानी रखें। आगे बढ़ने के अवसर लाभकारी सिद्ध हो रहे हैं। शुभांक-5-6-8



कुंभ- महत्वपूर्ण कार्य को समय पर बना लें तो अच्छा ही होगा। आय-व्यय की स्थिति समान रहेगी। कामकाज में आ रही बाधा दूर होगी। बाहरी और अंदरूनी सहयोग मिलता चला जाएगा। लेन-देन में आ रही बाधा को दूर करने के प्रयास सफल होंगे। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-6-8-9



मीन- शैक्षणिक कार्य आसानी से पूरे होते रहेंगे। स्वास्थ्य उत्तम रहेगा। परिश्रम प्रयास से काम बनाने की कोशिश लाभ देगी। व्यापार व व्यवसाय में ध्यान देने से सफलता मिलेगी। बुरी संगति से बचें। नौकरी में सावधानीपूर्वक कार्य करें। अपनों का सहयोग प्राप्त होगा। मान-सम्मान बढ़ेगा। शुभांक-3-6-8

# पंचांग : 10 अप्रैल, 2026

10 अप्रैल 2026 को सूर्योदय के समय की ग्रह स्थिति
ग्रह स्थिति
सूर्य मीन में
चंद्र धनु में
मंगल मीन में
बुध कुंभ में
गुरु मिथुन में
शुक्र मेष में
शनि मीन में
राहु कुंभ में
केतु सिंह में
लग्नारंभ समय
मेष 06.00 बजे से
वृष 07.41 बजे से
मिथुन 09.39 बजे से
कर्क 11.52 बजे से
सिंह 14.08 बजे से
कन्या 16.20 बजे से
तुला 18.31 बजे से
वृश्चिक 20.46 बजे से
धनु 23.02 बजे से
मकर 01.07 बजे से
कुंभ 02.53 बजे से
मीन 04.26 बजे से
शुक्रवार 2026 वर्ष का 100वां दिन
दिशाशूल पश्चिम ऋतु बसंत।

विक्रम संवत् 2083 शक संवत् 1948
मास वैशाख (दक्षिण भारत में चैत्र) पक्ष कृष्ण
तिथि अष्टमी 23.16 बजे को समाप्त।
नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा 11.28 बजे को समाप्त।
योग शिव 18.31 बजे को समाप्त।
करण बालव 10.22 बजे तदनन्तर कौलव 23.16 बजे को समाप्त।
चन्द्रायु 21.9 घण्टे
रवि क्रान्ति उत्तर 070 52
सूर्य उत्तरायन
कलि अहर्गण 1872675
जूलियन दिन 2461140.5
कलियुग संवत् 5128
कल्पारंभ संवत् 1972949128
सृष्टि ग्रहारंभ संवत् 1955885128
वीरनिर्वाण संवत् 2552
हिजरी सन् 1447
महीना सव्वाल
तारीख 21
विशेष कालाष्टमी।

# होर्मुज तनाव के बीच भारत को राहत, 15,400 टन एलपीजी लेकर नवी मुंबई पहुंचा 'ग्रीन आशा' टैंकर

**होर्मुज पार कर सुरक्षित पहुंचा टैंकर:** जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह प्राधिकरण (जेएनपीए) के अनुसार 'ग्रीन आशा' नामक एलपीजी टैंकर 6 अप्रैल को स्ट्रेट ऑफ होर्मुज से रवाना हुआ था और सफलतापूर्वक समुद्री मार्ग पार करते हुए भारत पहुंचा। यह उपलब्धि इसलिए भी खास मानी जा रही है क्योंकि वर्तमान में यह जलडमरूमध्य युद्ध के कारण अत्यंत संवेदनशील बना हुआ है।




पश्चिमी एशिया में जारी युद्ध और तनाव के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है। 15,400 टन एलपीजी लेकर भारतीय ध्वज वाला टैंकर 'ग्रीन आशा' सुरक्षित रूप से नवी मुंबई के जवाहरलाल नेहरू बंदरगाह पहुंच गया है। इस आपूर्ति से देश में घरेलू गैस की उपलब्धता को मजबूती मिलेगी।

**युद्ध के बीच पहली बड़ी एलपीजी खेप:** ईरान, अमेरिका और इजरायल के बीच चल रहे तनाव के बाद यह पहला बड़ा एलपीजी टैंकर है जो जेएनपीटी (न्हावा शेवा बंदरगाह) तक पहुंचा है। इससे पहले 'ग्रीन सानवी' नाम का टैंकर भी इसी मार्ग से होकर भारत पहुंच चुका है। ऐसे हालात में लगातार सप्लाई बनाए रखना भारत के लिए बड़ी रणनीतिक सफलता मानी जा रही है।

**जेएनपीए ने किया भव्य स्वागत**
जेएनपीए ने आधिकारिक बयान जारी कर बताया कि टैंकर को बीपीसीएल-आईओसीएल द्वारा संचालित तरल बर्थ पर सुरक्षित लंगर डाला गया। प्राधिकरण ने कहा कि जहाज, उसका माल और चालक दल पूरी तरह सुरक्षित हैं। यह घटना जटिल भू-राजनीतिक परिस्थितियों के बावजूद भारत की समुद्री संचालन क्षमता को दर्शाती है।

**ऊर्जा आपूर्ति के लिए अहम कड़ी**
नवी मुंबई स्थित जेएनपीटी देश के सबसे महत्वपूर्ण बंदरगाहों में से एक है। यह न केवल कंटेनर संचालन का प्रमुख केंद्र है बल्कि तेल और गैस जैसी तरल ऊर्जा आपूर्ति में भी इसकी महत्वपूर्ण भूमिका है। ऐसे समय में जब वैश्विक आपूर्ति श्रृंखला प्रभावित है, इस बंदरगाह की सक्रियता देश के लिए जीवनरेखा साबित हो रही है।

**होर्मुज संकट का भारत पर असर'** होर्मुज जलडमरूमध्य विश्व के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा मार्गों में से एक है। पश्चिम एशिया के संघर्ष के चलते यहां से गुजरने वाले टैंकरों पर खतरा बढ़ गया है, जिससे भारत सहित कई देशों की ऊर्जा आपूर्ति प्रभावित हुई है। हालांकि भारत सरकार ने वैकल्पिक स्रोतों से तेल और गैस खरीदकर स्थिति को संभालने की कोशिश की है। 'ग्रीन आशा' टैंकर का सुरक्षित आगमन न केवल भारत की ऊर्जा सुरक्षा के लिए महत्वपूर्ण है, बल्कि यह वैश्विक संकट के बीच देश की रणनीतिक तैयारी और समुद्री क्षमता का भी मजबूत संकेत देता है।

# विश्व शांति के लिए नवकार मंत्र का सामूहिक जाप प्रासंगिक : अमित शाह

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। अमित शाह ने कहा कि वर्तमान समय में जब विश्व के विभिन्न हिस्सों में विचारों को लेकर संघर्ष की स्थिति बनी हुई है, ऐसे में समस्त मानवता के कल्याण के लिए नवकार मंत्र का सामूहिक जाप अत्यंत सार्थक है। उन्होंने कहा कि आज दुनिया को शांति, सौहार्द और आपसी समझ की सख्त आवश्यकता है, जिसे आध्यात्मिक प्रयासों के माध्यम से मजबूत किया जा सकता है।



**नवकार मंत्र की विशेषता और पंच परमेष्ठी का महत्व:** गृह मंत्री ने बताया कि नवकार मंत्र पूर्णतः निराकार, निरपेक्ष और सार्वभौमिक प्रार्थना है। इसमें किसी प्रकार का भेदभाव नहीं है और यह संपूर्ण मानवता के लिए समान रूप से उपयोगी है। उन्होंने 'अरिहंत' और 'सिद्ध' की व्याख्या करते हुए बताया कि यह आत्मशुद्धि और मोक्ष की दिशा में मार्गदर्शन करते हैं। साथ ही आचार्य, उपाध्याय और साधुओं को मिलाकर 'पंच परमेष्ठी' कहा जाता है, जिनके 108 गुणों का स्मरण इस मंत्र का मूल भाव है।

**युवाओं से नियमित अभ्यास का आह्वान:** अमित शाह ने युवाओं से अपील की कि भले ही नवकार मंत्र का गूढ़ अर्थ तुरंत समझ में न आए, फिर भी इसका नियमित अभ्यास जारी रखना चाहिए। उन्होंने कहा कि समय के साथ आचार्यों और संतों के मार्गदर्शन में इसकी गहराई को समझा जा सकता है। उन्होंने यह भी बताया कि नवकार मंत्र की परंपरा हजारों वर्षों पुरानी है और वर्तमान वैश्विक परिस्थितियों में इसका सामूहिक उच्चारण मानसिक शांति, वातावरण की शुद्धि और सामाजिक सौहार्द को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है।

**मंत्रों की शक्ति और भारतीय परंपरा:**
'विश्व नवकार महामंत्र दिवस' कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अमित शाह ने भारतीय संस्कृति की आध्यात्मिक परंपराओं का उल्लेख किया। उन्होंने कहा कि भारत विविध धर्मों और संप्रदायों का देश है, जहां मंत्रों की विशेष महत्ता रही है। मंत्र न केवल मानव जीवन को सकारात्मक दिशा देते हैं, बल्कि चैतन्य को जागृत कर शुभ संकल्पों को भी सुदृढ़ बनाते हैं। सामूहिक रूप से मंत्र जाप करने से इसका प्रभाव व्यक्ति से आगे बढ़कर समाज और राष्ट्र तक पहुंचता है।

# केंद्रीय मंत्री किशन रेड्डी ने रेलमंत्री को पत्र लिखकर तेलंगाना से हिंदी प्रदेशों के लिए रेल कनेक्टिविटी बढ़ाने की मांग की

**हैदराबाद (हि.स.)** जी. किशन रेड्डी ने रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव को पत्र लिखकर तेलंगाना का हिंदी भाषी राज्यों से रेल संपर्क मजबूत करने की मांग की है। 6 अप्रैल 2026 को लिखे इस पत्र में बिहार समाज सेवा संघ और अन्य संगठनों की मांगों को प्रमुखता से उठाया गया है। मंत्री ने प्रवासी मजदूरों और यात्रियों की समस्याओं को गंभीर बताते हुए त्वरित कदम उठाने की जरूरत पर बल दिया है।



**प्रवासियों और तीर्थयात्रियों की बढ़ती परेशानी:** पत्र में उल्लेख किया गया है कि बिहार, उत्तर प्रदेश, झारखंड और मध्यप्रदेश से बड़ी संख्या में लोग रोजगार और अन्य कारणों से तेलंगाना आते-जाते हैं। त्योहार, शादी-विवाह और फसल के मौसम में यात्रियों की संख्या कई गुना बढ़ जाती है, जिससे ट्रेनों में टिकट और सीट मिलना बेहद मुश्किल हो जाता है। इसके अलावा आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से काशी, प्रयागराज और अयोध्या जैसे तीर्थस्थलों पर जाने वाले श्रद्धालुओं को भी भारी असुविधा का सामना करना पड़ता है।

**नई ट्रेनों की मांग से जगी उम्मीद**
संघ ने हैदराबाद-वाराणसी, सिकंदराबाद-पटना और चेर्लापल्ली-रांची के बीच नई ट्रेनों के संचालन की मांग की है। साथ ही नरेंद्र मोदी के संसदीय क्षेत्र वाराणसी को हैदराबाद से जोड़ने पर विशेष जोर दिया गया है। केंद्रीय मंत्री के इस पत्र के बाद प्रवासी मजदूरों और यात्रियों में बेहतर रेल सुविधा की उम्मीद बढ़ गई है।

# असम : मुख्यमंत्री ने अपनी पत्नी, पुत्र एवं पुत्री के साथ किया मतदान

**गुवाहाटी,** (हि.स.)। असम के मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा राजधानी गुवाहाटी के जालुकबाड़ी विधानसभा क्षेत्र में स्थित अपने मतदान केंद्र पर पहुंचकर पत्नी, पुत्र एवं पुत्री के साथ मतदान किया।



मुख्यमंत्री ने सोशल मीडिया पर एक पोस्ट शेयर करते हुए लिखा है कि मैं भारतीय नागरिक के रूप में कर्तव्य स्वरूप लोकतांत्रिक अधिकार को स्थापित किया। असम विधानसभा चुनाव-2026 में एक मजबूत, सुरक्षित और समृद्ध असम के निर्माण के लिए मैंने मतदान किया है। साथ ही आम लोगों से पूछा है कि क्या आपने मतदान किया है?उल्लेखनीय है कि, असम विधानसभा चुनाव में मतदान करने से पहले गुरुवार को मुख्यमंत्री डॉ. हिमंत बिस्व सरमा ने अपनी पत्नी रिनिकी भुइयां शर्मा, पुत्री सुकन्या और पुत्र नंदिल के साथ माता कामाख्या के श्री चरणों में प्रणाम अर्पित किए। उसके बाद राजधानी के आजरा इलाके में स्थित गरल बुनियादी प्राथमिक विद्यालय स्थित मतदान केंद्र में पहुंचकर मतदान किया।---

# कॉप 33 की मेजबानी से हटना सरकार की जलवायु के प्रति प्रतिबद्धताओं पर सावल खड़े करता है : जयराम रमेश

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने भारत द्वारा कॉप 33 की मेजबानी से पीछे हटने के फैसले की कड़ी आलोचना की है। उन्होंने कहा कि नरेंद्र मोदी ने 1 दिसंबर 2023 को दुबई में इसकी घोषणा बड़े उत्साह के साथ की थी, लेकिन अब बिना स्पष्ट कारण बताए इसे वापस लेना सरकार की विश्वसनीयता पर सवाल खड़ा करता है।



रमेश ने एक्स पर पोस्ट कर आरोप लगाया कि यह घोषणा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर राजनीतिक लाभ लेने के उद्देश्य से की गई थी। उन्होंने कहा कि यह निर्णय पेरिस समझौता 2015 के प्रति भारत की प्रतिबद्धता पर संदेह पैदा करता है और कार्बन उत्सर्जन कम करने के लक्ष्यों को लेकर सरकार की गंभीरता पर प्रश्नचिह्न लगाता है।
उन्होंने यह भी कहा कि आईपीसीसी की आगामी रिपोर्ट के मद्देनज़र भारत पर वैश्विक नेतृत्व की जिम्मेदारी थी, जिससे अब पीछे हटना चिंताजनक है।

# गुजरात के राजकोट में सफाई के लिए तैनात किया गया रोबोट ऑपरेटर, मैनुअल सफाई बंद

**नई दिल्ली**, (हि.स.)। गुजरात के राजकोट में सीवर सफाई के क्षेत्र में बड़ा बदलाव देखने को मिल रहा है। नगर निगम ने सफाई कर्मियों को सीवर में उतरने से रोकने के लिए 'रोबोट ऑपरेटर' तैनात किए हैं। इस पहल से न केवल हाथ से सीवर सफाई की प्रथा समाप्त होगी, बल्कि सफाईकर्मियों की सुरक्षा और जीवन स्तर में भी उल्लेखनीय सुधार होगा।



केंद्रीय शहरी विकास मंत्रालय के अनुसार, राजकोट नगर निगम ने लगभग 2.29 करोड़ रुपये की लागत से आधुनिक रोबोटिक तकनीक को अपनाया है। अब इन रोबोट्स के जरिए उन खतरनाक स्थानों की सफाई की जा रही है, जहां पहले कर्मचारियों को जान जोखिम में डालकर उतरना पड़ता था। इससे सीवर सफाई प्रक्रिया अधिक सुरक्षित और प्रभावी बन गई है।
इसके साथ ही नगर निगम ने सफाईकर्मियों के सामाजिक कल्याण पर भी ध्यान दिया है। उनके लिए एक आधुनिक सामुदायिक भवन का निर्माण कराया गया है, जिसमें विवाह एवं कार्यक्रम हॉल, रसोई, भोजन कक्ष और पार्किंग जैसी सुविधाएं उपलब्ध हैं। इस सुविधा से करीब 5000 से अधिक सफाईकर्मियों के परिवारों को लाभ मिलेगा।
वहीं, भरूच नगर पालिका ने अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के अवसर पर महिला सफाईकर्मियों के लिए विशेष स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया। इस शिविर में 108 महिला कर्मियों की स्वास्थ्य जांच की गई, दवाइयों का वितरण किया गया और उन्हें पोषण व स्वच्छता के प्रति जागरूक किया गया।
इन पहलों से स्पष्ट है कि गुजरात ने तकनीक, आधारभूत संरचना और सामाजिक कल्याण को एक साथ जोड़कर स्वच्छता के क्षेत्र में एक संतुलित और टिकाऊ मॉडल पेश किया है।

# इंडिगो और बीआईएएल ने आईएटीए के साथ किए अंतरराष्ट्रीय संपर्क रहित यात्रा परीक्षण

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। देश की प्रमुख बजट एयरलाइन इंडिगो और बैंगलोर इंटरनेशनल एयरपोर्ट लिमिटेड (बीआईएएल) ने इंटरनेशनल एयर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन (आईएटीए) के सहयोग से संपर्क रहित अंतरराष्ट्रीय यात्रा परियोजना का तकनीकी परीक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। यह परीक्षण बेंगलुरु स्थित केंपेगौड़ा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर किया गया।



**डिजिटल ट्रैवल का पूरा फ्लो हुआ प्रदर्शितः** इस ट्रायल के दौरान टिकटिंग, बुकिंग मैनेजमेंट से लेकर बायोमेट्रिक-आधारित एयरपोर्ट यात्रा तक का संपूर्ण ट्रैवल फ्लो प्रदर्शित किया गया। इसका उद्देश्य यात्रियों को बिना रुकावट, तेज और सहज अनुभव देना है, जिससे एयरपोर्ट प्रक्रियाएं अधिक सरल हो सकें।

**ग्लोबल कैंपेन का हिस्सा है पहल:** इंडिगो के अनुसार, यह पहल आईएटीए के वैश्विक अभियान का हिस्सा है, जिसके तहत विभिन्न देशों में कॉन्टैक्टलेस इंटरनेशनल ट्रैवल के लिए 'प्रूफ ऑफ कॉन्सेप्ट' (PoC) किए जा रहे हैं। इससे भविष्य में अंतरराष्ट्रीय हवाई यात्रा को अधिक डिजिटल और सुरक्षित बनाने की दिशा में मदद मिलेगी।

**बायोमेट्रिक और SSI टेक्नोलॉजी का उपयोग:** इससे पहले इंडिगो और डिजी यात्रा फाउंडेशन ने बायोमेट्रिक तकनीक पर आधारित स्व-संप्रभु पहचान (SSI) सिस्टम लागू किया था। इसके साथ ही ऐप-टू-ऐप इंटीग्रेशन के जरिए मोबाइल ऐप्स के बीच बोर्डिंग पास साझा करने की सुविधा भी विकसित की गई।

**भविष्य की यात्रा का नया मॉडल:** इंडिगो के मुख्य डिजिटल एवं सूचना अधिकारी नीतन चोपड़ा ने कहा कि यह ट्रायल एयरपोर्ट पर पूरी तरह कॉन्टैक्टलेस अनुभव की दिशा में बड़ा कदम है। उन्होंने उम्मीद जताई कि यह तकनीक वैश्विक हवाई यात्रा के भविष्य को नई दिशा देगी और यात्रियों के अनुभव को बेहतर बनाएगी।



# इजरायल-अमेरिका-ईरान तनाव: सीजफायर पर संकट, होर्मुज बंद होने से बढ़ी वैश्विक चिंता

इजरायल, अमेरिका और ईरान के बीच बुधवार को घोषित युद्धविराम (सीजफायर) अभी पूरी तरह प्रभावी नहीं हो सका है। कई क्षेत्रों से लगातार उल्लंघन की खबरें सामने आ रही हैं। इजरायल द्वारा लेबनान में किए जा रहे हमलों ने स्थिति को और अधिक संवेदनशील बना दिया है। बीते 24 घंटों में लेबनान में 182 लोगों की मौत का दावा वहां के स्वास्थ्य मंत्रालय ने किया है, जो इस संघर्ष के दौरान एक दिन में सबसे बड़ा आंकड़ा माना जा रहा है।

**लेबनान मुद्दे पर भड़का ईरान:** इजरायल और अमेरिका के इस बयान ने आग में घी का काम किया कि सीजफायर समझौते में लेबनान शामिल नहीं है। इसके बाद ईरान की प्रतिक्रिया तेज हो गई। ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची ने कहा कि दुनिया लेबनान में हो रही मौतों को देख रही है और अंतरराष्ट्रीय समुदाय को इस पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। भारत स्थित ईरानी दूतावास ने भी इस बयान को साझा किया है।

**: होर्मुज जलडमरूमध्य बंद, बढ़ा संकट:** तनाव के बीच ईरान ने एक बार फिर स्ट्रेट ऑफ होर्मुज को बंद कर दिया है, जिससे वैश्विक तेल आपूर्ति पर असर पड़ने की आशंका बढ़ गई है। यह कदम अमेरिका के लिए बड़ी चुनौती बन गया है। इस स्थिति से अंतरराष्ट्रीय बाजार में अस्थिरता और बढ़ने की संभावना जताई जा रही है।

**मैक्रों अबु धाबी पहुंचे, कूटनीतिक प्रयास तेज**
होर्मुज जलडमरूमध्य को खुलवाने और तनाव कम करने के लिए फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों अबु धाबी पहुंच गए हैं। दूसरी ओर, अमेरिका के राष्ट्रपति जेडी वेंस ने ईरान के 10 सूत्रीय प्रस्ताव का मजाक उड़ाते हुए इसे एआई जनरेटेड बताया, जबकि डोनाल्ड ट्रंप ने इन शर्तों को मानने की खबरों को पूरी तरह झूठ करार दिया है। कुल मिलाकर, मध्य पूर्व में हालात बेहद नाजुक बने हुए हैं।

# ट्रंप ने ग्रीनलैंड को लेकर नया मोर्चा खोलने के संकेत दिए, नाटो को धमकी

**वॉशिंगटन** (हि.स.)। डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान युद्धविराम के बीच एक बार फिर नाटो पर कड़ा हमला बोला है। उन्होंने न केवल नाटो की भूमिका पर सवाल उठाए, बल्कि ग्रीनलैंड को लेकर अपनी पुरानी इच्छा भी दोहराई। इससे अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के बीच तनाव बढ़ता नजर आ रहा है।

**नाटो से नाराजगी खुलकर सामने आई:** ट्रंप ने मार्क रूटे के साथ हुई बैठक के बाद कहा कि ईरान के साथ बढ़ते तनाव के दौरान नाटो ने अमेरिका का अपेक्षित सहयोग नहीं किया। उन्होंने सोशल मीडिया पर पोस्ट करते हुए लिखा कि जब



अमेरिका को जरूरत थी, तब नाटो मौजूद नहीं था। ट्रंप के इस बयान से साफ है कि वे संगठन की प्रतिबद्धता पर सवाल उठा रहे हैं।

**. ग्रीनलैंड पर फिर जताई दावेदारी:** ट्रंप ने ग्रीनलैंड को लेकर एक बार फिर अपनी रणनीतिक रुचि जाहिर की। उन्होंने इसे महत्वपूर्ण बताते हुए कहा कि अमेरिका को इस क्षेत्र पर नियंत्रण की जरूरत है। ग्रीनलैंड, डेनमार्क के अधीन एक अर्ध-स्वायत्त क्षेत्र है, जिस पर पहले भी ट्रंप प्रशासन नजर जता चुका है।

**नाटो छोड़ने की चेतावनी**
होर्मुज जलडमरूमध्य में तनाव बढ़ने के दौरान ट्रंप ने संकेत दिया कि अगर नाटो देशों ने सहयोग नहीं किया तो अमेरिका संगठन से बाहर निकलने पर विचार कर सकता है। हालांकि 2023 में बने कानून के तहत किसी भी राष्ट्रपति को ऐसा करने के लिए कांग्रेस की मंजूरी आवश्यक है।

**नाटो का इतिहास और मौजूदा महत्व:** नाटो की स्थापना 1949 में शीत युद्ध के दौरान यूरोपीय देशों की सुरक्षा के लिए की गई थी। वर्तमान में इसके 32 सदस्य देश हैं और इसका मुख्य सिद्धांत सामूहिक रक्षा है, जिसके तहत किसी एक सदस्य पर हमला सभी पर हमला माना जाता है। ट्रंप के ताजा बयान से इस गठबंधन की एकजुटता पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

# नेपाल के पूर्व स्पीकर महरा पर सोना तस्करी करने का मुकदमा दर्ज

**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल के पूर्व स्पीकर तथा माओवादी के नेता कृष्ण बहादुर महरा और नेपाल सरकार के संयुक्त सचिव अरुण पोखरेल सहित अन्य के खिलाफ इलेक्ट्रॉनिक सिगरेट (ई-सिगरेट) में छिपाकर सोना तस्करी करने के आरोप में भ्रष्टाचार का मामला दर्ज किया गया है। एंटी करप्शन ब्यूरो ने गुरुवार को महरा, पोखरेल और महरा के पुत्र राहुल महरा समेत अन्य के खिलाफ मामला दायर किया। इन सभी पर चीनी तस्करों के साथ मिलकर ई-सिगरेट के पैकेजिंग में छिपाकर अवैध रूप से सोना लाने का आरोप है। अदालत ने लगभग 7 करोड़ रुपये का



जुर्माना भी निर्धारित किया है। आरोपपत्र के अनुसार महरा और उनके सहयोगी 25 दिसंबर, 2022 को एक चीनी गिरोह के साथ सोने की तस्करी में शामिल थे, जिसमें ई-सिगरेट के पैकेज को आवरण के रूप में इस्तेमाल किया गया था। इस खेप में 73 बॉक्स में 730 वेप पेन शामिल थे। त्रिभुवन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा पर पहुंचने के बाद इस खेप को बिना जांच के कस्टम से पार कराने की योजना थी। बाद में पता चला कि इसमें करीब 9 किलोग्राम सोना था, लेकिन मामला तब और जटिल हो गया, जब बाद में यह सोना गायब हो गया। चीनी नागरिक ली हानसोंग (पासपोर्ट EJ 6350030) दुबई से फ्लाइट FZ 0587 के जरिए काठमांडू पहुंचे थे। उनके पास दो सूटकेस में छिपाकर 73 बॉक्स वेप पेन लाए गए थे। हानसोंग को यह सोना गिरोह के सरगना वांग को सौंपना था, जिसके पूर्व स्पीकर महरा से संबंध थे। हालांकि, कस्टम अधिकारियों ने उसी दिन खेप को संदिग्ध मानते हुए जब्त कर लिया, लेकिन कुछ दिनों बाद हानसोंग फरार हो गया। आरोप है कि उसने जब्त सोना छुड़ाने के लिए महरा और उनके बेटे राहुल की मदद मांगी। इस दौरान महरा और उनके बेटे ने कस्टम अधिकारियों और चीनी संपर्कों सहित विभिन्न लोगों से कथित तौर पर 256 बार संपर्क किया, ताकि जब्त सोना छुड़ाया जा सके।

# 30 करोड़ साल पुराना रहस्य सुलझा: 'सबसे पुराना ऑक्टोपस' निकला कुछ और

पोल्सेपिया माजोनेन्सिस नाम के जीव को लंबे समय तक दुनिया का सबसे पुराना ऑक्टोपस माना जाता रहा, लेकिन नई रिसर्च में यह धारणा गलत साबित हुई। वैज्ञानिकों के अनुसार यह जीव ऑक्टोपस नहीं, बल्कि नॉटिलस (खोल वाला



समुद्री जीव) का एक प्राचीन रिश्तेदार था।

**वैज्ञानिकों को क्यों हुआ शक**
यूनिवर्सिटी ऑफ रीडिंग के जूलॉजिस्ट थॉमस क्लेमेंट्स के नेतृत्व में हुई रिसर्च में पाया गया कि यह जीव 30 करोड़ साल पुराना बताया जा रहा था, जबकि अन्य ऑक्टोपस जीवाश्म केवल करीब 9 करोड़ साल पुराने हैं। इसी बड़े अंतर ने वैज्ञानिकों को दोबारा जांच के लिए प्रेरित किया।

**सिंक्रोट्रॉन जांच से खुला राज**
गहराई से जांच में वैज्ञानिकों को 'रैड्युला' यानी दांतों की संरचना मिली, जिसमें 11 दांतों की पंक्तियां थीं। आमतौर पर ऑक्टोपस में 7 या 9 दांत होते हैं। इस अंतर से स्पष्ट हो गया कि यह जीव ऑक्टोपस नहीं बल्कि नॉटिलस समूह का था। माना जा रहा है कि सड़ने के दौरान इसका खोल नष्ट हो गया, जिससे पहचान में भ्रम हुआ।

**नीज रिकॉर्ड से हटेगा नाम**
यह शोध रॉयल सोसाइटी की जर्नल में प्रकाशित हुआ है। इसके बाद गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स ने इस जीव को 'सबसे पुराने ऑक्टोपस' की सूची से हटाने का फैसला किया है। अब इसे दुनिया के सबसे पुराने 'सॉफ्ट-टिश्यू नॉटिलस' के रूप में जाना जाएगा।

# नेपाल के पीएम बालेन्द्र शाह ने 15 दिन में ही एक मंत्री को बर्खास्त किया



**काठमांडू,** (हि.स.)। नेपाल के प्रधानमंत्री बालेन्द्र शाह ने अपने कार्यकाल की शुरुआत के महज पंद्रह दिन के भीतर ही एक मंत्री को पद से हटा दिया है।

दरअसल, श्रम, रोजगार तथा सामाजिक सुरक्षा मंत्री दीपक कुमार साह ने अपनी पत्नी जुनु श्रेष्ठ को स्वास्थ्य बीमा बोर्ड का सदस्य पुनः नियुक्त करने का विवादित फैसला लिया था। इसके अलावा उनकी पृष्ठभूमि भी विवादों में रही है।

इसके बाद राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (रास्वपा) के सभापति रवि लामिछाने ने मंत्री साह पर पद की मर्यादा का दुरुपयोग करने का आरोप लगाते हुए प्रधानमंत्री को पत्र लिखा था। इस पर प्रधानमंत्री शाह ने उन्हें आज पदमुक्त कर दिया। साह को केवल 13 दिन पहले ही मंत्री बनाया गया था।

इसी मामले में अपेक्षित गंभीरता नहीं दिखाने के आरोप में रास्वपा प्रमुख लामिछाने ने स्वास्थ्य तथा जनसंख्या मंत्री निशा मेहता को भी चेतावनी देने की सिफारिश की थी। इस सिफारिश के आधार पर प्रधानमंत्री शाह ने मंत्री मेहता को भी सचेत कर दिया है।

# चीन ने ईरान की सेना को मदद देने से किया इनकार, 'झूठी रिपोर्ट' बताया दावा

चीन ने ईरान को सैन्य या खुफिया मदद देने की खबरों को सिरे से खारिज कर दिया है। चीन के रक्षा मंत्रालय के प्रवक्ता झांग शियाओगांग ने स्पष्ट कहा कि इस तरह की खबरें "अटकलों और इशारों पर आधारित झूठी जानकारी" हैं और चीन इसका कड़ा विरोध करता है। प्रवक्ता ने कहा कि चीन हमेशा से ईरान के मुद्दे पर निष्पक्ष और पारदर्शी रुख अपनाता रहा है और उसने कभी ऐसी किसी गतिविधि में हिस्सा नहीं लिया जिससे क्षेत्र में तनाव बढ़े। यह बयान उन रिपोर्टों के बाद आया है, जिनमें दावा किया गया था कि कुछ चीनी



कंपनियां अमेरिकी सेना की लोकेशन से जुड़ी खुफिया जानकारी साझा कर रही थीं। वहीं, डोनाल्ड ट्रंप ने दावा किया कि ईरान को वार्ता के लिए राजी करने में चीन की भूमिका रही है। हालांकि चीन ने खुद को किसी भी प्रत्यक्ष सैन्य समर्थन से अलग बताया है।

# 45 मिनट की जंग: इतिहास का सबसे छोटा युद्ध

दुनिया का सबसे छोटा युद्ध एंग्लो-जांजीबार युद्ध माना जाता है, जो 27 अगस्त 1896 को लड़ा गया। यह संघर्ष ग्रेट ब्रिटेन और जांजीबार की सल्तनत के बीच हुआ। सुल्तान खालिद बिन बरघाश ने ब्रिटिश मंजूरी के बिना सत्ता संभाल ली, जिससे विवाद भड़क गया। ब्रिटेन ने उन्हें सुबह 9 बजे तक पद छोड़ने का अल्टीमेटम



दिया, लेकिन इनकार के बाद 9:02 बजे गोलाबारी शुरू हो गई। महज 40–45 मिनट में महल और शाही नौका नष्ट हो गए। भारी नुकसान के बाद सुल्तान का झंडा गिरा और युद्ध समाप्त हो गया, जो इतिहास में सबसे छोटी जंग बन गया।

# आईपीएल 2026 : मुकुल चौधरी के छक्कों-चौकों ने पलटा मैच, लखनऊने कोलकाता से छीनी जीत

**कोलकाता,** (हि.स.)। आईपीएल 2026 के 15वें मुकाबले में लखनऊ सुपरजायंट्स (एलएसजी) ने रोमांचक अंदाज में कोलकाता नाइटराइडर्स (केकेआर) को हराते हुए आखिरी ओवर में जीत दर्ज की। ईडन गार्डन्स में खेले गए इस मुकाबले में युवा खिलाड़ी मुकुल चौधरी ने अपनी विस्फोटक बल्लेबाजी से मैच का रुख पूरी तरह बदल दिया।
पहले बल्लेबाजी करते हुए कोलकाता नाइट राइडर्स ने 20 ओवर में 181 रन बनाए। टीम की शुरुआत खराब रही और फिन एलेन जल्दी आउट हो गए। इसके बाद अजिंक्य रहाणे ने 41 रन की तेज पारी खेलकर पारी को संभाला। अंकुश रघुवंशी ने 45 रन बनाए, जबकि कैमरन ग्रीन (32*) और रोवमैन पॉवेल (39*) की नाबाद पारियों ने टीम को मजबूत स्कोर तक पहुंचाया।
लक्ष्य का पीछा करने उतरी लखनऊ की शुरुआत भी खराब रही। एडेन मार्करम और मिचेल मार्श सस्ते में आउट हो गए। इसके बाद ऋषभ पंत और निकोलस पूरन भी ज्यादा देर टिक नहीं सके। 16वें ओवर तक लखनऊ का स्कोर 128/7 था और मुकाबला कोलकाता के पक्ष में झुका हुआ था।
लेकिन यहां से 21 वर्षीय मुकुल चौधरी ने मैच का रुख बदल दिया। उन्होंने सिर्फ 27 गेंदों पर नाबाद 54 रन बनाए, जिसमें 2 चौके और 7 गगनचुंबी छक्के शामिल थे। उनके ये 9 बड़े शॉट्स ही जीत का आधार बने। दूसरी ओर आयुष बडोनी ने भी 54 रन की अहम पारी खेली और टीम को जीत तक पहुंचाया।
राजस्थान के रहने वाले मुकुल चौधरी आईपीएल 2026 की खोज बनकर उभरे हैं। 30 लाख के बेस प्राइस वाले इस खिलाड़ी को लखनऊ ने 2.60 करोड़ रुपये में खरीदा था।



विकेटकीपर-बल्लेबाज होने के साथ-साथ वह तेज गेंदबाजी भी कर सकते हैं, लेकिन इस मैच में उन्होंने अपनी बल्लेबाजी से सबका ध्यान खींच लिया। इस जीत के साथ लखनऊ सुपर जायंट्स ने टूर्नामेंट में अपनी स्थिति मजबूत कर ली, जबकि कोलकाता को आखिरी ओवर में हार का सामना करना पड़ा।

# वेस्ट एशिया तनाव का असर : नीरज चोपड़ा के फैंस को झटका, दोहा डायमंड लीग टली

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। भारत के स्टार जैवलिन थ्रोअर नीरज चोपड़ा के फैंस के लिए निराशाजनक खबर सामने आई है। 2026 की दोहा डायमंड लीग को वेस्ट एशिया में बढ़ते तनाव के कारण टाल दिया गया है। अब यह प्रतिष्ठित प्रतियोगिता 19 जून को आयोजित की जाएगी।
आयोजन संस्था वर्ल्ड एथलेटिक्स ने सुरक्षा को प्राथमिकता देते हुए यह फैसला लिया है। पहले यह इवेंट मई में प्रस्तावित था, लेकिन क्षेत्र में लगातार बने तनाव और सुरक्षा अलर्ट के चलते इसे आगे बढ़ाना पड़ा। हालांकि, अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि आयोजन तभी होगा जब हालात पूरी तरह सामान्य होंगे।



वेस्ट एशिया में हालिया तनाव, खासकर संयुक्त राज्य अमेरिका और ईरान के बीच टकराव के बाद उत्पन्न हालात ने खेल आयोजनों पर असर डाला है। खाड़ी देशों संयुक्त अरब अमीरात, कुवैत और बहरीन में भी सुरक्षा को लेकर चिंता बनी हुई है।इस बार सिर्फ तारीख ही नहीं, बल्कि आयोजन स्थल भी बदला गया है।
पहले मुकाबले कतर स्पोर्ट्स क्लब स्टेडियम में होने थे, लेकिन अब इसे खलीफा इंटरनेशनल स्टेडियम में आयोजित किया जाएगा, जहां तापमान नियंत्रित करने की आधुनिक सुविधा उपलब्ध है।
नई तारीख के कारण डायमंड लीग कैलेंडर में भी बदलाव होगा और यह इवेंट अब ओस्लो और पेरिस मीट के बीच आयोजित किया जाएगा। इससे खिलाड़ियों की तैयारियों और रणनीति पर असर पड़ना तय है। पिछले संस्करण में नीरज चोपड़ा ने दूसरा स्थान हासिल किया था, जिससे इस बार उनके प्रदर्शन को लेकर फैंस की उत्सुकता और बढ़ गई है।

## कोहली का नाम सुनते ही भड़के बाबर आजम, गुस्से वाला वीडियो हुआ वायरल



**नई दिल्ली,** (हि.स.)। पाकिस्तान सुपर लीग के एक मैच के बाद बाबर आज़म का गुस्से वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। प्रेस कॉन्फ्रेंस के दौरान जब एक पत्रकार ने उनकी तुलना विराट कोहली से की और कहा कि कोहली मैच फिनिश करते हैं, तब बाबर नाराज़ हो गए। उन्होंने साफ कहा कि ऐसी तुलना बंद होनी चाहिए और यह गलतफहमी है कि वह मैच खत्म नहीं करते। वीडियो में उनका अंदाज थोड़ा गुस्से वाला जरूर है, लेकिन फैंस इसे मजेदार मान रहे हैं और जमकर शेयर कर रहे हैं।

# नए एशियन गेम्स क्रिकेट स्टेडियम में टी20 वर्ल्ड कप क्वालीफायर की मेजबानी करेगा जापान

**टोक्यो/नागोया,** (हि.स.)। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने घोषणा की है कि जापान में एशियन गेम्स के लिए बनाए गए नए क्रिकेट स्टेडियम में अगले महीने पहली बार पुरुष टी20 अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेले जाएंगे।
बेसबॉल के लिए प्रसिद्ध जापान इस साल एशियन गेम्स 2026 की मेजबानी कर रहा है, जो 19 सितंबर से 4 अक्टूबर तक नागोया और ऐची क्षेत्र में आयोजित होंगे। इसी के लिए तैयार किया गया नया क्रिकेट मैदान अब अंतरराष्ट्रीय स्तर पर अपनी शुरुआत करेगा।
नागोया के पास निशिन में स्थित यह स्टेडियम 8 से 18 मई के बीच 2028 पुरुष टी20 वर्ल्ड कप के ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफायर मुकाबलों की मेजबानी करेगा। यह अब तक का सबसे बड़ा ईस्ट एशिया-पैसिफिक क्वालीफाइंग टूर्नामेंट होगा, जिसमें नौ टीमें भाग लेंगी। इस टूर्नामेंट के जरिए टीमें ऑस्ट्रेलिया और न्यूजीलैंड में होने वाले टी20 वर्ल्ड कप के लिए अपनी दावेदारी मजबूत करेंगी।



कुछ मुकाबले टोक्यो से करीब 100 किलोमीटर दूर सानो स्थित जापान क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्यालय में भी खेले जाएंगे।
जापान क्रिकेट एसोसिएशन के मुख्य संचालन अधिकारी एलन कर ने कहा कि यह जापान के लिए एक बड़ा अवसर है, जिससे वह बहु-स्थानों पर अंतरराष्ट्रीय टूर्नामेंट आयोजित करने की अपनी क्षमता दिखा सकता है। उन्होंने भरोसा जताया कि यह आयोजन ईएपी क्षेत्र की सर्वश्रेष्ठ टीमों को मंच देने के साथ-साथ एशियन गेम्स से पहले क्रिकेट को लेकर उत्साह भी बढ़ाएगा।
इस क्वालीफायर में मेजबान जापान के अलावा कुक आइलैंड्स, फिजी, इंडोनेशिया, पापुआ न्यू गिनी, फिलीपींस, दक्षिण कोरिया, समोआ और वनुआतु की टीमें हिस्सा लेंगी।

# फिडे कैंडिडेट्स टूर्नामेंट 2026, राउंड 9 : वैशाली ने दिव्या को हराकर संयुक्त बढ़त बनाई

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। आर. वैशाली ने शानदार प्रदर्शन करते हुए हमवतन दिव्या देशमुख को हराकर फिडे कैंडिडेट्स 2026 के राउंड 9 के बाद शीर्ष स्थान पर संयुक्त बढ़त बना ली है। अब वह झू जिनर के साथ बराबरी पर हैं, जिन्होंने कातेरिना लाग्नो को मात दी।
वैशाली ने दिव्या की सेंटर में की गई एक गलती का पूरा फायदा उठाया। दिव्या के Nd3 जैसे ओवरकमिटमेंट वाले मूव ने उनके पोजिशन को कमजोर कर दिया, जिससे सेंटर पर पकड़ ढीली पड़ गई और प्यादों में कमजोरी आ गई। इसके बाद Rxc6 और Bc7 जैसे मूव्स के जरिए वैशाली ने अपने क्वीन और रूक को सक्रिय किया और खुले फाइल्स व डायगोनल्स पर नियंत्रण बना लिया। 28.Rb1 से लेकर Rb7 तक वैशाली ने सातवीं रैंक पर घुसपैठ कर दी, कमजोर प्यादों को निशाना बनाया और समय के दबाव में आई दिव्या को आखिरकार हार मानने पर मजबूर कर दिया।



दूसरी ओर, आर. प्रज्ञानानंद ने वेई यी के खिलाफ आक्रामक खेल दिखाया। 32.Nd6 एक शानदार चाल रही, जिससे ब्लैक की संरचना पर दबाव बना। इसके बाद 35.Rxe4 के जरिए उन्होंने डबल अटैक किया और कई कमजोरियों को निशाना बनाया। हालांकि, निर्णायक बढ़त के लिए कोई ठोस प्यादा ब्रेक नहीं मिल सका और वेई यी ने मजबूत डिफेंस करते हुए मुकाबले को ड्रॉ पर समाप्त कराया।
इधर, टेबल टॉपर जावोखिर सिंदारोव को लगातार दूसरी बार ड्रॉ से संतोष करना पड़ा, जब उन्होंने माथियास ब्लूबाउम के खिलाफ जीत की स्थिति गंवा दी। अन्य मुकाबलों में अनिश गिरि ने फैबियानो कारुआना को हराया, जबकि आंद्रेई एसिपेंको और हिकारू नाकामुरा के बीच मुकाबला ड्रॉ रहा। महिला वर्ग में अन्ना म्यूजिचुक और तान झोंगयी के बीच बाजी बराबरी पर छूटी, जबकि अलेक्ज़ांद्रा गोरयाच्किना और बिबिसारा अस्साउबायेवा ने भी अंक साझा किए।

# प्रसिद्ध कृष्णा और राशिद खान ने पर्पल कैप की दौड़ में लगाई छलांग, यशस्वी जायसवाल के सिर सजी ऑरेंज कैप

**नई दिल्ली,** (हि.स.)। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 में बुधवार रात गुजरात टाइटंस और दिल्ली कैपिटल्स के बीच खेले गए रोमांचक मुकाबले का असर ऑरेंज और पर्पल कैप की रेस पर भी देखने को मिला। प्लेऑफ की दौड़ तेज होने के बीच खिलाड़ियों के प्रदर्शन ने अंक तालिका में हलचल मचा दी है।
**पर्पल कैप की स्थिति**:रवि बिश्नोई (राजस्थान रॉयल्स) तीन मैचों में सात विकेट लेकर 11.71 की औसत के साथ शीर्ष पर बने हुए हैं।
पिछले सीजन के पर्पल कैप विजेता प्रसिद्ध कृष्णा ने दिल्ली के खिलाफ चार ओवर में 52 रन देकर दो विकेट झटके और दूसरे स्थान पर पहुंच गए। उन्होंने मैच की पहली ही गेंद पर विकेट लिया और अहमदाबाद में 210 रन के लक्ष्य का बचाव करने में अहम भूमिका निभाई। आखिरी गेंद पर दो रन बचाने के दौरान उन्होंने धीमी गेंद से डेविड मिलर को चकमा दिया, जिससे रन आउट हुआ और टीम को जीत मिली।



सीजन के 14वें मैच के बाद तीसरे स्थान पर छह गेंदबाज पांच-पांच विकेट के साथ बराबरी पर हैं। इनमें राशिद खान, लुंगी एनगिडी, विजयकुमार वैशाख, अंशुल कंबोज, नांद्रे बर्गर और जैकब डफी शामिल हैं।इसके अलावा आठ अन्य बल्लेबाज भी 100 रन का आंकड़ा पार कर चुके हैं। टॉप-5 में हेनरिक क्लासेन (सनराइजर्स हैदराबाद), वैभव सूर्यवंशी और रोहित शर्मा (मुंबई इंडियंस) शामिल हैं।

**ऑरेंज कैप की स्थिति**

यशस्वी जायसवाल (राजस्थान रॉयल्स) ने मुंबई इंडियंस के खिलाफ 32 गेंदों में नाबाद 77 रन की पारी खेलकर ऑरेंज कैप अपने नाम कर ली है। तीन पारियों में 170 रन बनाने वाले जायसवाल सिर्फ एक बार आउट हुए हैं।
उन्होंने समीर रिजवी को पीछे छोड़ा, जो 160 रन के साथ दूसरे स्थान पर हैं और इस सीजन में दमदार शुरुआत कर चुके हैं।

## डीसी के खिलाफ स्लो ओवर रेट के चलते शुभमन गिल पर लगा 12 लाख का जुर्माना



**नई दिल्ली,** (हि.स.)।गुजरात टाइटंस (जीटी) के कप्तान शुभमन गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगा है। उनके खिलाफ यह कार्रवाई बुधवार रात दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ मैच में स्लो ओवर रेट के चलते की गई है।
आईपीएल मीडिया एडवाइजरी के मुताबिक दिल्ली के अरुण जेटली स्टेडियम में दिल्ली कैपिटल्स (डीसी) के खिलाफ इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) 2026 के 14वें मैच के दौरान गुजरात टीम की ओवर-रेट धीमी रही। चूंकि आईपीएल आचार संहिता के अनुच्छेद 2.22 (जो न्यूनतम ओवर-रेट से जुड़े उल्लंघनों से संबंधित है) के तहत इस सीजन में उनकी टीम का यह पहला उल्लंघन था, इसलिए गिल पर 12 लाख रुपये का जुर्माना लगाया गया।
मैच की बात करें, तो गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स को एक रन से मात देते हुए आईपीएल 2026 में अपनी पहली जीत हासिल की। मुकाबले में पहले बल्लेबाजी करते हुए गुजरात की टीम ने 20 ओवर में 4 विकेट पर 210 रन बनाए थे। जवाब में 211 रन का पीछा करते हुए दिल्ली की टीम 8 विकेट पर 209 रन ही बना सकी। आखिरी ओवर में टीम को 13 रन चाहिए थे, लेकिन टीम 11 रन ही बना पाई। गुजरात टाइटंस का अब अगला मैच लखनऊ सुपर जायंट्स से रविवार यानी 12 अप्रैल को होगा।